रायपुर
शनिवार 25 अप्रैल 2026
बैशाख शुक्ल पक्ष नवमी
वर्ष : 24, अंक : 274
पृष्ठ : 12+4+4 =20, मूल्य : 5 .00**

मौसम
अधि. 43.40
न्यून. 25.90

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# विधानसभा के विशेष सत्र पर गरमाई सियासत, मप्र में भी सत्र लेकिन निंदा का जिक्र नहीं

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा में 30 अप्रैल को होने वाले विशेष सत्र को लेकर राज्य की सियासत गरमाई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि इस सत्र में निंदा प्रस्ताव पारित किया जाना है, दूसरी ओर नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत ने सवाल किया है कि कैसे निंदा प्रस्ताव ला सकते हैं। दूसरी ओर मप्र में 27 अप्रैल को विशेष सत्र रखा गया है, लेकिन यहां होने वाली कार्यवाही में निंदा प्रस्ताव जैसे किसी शब्द का जिक्र ही नहीं है। छत्तीसगढ़ विधानसभा के विशेष सत्र को लेकर सत्ताधारी भाजपा द्वारा शुरू से कहा जा रहा है कि इस सत्र में निंदा प्रस्ताव लाया जाएगा, लेकिन विधानसभा की ओर से जारी की गई अधिसूचना में कहा गया है कि शासकीय कार्य के लिए यह सत्र बुलाया गया है। अब सवाल ये उठ रहा है कि शासकीय कार्य क्या है। इस मामले को लेकर विपक्ष भी सवाल उठा रहा है, लेकिन इसी तरह का सत्र मप्र विधानसभा में भी लाया जा रहा है, वहां की कार्य सूची में भी निंदा प्रस्ताव जैसी कोई बात नहीं है। कहा गया है कि इस बैठक में नारी शक्ति वंदन- महिलाओं के सर्वांगीण विकास एवं ▶▶| शेष पेज 7 पर

### सीएम साय ने कही ये बात

जिस प्रकार हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी देश के विकास में माताओं-बहनों को 33 प्रतिशत नेतृत्व 2029 से सुनिश्चित करना चाहते थे, उसके लिए संसद में जो विधेयक लाया गया था, उसे पारित कराने में इंडी गठबंधन ने साथ नहीं दिया और 70 करोड़ महिलाओं के साथ अन्याय किया। इसके विरोध में निंदा प्रस्ताव पारित किया जाना है। इस हेतु 30 अप्रैल को विधानसभा का विशेष सत्र आहूत किया गया है।



इधर

### महंत ने कहा- ये चिंता की बात



विशेष सत्र को लेकर नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा- महामहिम का आमंत्रण पत्र आया है जाना ही पड़ेगा। चिंता इस बात की है कि मुख्यमंत्री ने कहा था निंदा प्रस्ताव लाएंगे। तो कैसे ला सकते हैं निंदा प्रस्ताव,,, क्या होता है कैसे लायेंगे। पता नहीं किस अनुभवहीन सलाहकार ने उन्हें इस बात की सलाह दी है। आखिर निंदा प्रस्ताव आप कैसे लेंगे लोकसभा की कार्रवाही के खिलाफ? क्या उसे सदन में हुई चीजों को यहां चर्चा किए जाएंगे ? समझ से बाहर है। बाकी सदन की चर्चा में भाग लेंगे जवाब भी देंगे।

### महंत को किरण सिंहदेव ने दिया ये जवाब



नेता प्रतिपक्ष के सवाल पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने कहा- नेता प्रतिपक्ष को इसकी चिंता नहीं करनी चाहिए। कांग्रेसी नहीं चाहती कि महिलाओं को कोई लाभ हो। कांग्रेस नहीं चाहती महिलाओं का आक्रोश बाहर आए। हम विधानसभा के विशेष सत्र में इस पर चर्चा करेंगे।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1163 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पेटीएम पेमेंट्स बैंक का लाइसेंस रद्द



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि उसने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को जारी किया गया बैंकिंग लाइसेंस रद्द कर दिया है। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि लाइसेंस इसलिए रद्द किया गया क्योंकि बैंक के मामले इस तरह से संचालित किए जा रहे थे, जो बैंक और उसके जमाकर्ताओं के हित के लिए हानिकारक थे। आरबीआई ने कहा, बैंक के प्रबंधन का सामान्य चरित्र जमाकर्ताओं के हित के साथ ही सार्वजनिक हित के लिए भी प्रतिकूल है।

# आप में बड़ी फूट, चड्ढा समेत सात सांसद अब भाजपा के साथ, संजय बोले- ऑपरेशन लोटस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) को शुक्रवार को तब बड़ा झटका लगा जब राघव चड्ढा, संदीप पाठक और अशोक मित्तल सहित इसके सात राज्यसभा सदस्यों ने पार्टी छोड़ दी। चड्ढा ने पाठक और मित्तल के साथ संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्यों में से दो-तिहाई ने पार्टी छोड़ दी है और वे एक गुट के रूप में भाजपा में शामिल होंगे। चड्ढा ने कहा कि पार्टी सांसद हरभजन सिंह और स्वाति मालीवाल भी आप छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, आप, जिसे मैंने अपने खून-पसीने से सींचा और जिसे मैंने अपनी जवानी के 15 साल दिए, वह अपने सिद्धांतों, मूल्यों और मूल नैतिक मूल्यों से पूरी तरह भटक गई है। हाल ही में चड्ढा को राज्यसभा ▶▶| शेष पेज 7 पर

■ राघव का दावा- साथ में हैं, 10 में आप के सात सांसद

*आम आदमी पार्टी को शुक्रवार जोर का सियासी झटका लगा है। सांसद राघव चड्ढा, अशोक मित्तल और संदीप पाठक एक साथ आप से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल होने का ऐलान किया है। भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन ने राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा, संदीप पाठक और अशोक मित्तल को शुक्रवार शाम को भाजपा कार्यालय में पार्टी की सदस्यता दिलाई। उधर, आप सांसद संजय सिंह ने इसे ऑपरेशन लोटस करार दिया है। वहीं, संयोजक अरविंद केजरीवाल का आरोप है कि भाजपा ने पंजाबियों के साथ धोखा किया है।*

### अशोक मित्तल का नाम सबसे चौंकाने वाला

पार्टी छोड़ने वालों में चौंकाने वाला नाम राज्यसभा सांसद अशोक मित्तल का है। मित्तल को आप ने हाल ही में राघव चड्ढा को हटाकर राज्यसभा में उपनेता बनाया था। वहीं, दिल्ली की सत्ता से बाहर होने के बाद जब अरविंद केजरीवाल ने सरकारी आवास छोड़ा था, तब से वह अशोक मित्तल के फिरोज शाह कोटला स्थित सरकारी आवास पर रह रहे थे। केजरीवाल ने शुक्रवार सुबह ही जानकारी दी थी कि उनको अब आप के अध्यक्ष के तौर पर दिल्ली में सरकारी आवास मिल गया है।

**बागियों से राज्यसभा में बदलेगा समीकरण, 113 पहुंचा आंकड़ा**



### भाजपा अध्यक्ष ने खिलाई मिठाई

राघव चड्ढा समेत तीनों सांसद भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात की। नबीन ने मिठाई खिलाकर सभी का स्वागत किया।

### किस-किस ने छोड़ा आप का साथ

सांसद राघव चड्ढा, अशोक मित्तल और संदीप पाठक, हरभजन सिंह, राजिंदर गुप्ता, विक्रमजीत सिंह साहनी और स्वाति मालीवाल ने आप को अलविदा कह दिया। मीडिया के एक सवाल पर राघव चड्ढा ने कहा कि राज्यसभा में आप के 10 सांसद हैं। इनमें से दो-तिहाई से ज्यादा हमारे साथ हैं। उन्होंने हस्ताक्षर कर दिए हैं और सुबह हमने हस्ताक्षरित पत्र और दस्तावेज राज्य सभा के सभापति को सौंप दिए। इनमें से तीन यहां आपके सामने मौजूद हैं।

### इधर, केजरीवाल बोले- भाजपा ने पंजाबियों को दिया धोखा



वहीं पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी इस घटनाक्रम पर अपनी प्रतिक्रिया दी और सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि बीजेपी ने फिर से पंजाबियों के साथ किया धोखा किया। आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि पंजाब की सरकार बच्चों की शिक्षा के लिए काम कर रही है। बेहतरीन काम करने वाली आम आदमी पार्टी को भाजपा, नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने तोड़ने और धोखा देने का काम किया है।

**राज्यसभा में 73 सांसदों ने दिया नोटिस**

# चुनाव आयुक्त को हटाने फिर अविश्वास प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग को लेकर विपक्ष ने एक बार फिर मोर्चा खोल दिया है।



शुक्रवार को राज्यसभा के करीब 73 विपक्षी सांसदों ने उनके खिलाफ नया प्रस्ताव पेश किया है। सूत्रों के मुताबिक यह कदम तमिलनाडु विधानसभा के 234 सीटों के चुनाव और पश्चिम बंगाल में पहले चरण की वोटिंग के बाद उठाया गया है।

### पहले भी लाया जा चुका है प्रस्ताव

बता दें कि इससे पहले 12 मार्च को 63 राज्यसभा सांसदों और 130 लोकसभा सांसदों ने भी ज्ञानेश कुमार को हटाने का प्रस्ताव दिया था। हालांकि 6 अप्रैल को राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सबूतों की कमी बताते हुए इन प्रस्तावों को खारिज कर दिया था।

### जांच के लिए बनाएं तीन सदस्यीय कमेटी

विपक्षी सांसदों ने मांग की है कि मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी बनाई जाए, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के एक मौजूदा जज, किसी हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और अन्य न्यायिक सदस्य शामिल हों। यह कमेटी अपनी रिपोर्ट राज्यसभा के सभापति को सौंपे। सांसदों ने यह भी मांग की है कि जब तक जांच पूरी न हो, तब तक ज्ञानेश कुमार चुनाव से जुड़े सभी कार्यों से खुद को अलग रखें।



*विस चुनाव के तहत पश्चिम बंगाल में 92 तो तमिलनाडु में 85 फीसदी से ज्यादा हुआ है मतदान*

# ज्यादा मतदान का मतलब सरकार बदलना है या कुछ और भी? क्या कहती है बंगाल, तमिलनाडु में ऐतिहासिक वोटिंग?

*पश्चिम बंगाल में पहले चरण और तमिलनाडु चुनाव में ऐतिहासिक वोटिंग हुई है। पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण का मतदान 29 अप्रैल को है। रिजल्ट 4 मई को आएंगे। पर ये बंपर वोटिंग कहती क्या है? क्या संकेत दे रही है? क्या भारत की चुनावी प्रक्रिया में ये नया बदलाव है? कभी 50-55 प्रतिशत वोटिंग में सरकारें बन जाया करती थीं और आज पश्चिम बंगाल में 92 फीसदी से ज्यादा मतदान हुआ है। आखिर वजह क्या है? क्या लोग वोट के प्रति ज्यादा जागरूक हो गए हैं या वजह कुछ और है?*

## बंगाल में दूसरे चरण का मतदान 29 अप्रैल को है, 4 मई को होगी मतगणना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण की बंपर वोटिंग (92.88) ने इतिहास रच दिया है। देश की आजादी के बाद पहली बार इतनी वोटिंग हुई है। विशेषज्ञों का मानना है हर बार ज्यादा वोटिंग सरकार बदलने का इशारा नहीं माना जा सकता है। ऐसे में यह जानना दिलचस्प होगा बंगाल के पिछले चुनावों में क्या ट्रेंड रहा है। बंगाल में 2001 विधानसभा चुनाव में 75.3 प्रतिशत मतदान हुआ है। 2001 पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में 199 सीटों वाली लेफ्ट फ्रंट की सरकार बनी थी। ये उसकी लगातार छठी बार जीत थी। फिर 2011 में 84.3 प्रतिशत मतदान हुआ। 2011 पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सरकार बनी थी। ये लेफ्ट फ्रंट के 34 साल के शासन का अंत था। सरकार यूपीए की बनी थी और उसने कुल 226 सीटें जीती थीं। ममता बनर्जी पहली बार मुख्यमंत्री बनीं। लेफ्ट फ्रंट को 136 सीटों का नुकसान हुआ था।



### 2016 में पूर्ण बहुमत

2016 पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने लगातार दूसरी बार पूर्ण बहुमत से सरकार बनाई। ममता बनर्जी फिर मुख्यमंत्री बनीं। टीएमसी को कुल 211 सीटें आईं और 44.91% वोट शेयर रहा। विपक्ष को कुल 77 सीटें मिलीं। 2021 में 81.6 प्रतिशत मतदान हुआ। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत से सरकार बनाई। ममता बनर्जी फिर मुख्यमंत्री बनीं। टीएमसी को कुल 215 सीटें मिलीं और 48.02% वोट शेयर मिला। विपक्ष को कुल 78 सीटें मिलीं। भाजपा को 77 सीटें मिली। कांग्रेस और लेफ्ट फ्रंट को एक भी सीट नहीं मिली। ममता बनर्जी खुद नंदीग्राम से चुनाव हार गई थीं, लेकिन बाद में भवानीपुर उपचुनाव जीतकर मुख्यमंत्री बनी रहीं। 2026 में 92.6 प्रतिशत मतदान पहले चरण में हुआ है। जाहिर है ज्यादा मतदान का मतलब सरकार बदलना ही नहीं होता, पर इतना ज्यादा मतदान जरूर इशारा करता है कि वोटर ने मन बनाकर वोट किया है।

### क्या कह रहे आंकड़े

ये आंकड़े सरकार बनने या बदलने से ज्यादा इस बात का संकेत दे रहे हैं कि भारत की चुनावी प्रक्रिया में समय के साथ तेजी से सुधार हो रहा है। कभी 50-55 फीसदी मतदान को अच्छा मतदान माना जाता था, लेकिन अब 90 फीसदी से भी ज्यादा मतदान हो रहा है। एसआईआर के जरिए चुनाव आयोग ने मर चुके वोटरों, एक ही वोटर के कई राज्यों में बने वोटर कार्ड और दूसरे देशों से आकर फर्जी तरीके से वोटर कार्ड बनवाने पर नकेल कस दी। नतीजा ये हुआ कि जो जहां रह रहा है, उसका वोटर कार्ड अब वहीं का है। यही कारण है कि मतदान का प्रतिशत अब बढ़ा हुआ नजर आ रहा है।

### तमिलनाडु चुनाव का गणित

तमिलनाडु में भी ऐसा ही कुछ हुआ है। 2001 विधानसभा में 59.1 प्रतिशत मतदान हुआ। 2011 में 78.0 प्रतिशत मतदान हुआ। 2021 में 72.7 प्रतिशत मतदान हुआ। 2001 में एआईडीएमके गठबंधन की सरकार बनी। मुख्यमंत्री जे. जयललिता और फिर ओ. पन्नीरसेल्वम बने। एआईडीएमके गठबंधन को 196 सीटें मिलीं। अकेले एआईडीएमके को 132 सीटें मिलीं।

फिर 2011 चुनाव में भी एआईडीएमके की सरकार बनी। मुख्यमंत्री जे. जयललिता बनीं। एआईडीएमके गठबंधन ने बहुमत हासिल किया। 2016 में भी एआईडीएमके 136 सीटों के साथ सत्ता में लौटी थी। 2021 में डीएमके गठबंधन (एसपीए) की सरकार बनी। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन बने। डीएमके गठबंधन को 159 सीटें मिलीं। अकेले डीएमके को 133 सीटें मिलीं। एआईडीएमके का 10 साल का शासन खत्म हुआ। अब 2026 में 85.1 प्रतिशत मतदान हुआ है। ये आंकड़े भी बताते हैं कि जरूरी नहीं कि ज्यादा मतदान का मतलब सरकार बदल रही है। हां, चांसेज इसी के ज्यादा होते हैं।

## हुगली में नौका विहार का आनंद लेते नजर आए

# दमदम की रैली में टीएमसी पर जमकर बरसे पीएम मोदी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल के दमदम में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा बंगाल में परिवर्तन की जो लहर दिख रही थी, कल पहले चरण के मतदान ने उस पर मुहर लगा दी है। कल भाजपा के पक्ष में जो समर्थन दिखा है, उसने भाजपा की विजय का शंखनाद कर दिया है। बंगाल का गौरव फिर से लौटाने के लिए, बंगाल को फिर से अवसरों की भूमि बनाने के लिए तृणमूल कांग्रेस के भय, भ्रष्टाचार, सिंडिकेट, पलायन, बेरोजगारी और बेकारी और घुसपैठियों, बेटियों पर अत्याचार से आजादी बहुत जरूरी है। पीएम नरेंद्र मोदी शुक्रवार सुबह कोलकाता में हुगली में नौका विहार का आनंद लेते नजर आए। पीएम नरेंद्र मोदी ने हुगली तट पर नाविकों और आम लोगों से भी मुलाकात की। इसके बाद दोपहर में उन्होंने दमदम और जाधवपुर में जनसभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने टीएमसी पर तगड़ा हमला करते हुए कहा बंगाल में टीएमसी ने लोकतंत्र के मंदिर को कुचल दिया था।



### 110 से ज्यादा सीटें हम जीत रहे'



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि पश्चिम बंगाल में पहले चरण की बंपर वोटिंग के बाद बीजेपी 152 में से 110 से ज्यादा सीटें जीत रही है। उन्होंने दावा किया कि इस बार पश्चिम बंगाल में परिवर्तन के लिए वोट डाला गया है। उनके अनुसार मतदाताओं ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं और बीजेपी के प्रति अपना विश्वास जताया है। शाह ने कहा, 'बंगाल में जो बंपर वोटिंग हुई है, ये परिवर्तन का वोट पड़ा है। स्पष्ट दिख रहा है कि बंगाल की जनता की बदलाव के लिए भारी मतदान किया है।'

### ममता ने मोदी सरकार पर साधा निशाना



**हावड़ा।** तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्र पर राज्य के दो लाख करोड़ रुपये रोकने का आरोप लगाया है। शुक्रवार को हावड़ा की चुनाव रैली में ममता ने कहा कि उनके नेतृत्व में राज्य सुरक्षित हाथों में है और भाजपा को अपना ध्यान मणिपुर तथा नोएडा पर केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि भाजपा पिछले चुनाव के मुकाबले आधी से भी कम सीटें हासिल करेगी। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने हावड़ा के जगतबल्लभपुर में एक रैली में भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर हमला बोला।

---

ईरान के नए सुप्रीम लीडर को लेकर **खुलासा**

# मुजतबा का चेहरा बुरी तरह जला करानी होगी प्लास्टिक सर्जरी

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिकी हमले में ईरान के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई गंभीर रूप से जख्मी हैं। उनका चेहरा इस हद तक जला हुआ है कि उन्हें प्लास्टिक सर्जरी की जरूरत पड़ेगी। मुजतबा खामेनेई देश चलाने के लिए इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गाड्र्स कॉर्प्स के जनरलों की सलाह पर पूरी तरह निर्भर हैं। ये सभी मिलकर फैसले लेते हैं। यह सब दावा द न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में किया गया है। इसके अनुसार ईरान के पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद के करीबी सहयोगी रह चुके अब्दोलरेजा दावरी ने कहा है कि मुजतबा देश को ऐसे चला रहे हैं, जैसे वह बोर्ड के डायरेक्टर हों। वह बोर्ड के सदस्यों की सलाह और मार्गदर्शन पर बहुत ज्यादा निर्भर हैं, और सभी फैसले मिलकर लिए जाते हैं। ये जनरल ही बोर्ड के सदस्य हैं।



### यह बताया गया रिपोर्ट में

रिपोर्ट में कहा गया है कि भले ही सुप्रीम लीडर 'गंभीर रूप से घायल' हैं, लेकिन उनका दिमाग पूरी तरह से ठीक है और वह स्थिति को समझ रहे हैं। उनकी एक टांग का तीन बार ऑपरेशन हुआ है और अब उन्हें कृत्रिम टांग (प्रोस्थेटिक) का इस्तेमाल करना होगा। उनके हाथ का भी ऑपरेशन हुआ है और वह धीरे-धीरे ठीक हो रहा है। उनका चेहरा और होंठ बुरी तरह जल गए हैं, जिससे उन्हें बोलने में दिक्कत होती है।

### फरवरी में हुई थी पिता अयातुल्लाह की मौत

28 फरवरी को अमेरिका-इजरायल के हमलों में उनके पिता और पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत के बाद से मुजतबा सामने नहीं आए हैं। वह हमले में घायल तो हुए, लेकिन बच गए। हालांकि उनकी पत्नी और बेटे की बमबारी में मौत हो गई। अभी उनसे मिलना बहुत सीमित है। सिर्फ डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ ही उनका इलाज कर रहे हैं। इजरायल की नजर से बचने और संभावित हमलों से बचाव के लिए, ईरान के बड़े सैन्य और राजनीतिक नेता अब उनसे मिलने नहीं जा रहे हैं। उनका इलाज फिलहाल स्वास्थ्य मंत्री और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन की देखरेख में हो रहा है, जो खुद एक हार्ट सर्जन हैं।

# खेड़ा को झटका, अग्रिम जमानत याचिका खारिज

एजेंसी ▶▶| गुवाहटी

गुवाहाटी हाई कोर्ट ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया। उनके खिलाफ हाल ही में गुवाहाटी में असम पुलिस की क्राइम ब्रांच द्वारा मामला दर्ज किया गया था। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस पार्थिवज्योति सैकिया ने पवन खेड़ा की जमानत याचिका पर फैसला 21 अप्रैल को सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज कर दी। इसमें कहा गया कि मामले की जांच के लिए खेड़ा से हिरासत में पूछताछ करना आवश्यक था। हाई कोर्ट ने आगे कहा, 'इस मामले में ऐसा कोई सबूत नहीं है जिससे यह पता चले कि याचिकाकर्ता के खिलाफ लगाए गए आरोप उसे गिरफ्तार करवाकर उसे चोट पहुंचाने और अपमानित करने के इरादे से लगाए गए हैं।'

## रिनिकी भुइयां पासपोर्ट विवाद



### यह है मामला

खेड़ा के खिलाफ हाल ही में मानहानि, जालसाजी और आपराधिक साजिश के आरोप में एक आपराधिक मामला दर्ज किया गया था। यह मामला उनके हालिया दावों के बाद दर्ज किया गया था कि असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां के पास कई विदेशी पासपोर्ट और विदेशों में अघोषित संपत्तियां हैं। असम पुलिस ने 7 अप्रैल को दिल्ली स्थित खेड़ा के आवास का दौरा किया था, लेकिन वह वहां मौजूद नहीं थे। बाद में खेड़ा ने तेलंगाना हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की। हाई कोर्ट ने उन्हें 10 अप्रैल को एक सप्ताह की राहत दी थी ताकि वे असम की अदालतों में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर कर सकें।






## 'लॉरेंस ऑफ पंजाब' वेब सीरीज पर केंद्र की रोक

**नई दिल्ली।** गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के जीवन और उससे जुड़े घटनाक्रमों पर आधारित वेब सीरीज 'लॉरेंस ऑफ पंजाब' पर केंद्र सरकार ने रोक लगा दी है। इसको लेकर पंजाब पुलिस ने केंद्र को पत्र लिख राज्य का माहौल खराब होने का हवाला देकर रोक की मांग की थी। दूसरी तरफ लॉरेंस के परिवार ने भी इस सीरीज का विरोध किया था। लॉरेंस बिश्नोई के परिवार ने इस सीरीज के कंटेंट, इसके निर्माण की प्रक्रिया और रिलीज होने के समय पर सवाल खड़े किए थे। वेब सीरीज बनाने के लिए न तो परिवार से परमिशन ली गई है और न ही सरकार से।

## मिलावटी चाय : 30 टन नकली पाउडर जब्त, 10 गिरफ्तार

**हैदराबाद।** हैदराबाद में मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए हैदराबाद फूड एडाल्टरेशन सर्विलांस टीम (एच-फास्ट) ने शुक्रवार को 15 अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर करीब 3000 किलोग्राम मिलावटी चायपत्ति जब्त किया। इस मामले में 10 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। एच-फास्ट के प्रभारी डीसीपी गायकवाड़ वैभव रघुनाथ ने बताया कि टीम को सूचना मिली थी कि शहर के कई गोदामों में बड़े पैमाने पर चायपत्ति में मिलावट की जा रही है। पुख्ता जानकारी जुटाने के बाद इन ठिकानों पर छापे मारे गए।




हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

छत्तीसगढ़ में जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण घरों तक पीने का शुद्ध पानी पहुंचाने के लिए हजारों करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। आदिवासी बहुल जिला गरियाबंद में भी हालत और जिलों की तरह दुरुस्त नहीं है। पहाड़-जंगल वाले इस जिले में 2019 से लेकर अब तक 750 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं जबकि यहां के साढ़े 650 गांवों में से करीब दो सौ गांवों तक नल पहुंचाना बाकी है। वैसे दावा तो एक-तिहाई घरों तक पानी पहुंचाने का किया जाता है, लेकिन जहां पानी नहीं पहुंचा, उसके लिए ज्यादातर जगहों पर विभागीय लापरवाही सामने आई है। उदाहरण के लिए गरियाबंद जिले के छुरा ब्लाक के भरुवामुड़ा पंचायत में करीब एक करोड़ रुपए खर्च करने के बाद टंकियां शोपीस बनकर रह गई हैं। इसी तरह राजिम तहसील का एक गांव है रवेली, जहां 4 साल से टंकी तैयार है, लेकिन एक बोर फेल हुआ तो फिर दोबारा विभागीय अधिकारियों ने सुध नहीं ली।

## पहाड़-जंगल के गांवों में पानी पहुंचाने 750 करोड़ खर्च, फिर भी 200 गांव प्यासे, नल ही नहीं पहुंचा




# करोड़ों खर्च, फिर भी प्यासे गांव : जल जीवन मिशन की जमीनी हकीकत उजागर

*केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना के तहत गांव-गांव में पानी टंकी निर्माण, पाइपलाइन विस्तार और घर-घर नल कनेक्शन के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए गए हैं। लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आ रही है।*

## टंकी बनी पर बोर फेल, चार साल में कोई झांकने न आया

उत्कर्ष शर्मा ▶▶| राजिम

खास खबर

राजिम तहसील का गाँव रवेली इन दिनों भीषण पेयजल संकट से जूझ रहा है। लगभग 1400 की आबादी वाले इस गाँव में करीब 4 साल पहले टंकी बनाई गई थी। ताकि घर-घर पानी की सप्लाई हो सके। इसके लिए पाइप लाइन बिछाकर घरों में कनेक्शन दिए भी गए। इस पूरी योजना में 70 - 80 लाख रुपए खर्च हुए। लेकिन आज ▶▶|शेष पेज 7 पर

### पीएचई के अफसर झांकने तक नहीं आए

सरपंच लोमस राम ध्रुव ने आरोप लगाया कि इस गंभीर समस्या के बावजूद आज तक पीएचई विभाग का कोई भी अधिकारी गाँव का हाल जानने नहीं पहुँचा। न ही खराब बोरिंग को सुधारने और नई व्यवस्था करने की दिशा में कोई ठोस पहल की। रवेली की यह सूखी टंकी केवल एक गाँव की कहानी नहीं, बल्कि उन योजनाओं की हकीकत है जो कागजों में पूरी हो जाती हैं, लेकिन जमीन पर दम तोड़ देती है।



परमेश्वर यादव ▶▶| रसेला (गरियाबंद)

*क्षेत्र के कई गांवों में आज भी लोग पीने के पानी के लिए जूझ रहे हैं। योजना के तहत किए गए कार्य अधूरे पड़े हैं और जहां निर्माण पूरा भी हुआ है, वहां पानी सप्लाई शुरू नहीं हो पाई है। न तो ठेकेदारों का कोई अता-पता है और न ही संबंधित विभागीय अधिकारी इस गंभीर समस्या पर ध्यान दे रहे हैं। आधे से अधिक आदिवासी आबादी वाले गरियाबंद जिले के छुरा ब्लाक के ग्राम पंचायत भरूवामुड़ा की बात करें तो यहां के हीराबतर, जटियातोरा, पंडरीपानी और भरूवामुड़ा गांवों में जल जीवन मिशन के* ▶▶|शेष पेज 7 पर



आनंद का सच्चा भाव

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट (75.00%) | ₹103903/- |
| 22 कैरेट रेट (91.60%) | ₹126900/- |
| 24 कैरेट रेट (99.99%) | ₹138523/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
*Conditions apply
aNaND Jewels
Pandri, Raipur

## कांग्रेस नेता के घर में घुसकर ताबड़तोड़ फायरिंग, बड़े बेटे की मौत, छोटा जख्मी

### सक्ती के करही गांव में आधी रात वारदात, युवकों के पिता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष हैं

*सक्ती जिले के जैजैपुर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम करही में कांग्रेस नेता के घर में घुसकर तीन नकाबपोश बदमाशों ने दो भाइयों पर गोली चला दी। इस वारदात में बड़े भाई की मौत हो गई, वहीं घायल छोटे भाई को जिला अस्पताल जांजगीर में भर्ती कराया गया है। बड़े भाई के सिर और सीने में गोली लगी, छोटे भाई के हाथ और गले में गोली लगी है। मौके पर तीन राउंड फायरिंग की बात सामने आ रही है। घटना की सूचना मिलते ही जांजगीर-चांपा और सक्ती के एसपी मौके पर पहुंचे। पुलिस का पूरा अमला जांच में जुटा हुआ है। घटना को लेकर लोगों में आक्रोश है। कांग्रेस ने बिर्रा चौक पर पर धरना दिया।*

बिर्रा चौक पर कांग्रेस ने दिया धरना

रेत कारोबार को लेकर रंजिश की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिर्रा/सक्ती

बर्रा थाना क्षेत्र के करही गांव निवासी समेलाल कश्यप के पुत्र आयुष और आशुतोष रेत का कारोबार करते थे। उनके पास हाईवा और जेसीबी मशीनें भी थीं, साथ ही ट्रेडिंग का भी व्यवसाय था। गुरुवार 23 अप्रैल की रात दोनों भाई और बड़ी बहन घर के ऊपरी कमरे में सो रहे थे, जबकि माता-पिता दूसरे कमरे में थे।

रात करीब 12:30 बजे नकाबपोश बदमाश घर में घुसे और माता-पिता के कमरे को बाहर से बंद कर दिया। इसके बाद उन्होंने आयुष और आशुतोष के कमरे का दरवाजा खटखटाया। दरवाजा खोलते ही बदमाशों ने ▶▶|शेष पेज 7 पर




मृतक- आयुष

### निशाने पर था आयुष

प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आ रही है कि बदमाशों ने बड़े भाई आयुष कश्यप को निशाना बनाकर हमला किया। परिजनों ने इस वारदात के पीछे रेत कारोबार को कारण बताया है, जबकि पुलिस आर्थिक लेन-देन के पहलू से भी जांच कर रही है।

### रेत कारोबार बना कारण

मृतक आयुष के पिता एवं आयुष ट्रेडर्स करही के संचालक समेलाल कश्यप का कहना है कि रेत कारोबार के चलते यह हत्या हुई है। उनका 19 वर्षीय बेटा आयुष रेत के काम में सक्रिय था और हाल ही में उसने हाईवा और जेसीबी मशीनें खरीदी थीं। समेलाल ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष हैं।

### बहन बोली- पहले भी आए थे तीन युवक

*मृतक की बहन और प्रत्यक्षदर्शी प्रेरणा कश्यप ने बताया कि तीन नकाबपोश युवक घर में घुसे और सबसे पहले आयुष को गोली मारी, इसके बाद छोटे भाई आशुतोष पर फायरिंग की। वारदात के बाद आरोपी मोबाइल और कुछ नकदी भी लेकर भाग गए। उन्होंने यह भी बताया कि करीब एक सप्ताह पहले तीन युवक उनके घर आए थे और आयुष के बारे में पूछताछ कर रहे थे।*

पंडरी थाना क्षेत्र में दोपहर एक बजे की घटना

## एसी में ब्लास्ट, अपार्टमेंट में लगी आग, मची अफरा-तफरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंडरी थाना क्षेत्र के दलदल सिवनी में एसी ब्लास्ट से अपार्टमेंट के एक फ्लैट में आ लग गई। महिला को बचाते एक युवक घायल हो गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने मौके पर पंडरी थाने की पुलिस पहुंची हुई थी।

- एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका

आग लगने की घटना क्रॉसविंड अपार्टमेंट की है। बताया जा रहा है, अपार्टमेंट के तीसरे माले के फ्लैट में मनीष अग्रवाल तथा उसके परिजन किराए पर रहते हैं। दोपहर एक बजे अपार्टमेंट में ▶▶|शेष पेज 7 पर

### महिला रिश्तेदार को बचाते युवक घायल

आग लगने पर एक महिला कमरे के अंदर फंसी रह गई थी। इसकी जानकारी मिलने पर मनीष ने कमरे की खिड़की का शीशा तोड़ कर कमरे के अंदर प्रवेश किया। पैर से शीशा तोड़ने की वजह से मनीष चोटिल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। शार्ट सर्किट की वजह से एसी में ब्लास्ट होने की आशंका जताई जा रही है।

सुप्रीम कोर्ट का फैसला

## 28 हफ्ते का गर्भ, नाबालिग को गर्भपात की दी इजाजत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को 15 वर्षीय लड़की को सात महीने से अधिक की गर्भावस्था का चिकित्सीय समापन कराने की अनुमति देते हुए कहा कि कोई भी अदालत किसी महिला, विशेषकर नाबालिग को उसकी इच्छा के विरुद्ध गर्भावस्था पूरी अवधि तक जारी रखने के लिए बाध्य नहीं कर सकती। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि जन्म लेने वाले बच्चे की अपेक्षा गर्भवती महिला की इच्छा अधिक महत्वपूर्ण है। कोर्ट ने जोर देकर ▶▶|शेष पेज 7 पर

### महिला की इच्छा महत्वपूर्ण

कोर्ट ने कहा, किसी भी अदालत को किसी महिला और विशेष रूप से नाबालिग बच्ची को उसकी स्पष्ट इच्छा के विरुद्ध गर्भावस्था पूरी अवधि तक ढोने के लिए बाध्य नहीं करना चाहिए। ऐसा करना न केवल उसकी निर्णय लेने की स्वतंत्रता की अनदेखी होगी, बल्कि यदि उसे बच्चे को जन्म देने के लिए मजबूर किया जाए तो उसे गंभीर मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक आघात भी पहुंचेगा।

### कोर्ट वहीं करेगा जो महिला के हित में बेहतर होगा

कोर्ट ने कहा कि अगर अदालतें अनचाही गर्भावस्था को जारी रखने पर जोर देंगी, तो महिलाएं अवैध अबॉर्शन सेंटर्स का सहारा लेने या छिपकर गर्भपात कराने को मजबूर हो सकती हैं। इससे उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा बढ़ जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने जोर देकर कहा कि ऐसे मामलों में संवैधानिक अदालतों को यह देखना चाहिए कि गर्भवती महिला के हित में क्या बेहतर है, खासकर तब जब गर्भ स्पष्ट रूप से अनचाहा हो।

जंग के बीच सुरक्षित क्षेत्र में भेजा गया जहाज

## ईरान की हिरासत में मौजूद भारतीय नाविक महफूज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी भारी तनाव के बीच भारत के लिए राहत भरी खबर आई है। हिरासत में लिए विदेशी मालवाहक जहाज पर सवार भारतीय नाविक पूरी तरह सुरक्षित है। सूत्रों ने बताया कि जहाज को अब ईरान के सुरक्षित ठिकाने पर ले जाया गया है। इस संकट की शुरुआत 22 अप्रैल को हुई थी। ईरान ने खाड़ी क्षेत्र से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे दो विदेशी कंटेनर जहाजों को अपने कब्जे में ले लिया था। इसके अलावा, एक तीसरे जहाज पर ईरानी सेना की ओर से फायरिंग की भी खबर मिली। बताया जा रहा है कि ईरान ने अमेरिका की ओर से ईरानी बंदरगाहों की नौसैनिक नाकाबंदी के विरोध में यह कदम उठाया। ईरानी सैनिकों ने समुद्र के बीच में ही कंटेनर जहाज फ्रांसेस्का और एपापिनोंडास पर धावा बोला। आंकड़ों के ▶▶|शेष पेज 7 पर



### ईरान के विदेश मंत्री पहुंचे पाक आज आएंगे अमेरिकी दूत

**इस्लामाबाद।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची अमेरिका के साथ वार्ता के दूसरे दौर के सिलसिले में शुक्रवार देर रात इस्लामाबाद पहुंचे। अराघची के साथ एक प्रतिनिधिमंडल भी है, जिसमें सरकारी प्रवक्ता इस्माइल बुकाई भी शामिल हैं। व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को घोषणा की कि युद्ध को समाप्त करने के प्रयासों के तहत अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर ईरानी प्रतिनिधिमंडल के साथ सीधी बातचीत के लिए शनिवार को पाकिस्तान जाएंगे। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल से उम्मीद की जा रही है कि वह 11 अप्रैल को उपराष्ट्रपति जडी वेंस के नेतृत्व में हुई वार्ता के क्रम को आगे बढ़ाए। हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लीविट ने 'फॉक्स न्यूज' से कहा, मैं इस बात की पुष्टि कर सकती हूं कि विशेष दूत विटॉफ और जेरेड कुशनर कल सुबह फिर से पाकिस्तान के लिए रवाना होंगे, जहां वे ईरानी प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत करेंगे।

सेंसेक्स 999.79 अंक गिरा

## शेयर बाजार फिर धड़ाम, तीन दिनों में डूबे 7.17 लाख करोड़

एजेंसी ▶▶| मुंबई

शेयर बाजार में तीन सत्र की गिरावट से निवेशकों की संपत्ति 7.17 लाख करोड़ रुपए कम हो गई। इस दौरान बीएसई सेंसेक्स तीन प्रतिशत से अधिक टूट गया। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव ने आपूर्ति बाधित होने की आशंकाओं को बढ़ा दिया है, जिससे कच्चे तेल की कीमतें बढ़ रही हैं। तीन सत्र में 30 शेयर वाला बीएसई सेंसेक्स 2,609.12 अंक या 3.29 प्रतिशत टूटा। सेंसेक्स शुक्रवार को 999.79 अंक या 1.29 प्रतिशत फिसलकर 76,664.21 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह 1,260.13 अंक या 1.62 प्रतिशत फिसलकर 76,403.87 तक चला गया था।



### इसलिए आई गिरावट

*कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और आईटी कंपनियों के शेयर में भारी बिकवाली से सेंसेक्स और निफ्टी में शुक्रवार को एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी, वैश्विक बाजारों में नकारात्मक रुख और होर्मुज जलडमरूमध्य में लगातार व्यवधान ने कारोबारियों के बीच निराशा को और बढ़ा दिया।*






# तेंदूपत्ता तोड़ा, ढुलाई की, कर्ज लेकर पढ़ाई, मजदूर की बेटी बनी समिति प्रबंधक



महेन्द्र विश्वकर्मा ▸▸| जगदलपुर

अलग खबर

वनवासियों के जीवन में तेंदूपत्ता संग्रहण केवल एक मौसमी काम नहीं, बल्कि आजीविका का बड़ा जरिया है। आदिवासी क्षेत्रों से कई ऐसी प्रेरणादायक कहानियां सामने आती हैं, जहां पारंपरिक काम से जुड़ी बेटियां उच्च पदों पर पहुंचकर आत्मनिर्भर बन रही हैं। ऐसी ही एक कहानी एक पिता और बेटी की मेहनत की है, जिन्होंने न केवल तेंदूपत्ता तोड़ा, बल्कि वन प्रबंधन समिति में अहम जिम्मेदारी संभाली। आदिवासी क्षेत्रों में पिता के साथ मिलकर बेटी ने शुरुआती दिनों में तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य किया, जिससे उन्हें संग्रहण के अनुभव का सीधा लाभ मिला। केशरपाल निवासी झिटकू राम कश्यप प्राथमिक लघु वनोपज समिति बनियागांव में फड़ मुंशी हैं। उसने अपनी बेटी दिव्या कश्यप के साथ तेंदूपत्ता का संग्रहण कर शिक्षित यानि स्नातक तक पढ़ाया और वे आज वनोपज समिति बनियागांव में प्रबंधक के रूप पदस्थ हुई हैं। यह सफलता की कहानी छत्तीसगढ़ के ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में महिलाओं के सशक्तीकरण और आत्मनिर्भरता का बेहतरीन उदाहरण है।

### क्या है वनोपज समिति ?

एक वनोपज समित में कुछ गांवों के समूह की भागीदारी रहती है, इनकी संख्या 4-5 से लेकर 8-10 हो सकती है। समिति एक तरह से प्राथमिक सहकारी समिति होती है, जो वन विभाग के देखरेख में काम करती है। समिति को 1संग्रहण के आधार पर लाभांश आदि दिया जाता है। समिति प्रबंधक के अलावा समिति में अन्य पदाधिकारी भी रहते हैं। समिति प्रबंधक का चयन योग्यता के आधार पर होता है। बनियागांव समिति में प्रबंधक के पद के लिए 22 आवेदनकर्ता थे, इनमें से दिव्या का चयन योग्यता के आधार पर हुआ है। प्रबंधक को हर महीने वेतन दिया जाता है।

### प्रबंधक बनने का सफर



दिव्या ने बताया कि शिक्षा और वन विभाग की योजनाओं के माध्यम से संग्रहण में सक्रिय महिलाओं, बेटियों को प्राथमिक लघु वनोपज समिति बनियागांव में प्रबंधक के रूप में काम करने का अवसर मिला। इस प्रकार की पहल ने बेटियों को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाया है। वन प्रबंधन समिति में प्रबंधक बनकर उन्होंने ग्रामीण अर्थव्यवस्था में भी योगदान दिया।

### बेटी ने सिर में तेंदूपत्ता को रखकर फड़ तक पहुंचाया

केशरपाल निवासी झिटकू राम ने बताया कि उसकी बेटी दिव्या तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए सुबह 5 बजे से जंगल में जाती थी। तेंदूपत्ता संग्रहण कर रोज सिर में गड्डी रखकर फड़ तक पहुंचाया करती थी। बेटी की पढ़ाई में फीस नहीं होने से उधार में रुपए लेकर भुगतान किया। बेटी ने 12 वीं कक्षा 49.8 प्रतिशत, स्नातक परीक्षा में 59 प्रतिशत अंक हासिल किया। इसके अलावा कम्प्यूटर में डीसीए की डिग्री ली। उसके बाद प्रबंधक के रूप में काम कर रही हैं।

## खबर संक्षेप

### पीआईएल के फर्नेश में रिसाव, ब्लॉस्ट की अफवाह से मचा हड़कंप

**चांपा।** कोटाडबरी स्थित प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड की भट्ठी में गर्म तरल धातु के रिसाव की घटना को लेकर सोशल मीडिया में फर्नेश ब्लास्ट की अफवाह 24 अप्रैल को सोशल मीडिया के माध्यम से फैली। सूचना पाकर एसडीएम पवन कोसमा और नगर निरीक्षक अशोक वैष्णव प्लांट पहुंचे। उन्होंने वस्तु स्थिति का जायजा लिया तो पता चला कि तरल धातु का भट्ठी के नीचे रिसाव हो रहा था। ब्लास्ट की घटना पूरी तरह से अफवाह है। इधर इस मामले में प्लांट के कारखाना प्रबंधक ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 24 अप्रेल को आईएफडी के शेड क्र. 5.8 टन में फर्नेश नं. ई/1 में दोपहर 12:35 बजे तरल धातु को ढलाई किया गया। मेल्टर द्वारा फर्नेश का अवलोकन करने के पश्चात 12:40 बजे के आसपास चार्जिंग किया गया। दोपहर 2:40 बजे के आसपास पुनः अवलोकन करने पर पाया गया कि भट्ठी के बॉटम साईड में तरल धातु अत्यधिक गर्म हो रही है तो उसे मेल्टर द्वारा फर्नेश से तरल धातु को पलटने का प्रयास किया गया। कोई जनहानि नहीं हुई है।

## पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य : खाद्य विभाग

# सरकार का दावा: प्रदेश में पेट्रोल डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

खास खबर

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने कहा है कि प्रदेश में पेट्रोल एवं डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध होने के साथ ही आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। किसी प्रकार की कमी की स्थिति नहीं है। गौरतलब है कि पश्चिम एशिया में उत्पन्न परिस्थितियों के मद्देनज़र राज्य सरकार लगातार भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के संपर्क में है, ताकि प्रदेश की ईंधन आवश्यकताओं की निर्बाध पूर्ति सुनिश्चित की जा सके।खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राज्य में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। आपूर्ति की साप्ताहिक समीक्षा नियमित रूप से की जा रही है, जिससे आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। शासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें।

### शिकायतों के निराकरण के लिए कॉल सेंटर

अधिकारियों ने कहा कि जमाखोरी और कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए सभी जिलों में आकस्मिक निरीक्षण एवं छापेमारी की कार्रवाई जारी है। राज्य स्तर से लेकर जिला स्तर तक नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं। आम नागरिकों की शिकायतों के निवारण के लिए विभागीय कॉल सेंटर (1800-233-3663) भी सक्रिय रूप से कार्यरत है।




### प्रदेश में 77,111 किली पेट्रोल और 84,295 किलोलीटर डीजल उपलब्ध

खाद्य विभाग के संचालक की अध्यक्षता में 23 अप्रैल को तीनों ऑयल कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में यह सामने आया कि कुछ औद्योगिक उपभोक्ता रिटेल आउटलेट से डीजल खरीद रहे हैं, जिससे अस्थायी दबाव की स्थिति बनती है। इस पर कंपनियों को निर्देशित किया गया है कि वे मांग के अनुरूप आपूर्ति सुनिश्चित करें। वर्तमान स्थिति के अनुसार, प्रदेश में लगभग 77,111 किलोलीटर पेट्रोल उपलब्ध है, जो लगभग 22 दिनों की आवश्यकता के बराबर है। इसी प्रकार 84,295 किलोलीटर डीजल उपलब्ध है, जो करीब 15 दिनों की खपत के लिए पर्याप्त है। सरकार ने पुनः आश्वस्त किया है कि प्रदेश में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है तथा आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है।

### मांग के अनुरूप की जा रही आपूर्ति

प्रदेश में संचालित 2516 पेट्रोल पंपों तथा तीनों प्रमुख ऑयल कंपनियों के डिपो में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल एवं डीजल उपलब्ध है। मार्च 2026 में प्रदेश की मासिक पेट्रोल आवश्यकता 1.01 लाख किलोलीटर के विरुद्ध 1.27 लाख किलोलीटर (126 प्रतिशत) की आपूर्ति की गई। वहीं अप्रैल 2026 में 23 अप्रैल तक 1.60 लाख किलोलीटर पेट्रोल प्राप्त हो चुका है। इसी प्रकार मार्च में डीजल की आवश्यकता 1.64 लाख किलोलीटर के मुकाबले 3.00 लाख किलोलीटर (183 प्रतिशत) आपूर्ति हुई है। अप्रैल 2026 में 23 अप्रैल तक 1.38 लाख किलोलीटर डीजल की आपूर्ति हो चुकी है। स्पष्ट है कि प्रदेश में मांग के अनुरूप आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

## संगठन के अंदरूनी मतभेद, उपेक्षा से परेशान होकर मुख्यधारा में लौटी देहकी

# एक लाख की इनामी महिला नक्सली ने किया आत्मसमर्पण



**मोहला।** मोहला- मानपुर- अंबागढ़ चौकी में एक लाख रुपए की ईनामी महिला नक्सली ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटने का फैसला लिया है। पुलिस के अनुसार जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रयास, शासन की पुनर्वास नीति तथा पुलिस द्वारा लगातार किए जा रहे जनसंपर्क अभियान से प्रभावित होकर उक्त महिला नक्सली देहकी उर्फ जीत्ती सदस्या रावघाट ने मुख्य धारा में लौटने का निर्णय लिया। संगठन के विचारों से मोहभंग, अंदरूनी मतभेद, संगठन में उपेक्षा तथा ग्रामीणों पर किए जा रहे अत्याचार से परेशान होकर उसने आत्मसमर्पण किया। यह कार्रवाई पुलिस महानिरीक्षक बालाजी राव सोमावर के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह के निर्देशन में की गई।

### प्रभावित होकर माओवादी संगठन में हुई थी शामिल

पुलिस के मुताबिक वर्ष 2010 में संगठन से प्रभावित होकर माओवादी संगठन में शामिल हुई। प्रारंभिक अवधि में मदनबाड़ा क्षेत्र में कार्य किया। बाद में माड़ क्षेत्र में सक्रिय रहकर रावघाट एरिया कमेटी अंतर्गत कार्य करती रही। विभिन्न माओवादी सदस्यों के साथ रहकर संगठन के लिए काम करती रही। परिवार के साथ सामान्य एवं खुशहाल जीवन जीने की इच्छा। संगठन में उपेक्षा एवं भेदभावपूर्ण व्यवहार। ग्रामीण एवं आदिवासी नागरिकों पर हो रहे अत्याचार से निराशा। शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर भारत के संविधान पर विश्वास व्यक्त किया। जिला पुलिस ने आत्मसमर्पित महिला नक्सली का स्वागत करते शासन की पुनर्वास योजना के तहत नियमानुसार लाभ दिलाने की प्रक्रिया प्रारंभ की है।

## छावनी थाना क्षेत्र की है घटना

# ब्लैकमेलिंग और भय दिखाकर अस्पताल से उगाही, एक गिरफ्तार

**भिलाई।** ब्लैकमेलिंग कर अस्पताल प्रबंधन से लाखों रुपए का डिमांड करने वाला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि सुंदर नगर निवासी गुरूमीत सिंह वाधवा एसबीएस अस्पताल भिलाई प्रबंधन को ब्लैकमेल कर 5 लाख रुपए का डिमांड कर रहा था। परेशान प्रबंधन घटना की शिकायत छावनी पुलिस से की। मामले की जांच करने पर पता चला कि गुरुमीत सिंह वाधवा स्वयं को मीडिया कर्मी बताकर पहले ब्लैकमेलिंग किया। नहीं मानने पर फर्जी केस में फंसाने की धमकी तक दी। पुलिस ने गुरुमीत सिंह वाधवा को उसके घर से गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से 13 मोबाइल फोटोग्राफ, अस्पताल उपचार से जुड़े कई दस्तावेजी साक्ष्य जब्त किया है। गुरुमीत सिंह वाधवा पर आरोप है कि 28 नवम्बर 2025 को छग मुख्य सचिव को पत्र देकर कहा था कि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने उसे छग के हर जिले में पांच-पांच अस्पतालों की जांच कर, वहां हो रहे उपचार की रिपोर्ट देने कहा है। गुरुमीत सिंह वाधवा एसबीएस अस्पताल की जांच करने पहुंचा उसके मुताबिक अस्पताल मानक के मुताबिक नहीं मिला।



आरोपी

### नेशनल मैगजीन का मैनेजिंग एडिटर बताया

जांच में यह भी सामने आया कि वाधवा द्वारा उपयोग किए गए लेटरहेड और संपर्क नंबर भी संदिग्ध हैं। पांच में से चार नंबर बंद मिले, जबकि एक नंबर किसी महिला का निजी नंबर निकला। आरोप है कि गुरमीत सिंह वाधवा खुद कोइंटरनेशनल मैगजीन का मैनेजिंग एडिटर बताया करता था। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के नाम का हवाला देकर अस्पतालों में जांच किया करता था। कथित अधिकार के आधार पर उसने भिलाई के एसबीएस अस्पताल पर गंभीर आरोप लगाए थे। इस पत्र के आधार पर स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया और जांच भी बैठा दी गई। फिलहाल पुलिस की जांच जारी है।

### आईटीआई बटेरा के प्राचार्य निलंबित

**डौंडीलोहारा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बटेरा में प्रशिक्षण के नाम पर छात्र से मजदूरी करवाने के मामले पर प्राचार्य राजेश कुर्रे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। फिटर ट्रेड के छात्र टोकेश्वर घनगुन की दोनों हाथों की 5 उंगलियां कटने मामले को लेकर छात्र संगठनों ने शुक्रवार को धरना प्रदर्शन किया था।

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श–राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या... बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

## रायपुर अस्पताल में भर्ती एक और श्रमिक की मौत

# वेदांता हादसा, मृतकों का आंकड़ा पहुंचा 25

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जांजगीर/डभरा

सक्ती जिले के सिंघीतराई स्थित वेदांता थर्मल पावर प्लांट में बॉयलर फटने से हुए भीषण हादसे मे मृतकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। रायपुर अस्पताल में भर्ती एक और श्रमिक की मौत के बाद इस हादसे में मरने वालों की संख्या 25 जा पहुंची है। गुरुवार 23 अप्रैल की रात्रि में रायपुर में भर्ती घायल श्रमिक विश्वजीत साहू की मौत हो गई।

वेदांता पॉवर प्लांट में हुए हादसे के बाद की गई एफआईआर की कॉपी देखने के लिए युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष साथियों सहित डभरा थाना में धरने पर बैठे रहे और घंटों एफ आई आर की कॉपी की मांग करते रहे।

### राज्य के मुख्य सचिव डीजीपी को नोटिस

वेदांता पावर प्लांट में हुए बॉयलर हादसे में 25 मजदूरों की मौत और आधा दर्जन से अधिक के गंभीर रूप से घायल होने के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी किया है। ज्ञात हो कि बीते 14 अप्रैल को सक्ती जिले के डभरा ब्लाक अंतर्गत सिंघीतराई स्थित वेदांता थर्मल पावर प्लांट में बॉयलर प्रेशर पाइप फटने की घटना हुई थी। इस हादसे में पहले दिन ही 12 श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि इलाज के लिए भर्ती दर्जन भर से अधिक श्रमिकों ने एक-एक करके रायगढ़ और रायपुर के अस्पताल में दम तोड़ दिया।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. पर्णिता बघेल (स्त्री रोग विशेषज्ञ) डॉ. फिबी मसीह (स्त्री रोग विशेषज्ञ)
वसुधा केयर हॉस्पिटल (महिला एवं बच्चों का अस्पताल | प्लास्टिक एवं कास्मेटिक सर्जरी)
सुविधाएं • 24x7 डिलीवरी • शिशु रोग • दूरबीन द्वारा ऑपरेशन • सोनोग्राफी • बांझपन का इलाज • खून जांच
जीवन विहार कालोनी, सृष्टि प्लाजो के पास, अवंति विहार रोड, तेलीबांधा, रायपुर, मो. 0771-3523209, 7880001064, 7880001062

दक्षिका हेल्थ केयर & डायबिटिक सेंटर
(डायबिटिक, थायरॉइड, ब्लड प्रेशर, ओबेसिटी, वैक्सीनेशन, हार्ट केयर)
ADULT VACCINATION CENTER
जहाँ Diabetes, Thyroid, Hypertension (Blood Pressure) का मिलता है Expert Care"
▪Better Experience ▪Fully Dedication ▪Accurate
डॉ. दीपक जायसवाल MBBS, MD (General Medicine) PGDIC, CCEBDM (Diabetes), FICP Senior Consultant Physician & Diabetologist
डॉ. नेहा रानी गुप्ता BDS, MDSDental Specialist (दंत सुविधा उपलब्ध)
पता : शॉप नं. 14 एवं 15, ग्राउंड फ्लोर, EDGE COMPLEX मोवा रायपुर :9202222391, 8871865551, 7723068129

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं स्पेशलिस्ट : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • हाइड्रोफेशियल • कार्बन फेशियल • केमिकल पीलिंग • रेडियोफ्रिक्वेंसी • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झाई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130



# किंग का नया टीजर जारी रिलीज डेट हुई कंफर्म

**मुंबई।** बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की किंग इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म की भारी-भरकम स्टारकास्ट पहले से ही सुर्खियां बटोर रही है। वहीं, पिछले साल शाहरुख के बर्थडे पर फिल्म का पहला लुक सामने आने के बाद फैंस फिल्म को लेकर और भी उत्साहित हैं। अब मेकर्स ने फिल्म का एक नया टीजर जारी करते हुए फिल्म की रिलीज डेट कंफर्म कर दी है। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट द्वारा इंस्टाग्राम पर किंग का एक खास टीजर जारी किया गया। इसके साथ ही मेकर्स ने ये भी स्पष्ट कर दिया कि किंग क्रिसमस के मौके पर एक दिन पहले 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस घोषणा के साथ इंस्टाग्राम पर एक दिलचस्प कैप्शन भी शेयर किया गया, जिसमें शाहरुख खान की 'बॉलीवुड के बादशाह' के रूप में लोकप्रियता का जिक्र किया गया।

लाइफ Style

# साई
## टाइपकास्टिंग से बचने कहना पड़ता है ना



साई ताम्हणकर इन दिनों वेब सीरीज 'मटका किंग' में नजर आ रही हैं, जो 60 के दशक के बैकग्राउंड पर आधारित एक दिलचस्प कहानी है। इस प्रोजेक्ट में वे बरखा जैसे दमदार किरदार में दिखाई दी हैं। हाल ही में एक बातचीत में अभिनेत्री ने अपने किरदार, इंडस्ट्री में टाइपकास्टिंग, पैन इंडिया ट्रेंड, पर्सनल लाइफ और एक्टिंग के बदलते दौर और अपनी शादी पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, टाइपकास्टिंग से बचना बहुत मुश्किल रास्ता है। इसके लिए एक एक्टर को अक्सर इंतजार करना पड़ता है कि उसे कुछ अलग और चुनौतीपूर्ण ऑफर किया जाए।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मैं इंडस्ट्री के दूसरे पक्ष को भी समझती हूं, जब कोई एक्टर किसी खास तरह के रोल में खुद को साबित कर देता है, तो उसे उसी तरह के रोल में कास्ट करना एक सेफ बेट माना जाता है। लेकिन मुझे लगता है कि अब थोड़ा रिस्क लेने की जरूरत है। एक्टर्स को रीइमैजिन करना चाहिए, उन्हें नए नजरिए से देखना चाहिए और अलग अलग तरह के किरदारों में मौका देना चाहिए। मैंने खुद भी टाइपकास्टिंग का अनुभव किया है। ऐसे में इससे बचने का एक ही तरीका है, एक जैसे रोल्स को ना कहना। हालांकि यह फैसला आसान नहीं होता। यह जर्नी कई बार मानसिक, पेशेवर और आर्थिक रूप से भी चुनौतीपूर्ण हो जाती है। लेकिन, अगर आपको अपने करियर में कुछ अलग हासिल करना है, तो यह कदम उठाना जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले मैंने एक फाउंडेशन के लिए एक गाने पर काम किया था, जिसे नागराज मुंगले ने डायरेक्ट किया था। उस दौरान हमारी थोड़ी सी बातचीत हुई थी और तभी से मेरे मन में कहीं न कहीं ये इच्छा थी कि मुझे उनके साथ फिर से काम करना है। जब मुझे पता चला कि 'मटका किंग' को वही डायरेक्ट कर रहे हैं, तो मेरे पास 'ना' कहने की कोई वजह ही नहीं थी। मुझे लगा कि यह एक बेहतरीन कोलैबोरेशन होगा, अच्छे कलाकार और पूरी टीम के साथ काम करने का मौका मिलेगा।

# एथलीट में बनाना चाहती हैं राहा का कॅरियर



**मुंबई।** रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की बेटी राहा 3 साल की हो गई है, और आलिया अभी से अपनी बच्ची के भविष्य के लिए सोचने लगीं हैं। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया कि वे राहा को कौन से कॅरियर फील्ड में देखने पसंद करेंगी। इसमें चौंकाने वाली बात ये रही कि उन्होंने राहा के भविष्य में एक्टिंग या बॉलीवुड स्टार बनने का जिक्र नहीं किया। इंटरव्यू में आलिया भट्ट ने अपनी सोच और पर्सनल लाइफ को लेकर दिलचस्प बातें शेयर कीं। उन्होंने कहा, 'मुझे बहुत अच्छा लगता है जब सब कुछ एक टीम की तरह काम करता है। अगर मैं एथलीट होती, तो जरूर कोई टीम स्पोर्ट खेलती। ये बात मैं कभी-कभी सोचती भी हूं। यहां तक कि अपनी बेटी के लिए भी, मैं चाहती हूं कि वो एथलीट बने। वो बहुत कॉम्पिटिटिव है और काफी एक्टिव भी। वो अभी सिर्फ तीन साल की है, लेकिन बहुत उछल-कूद करती रहती है। मुझे टीमवर्क में सच में बहुत खुशी मिलती है।'मां बनने के बाद अपने काम को लेकर सोच में आए बदलाव पर आलिया ने कहा कि एम्बिशन का मां बनने से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने बताया कि पैरेंट बनने के बाद प्राथमिकताएं जरूर बदलती हैं, लेकिन इससे जिंदगी और कॅरियर में क्वालिटी पर ज्यादा फोकस आता है, और उनके साथ भी ऐसा ही हुआ। आलिया भट्ट और रणबीर कपूर ने कई साल तक एक-दूसरे को डेट किया। खबरों के मुताबिक दोनों की लव स्टोरी फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' के सेट पर शुरू हुई, जिसकी शूटिंग करीब 7 साल तक चली। इसके बाद दोनों ने अप्रैल 2022 में शादी की थी। इसके बाद नवंबर 2022 में उनकी बेटी राहा का जन्म हुआ, जो अब उनकी जिंदगी का सबसे खास हिस्सा है।

# बेटी न्यासा संग बिगड़ गया था काजोल का रिश्ता आपस में झगड़ते थे



**मुंबई।** काजोल बड़े पर्दे पर एक दयालु मां का किरदार कई बार निभा चुकी हैं। असल जिंदगी में भी वह एक बेटी न्यासा और बेटे युग की परवरिश कर रही हैं। जब काजोल की बेटी न्यासा टीनएज में आई तो इनके रिश्ते में कई उतार-चढ़ावा आए, एक वक्त तो दोनों के बीच खूब झगड़ते भी होते थे। हाल ही में काजोल ने लिली सिंह के पॉडकास्ट पर में अपनी जेन जी बेटी न्यासा और उसकी परवरिश में आने वाली चुनौतियों का जिक्र किया। वह कहती हैं, 'मैं उससे बहुत सारी बातें करती हूं। मैं उसकी हर बात समझाती हूं। यह एक ऐसा रिश्ता है जिसे हमें मिलकर बनाना पड़ा है। जब वह टीनएज में आई तो हम दोनों ही बहुत ज्यादा परेशान थे। हम आपस में झगड़ते थे, कई बार हम दोनों ही बिना सोचे-समझे बातें कह देते थे। कई बार हम दोनों ही तर्कहीन बातें करते थे।'काजोल आगे कहती हैं, 'बड़े होने के नाते मैंने पहल की। खुद से कहा कि मुझे थोड़ा और समझदारी से काम लेना चाहिए। मैंने तय किया कि अब मैं न्यासा से झगड़ा नहीं करूंगी। मैं उससे बात करने की कोशिश करूंगी। मैं उससे तब तक बात करती रहूंगी जब तक वह मेरी बात सुनना शुरू न कर दे। धीरे-धीरे यह तरीका बातचीत में बदल गया, लंबी-लंबी बातचीत में हमारे बीच होने लगी। इसी बात से सबसे बड़ा फर्क पड़ा। पैरेंटिंग की यही मेरी सबसे बड़ी सीख थी।'काजोल की अपकमिंग फिल्म की बात करें तो वह महारागिनी में नजर आएंगी। पिछले साल वह मां और सरजमीं जैसी फिल्मों में दमदार किरदार निभाती दिखी थीं।

# 86 की उम्र में भी काम करने को हैं मजबूर

**नई दिल्ली।** दिग्गज हास्य अभिनेता दिनेश हिंगू ने 86 साल की उम्र में अपने जीवन के बारे में खुलकर बात की है, और उन्होंने जो शेयर किया वह दिल छूने वाला है। अपनी अनोखी कॉमेडी से पीढ़ियों को हंसाने के लिए मशहूर इस एक्टर ने बताया कि आर्थिक जरूरतें खत्म नहीं हुई हैं, इसलिए वह आज भी काम पर जाते हैं। हाल ही में एक बातचीत में हिंगू ने कहा, 'मैं 86 साल का हूं। मैं कभी-कभी काम के लिए बाहर जाता हूं। हाल ही में मैं गिर गया और मुझे चोट लग गई। अब ठीक है, डॉक्टर के पास जाने के लिए भी माल चाहिए ना। वो तो लूटते हैं कभी लाओ 5000, कभी 6000 रुपए लाओ। एक ऐसा व्यक्ति जिसने 300 से अधिक फिल्मों में काम किया है, जो दशकों से एक जाना-पहचाना चेहरा रहा है, उसे आज भी बुनियादी चिकित्सा खर्चों की चिंता सता रही है। यह फिल्म इंडस्ट्री में जिंदगी को बयां करता है, खासकर ऐसे एक्टर्स को जो कभी लीड रोल नहीं ले पाए लेकिन अनगिनत फिल्में कीं।



## तकदीर फिल्म से की एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत

13 अप्रैल, 1940 को बड़ौदा में जन्मे दिनेश हिंगू का भारतीय सिनेमा में लंबा और निरंतर सफर रहा है। भले ही उन्होंने हमेशा लीड रोल्स न किए हों, लेकिन उनकी प्रेजेंस को नजरअंदाज करना मुश्किल था। उनकी कॉमेडी, खासकर केवल अपने हाव-भाव और अलग आवाज से लोगों को हंसाने की उनकी क्षमता ने उन्हें दर्शकों का चहेता बना दिया। उन्होंने अपने एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत 1967 में आई फिल्म तकदीर से की थी। अपने समय के कई एक्टर्स की तरह, उनकी सफलता रातोंरात नहीं मिली। यह एक के बाद एक फिल्म और एक के बाद एक रोल के साथ धीरे-धीरे आगे बढ़ने का सफर था। वर्षों के दौरान, उन्होंने कई तरह की फिल्मों में काम किया और धीरे-धीरे डायरेक्टर्स के भरोसेमंद चेहरों में से एक बन गए। हिंगू के कॅरियर की असली पहचान उनकी निरंतरता थी। उन्होंने बड़े किरदारों या भारी-भरकम डायलॉग्स पर भरोसा नहीं किया। इसके बजाय, उन्होंने अपनी टाइमिंग, बॉडी लैंग्वेज और एक अनोखी हास्य शैली के दम पर अपनी एक अलग पहचान बनाई। नमक हलाल, करण अर्जुन, हम आपके हैं कौन..!, कुली नंबर 1 और गुप्त जैसी फिल्मों में उन्होंने यादगार रोल किए।

# इरफान की पान सिंह तोमर पर बनी डॉक्यूमेंट्री



**मुंबई।** इरफान खान का नाम बॉलीवुड के महान एक्टर्स की लिस्ट में शामिल किया जाता है। सोशल मीडिया पर लोग आज भी इरफान खान को याद करते हैं और उनकी फिल्मों की बात करते हैं। इरफान खान ने फिल्मों में जो भी रोल निभाया, उसे खूब प्यार मिला, लेकिन इरफान खान की फिल्म 'पान सिंह तोमर' के लिए लोगों के मन में अलग ही जगह है। अब इरफान खान की इसी फिल्म की मेकिंग पर एक डॉक्यूमेंट्री बनाई गई है। इस डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग इरफान खान की छठी पुण्यतिथि पर होगी। इरफान खान की छठी पुण्यतिथि, 29 अप्रैल को नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में इस डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग की जाएगी। इस डॉक्यूमेंट्री का टाइटल- 'वह कहानी जो मरने से इनकार कर गई' है। 'पान सिंह तोमर'के डायरेक्टर तिग्मांशु धूलिया ने डॉक्यूमेंट्री की झलक अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर दिखाई है। डॉक्यूमेंट्री का जो ट्रेलर सामने आया है उसमें फिल्म के बिहाइंड द सीन्स देखने को मिले हैं। पर्दे के पीछे इरफान खान इस फिल्म के लिए क्या कर रहे थे और क्या सोच रहे थे, इसका पता ट्रेलर देखकर चलता है।




इस वीकएंड ओटीटी पर होगा जोरदार मनोरंजन

# रिलीज होंगी सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर ये फिल्में-सीरीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वीकएंड आ गया है। मनोरंजन के शौकीन कुछ नई फिल्म और सीरीज की तलाश में होंगे। यूं तो सिनेमाघरों में माइकल और गिन्नी वेड्स सनी 2 जैसी फिल्में शुक्रवार को रिलीज हो गई हैं। मगर, गर्मियां भी अपने पूरे रंग दिखा रही है। ऐसे में अगर आप घर बैठे सुकून से ओटीटी पर ही कुछ देखने का मन बना रहे हैं तो आपके पास अच्छे विकल्प हैं।

## प्रतिछाया

यह मलयालम पॉलिटिकल थ्रिलर फिल्म इस साल मार्च में थिएटर्स में रिलीज हुई थी। अब यह ओटीटी पर भी दस्तक दे चुकी है। इस वीक से दर्शक इसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देख सकते हैं। इस फिल्म में पावर, राजनीति और बदले की दमदार कहानी दिखाई गई है। 24 अप्रैल से 'प्रतिछाया' जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रही है।

## एपेक्स

यह एक सर्वाइवल एक्शन थ्रिलर फिल्म है। यह भी इस वीकएंड देख सकते हैं। इसका निर्देशन बाल्टासर कोरमाकुर ने किया है। इसकी स्क्रिप्ट जेरेमी रॉबिन्स ने लिखी है। वहीं, इसमें चार्लीज थेरॉन, टैरोन एगर्टन और एरिक बाना जैसे सितारे हैं। यह फिल्म 24 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।




## 24

अनिल कपूर अभिनीत एक्शन थ्रिलर शो 24 का तीसरा सीजन भी इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। इसमें अनिल कपूर एक बार फिर जय सिंह राठौड़ के रोल में नजर आए हैं। यह शो शुक्रवार 24 अप्रैल से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रहा है। बता दें कि '24' का पहला सीजन 04 अक्टूबर 2013 को टीवी पर आया था। दूसरा सीजन 23 जुलाई 2016 से 9 अक्तूबर 2016 तक प्रसारित हुआ। अब तीसरा सीजन ओटीटी पर आ चुका है।

## स्ट्रेंजर थिंग्स- टेल्स फ्रॉम 85

इस वीकएंड आप इस सीरीज का भी लुत्फ उठा सकते हैं। यह 23 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। यह एक एनिमेटेड साइंस फिक्शन सीरीज है। अगर आपको एनिमेटेड शो पसंद हैं, तो इसे देख सकते हैं।

## हैप्पी राज

यह एक तमिल फिल्म है, जो इस साल मार्च में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह एक रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। इसका निर्देशन मारिया राजा ने किया है। वहीं, इसमें जी.वी. प्रकाश कुमार, अब्बास, श्री गौरी प्रिया और जॉर्ज मरियन अहम भूमिकाओं में हैं। अब यह फिल्म ओटीटी पर 24 अप्रैल से प्राइम वोडियो पर आ गई है।

## मार्टी सुप्रीम

अगर आपको स्पोर्ट्स ड्रामा देखना पसंद है तो ऑस्कर नामांकित फिल्म 'मार्टी सुप्रीम' को इस वीक की लिस्ट में जोड़ सकते हैं। यह 1950 के दशक की पृष्ठभूमि पर बनी है। यह पिंग पोंग खिलाड़ी मार्टी माउजर पर आधारित है, जो पार्ट टाइम जूतों की दुकान पर सेल्समैन का काम भी करता है। उसके संघर्ष और खेल के प्रति जुनून को दिखाया गया है। यह फिल्म 24 अप्रैल से प्राइम वीडियो पर आ गई है।

## बंद मेलम


यह तेलुगु भाषा की रोमांटिक फिल्म है। इस फिल्म की कहानी दो दोस्तों गिरी और राजी पर आधारित है, जिनकी दोस्ती बचपन से है। मगर, एक गलतफहमी की वजह से इनके बीच दूरी आ जाती है। फिर, एक मोड़ पर आकर इन्हें जिंदगी फिर मिलवाती है। यह फिल्म शुक्रवार को जी5 पर रिलीज हो चुकी है।

## चिंतन

# आम आदमी पार्टी का सबसे कठिन दौर

आम आदमी पार्टी (आप) का वर्तमान संकट केवल कुछ नेताओं के जाने भर की घटना नहीं है, बल्कि यह उस राजनीतिक प्रयोग की परीक्षा है, जिसने कभी व्यवस्था परिवर्तन का दावा किया था। आप का यह दौर इसलिए भी गंभीर है, क्योंकि सवाल अब व्यक्तियों से आगे बढ़कर नेतृत्व, विचारधारा और संगठनात्मक ढांचे पर उठने लगे हैं। अब जो चल रहा है वह शीर्ष नेतृत्व की विफलता को दर्शाता है। पार्टी गठन के कुछ समय बाद ही उसके संस्थापक सदस्यों का पार्टी छोड़ना शुरू हो गया था। सबसे पहले पूर्व आईपीएस किरण बेदी पार्टी से अलग हुई, जो पार्टी का बड़ा चेहरा थी। इसके बाद योगेंद्र यादव, प्रशांत भूषण, कुमार विश्वास, मयंक गांधी, आशुतोष, अंजलि दमानिया और अब राघव चड्ढा समेत पार्टी के सात राज्यसभा सांसदों का पार्टी छोड़ना एक बड़े बिखराव का संकेत है। इनके अलावा भी कई नाम तो लोगों की स्मृतियों से भी गायब हो चुके हैं। सात सांसदों का एक साथ पार्टी छोड़ना कोई बड़ी बात नहीं हैं। राघव चड्ढा और स्वाति मालिवाल को छोड़ दें तो बाकी पांच राज्यसभा सांसदों संदीप पाठक, अशोक कुमार मित्तल, हरभजन सिंह, विक्रमजीत सिंह साहनी और राजेंदर गुप्ता को किस आधार पर सांसद बनाया गया, इसका जवाब तो खुद पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के पास भी नहीं होगा। अब इनके भाजपा में जाने पर आप दावा कर रही है कि इन लोगों ने पंजाब के लोगों के साथ विश्वासघात किया है, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि जब पंजाब के लोगों ने इन्हें चुना ही नहीं तो विश्वासघात कैसे हुआ। इन्हें तो आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने चुना है। इस घटनाक्रम ने साबित कर दिया है कि आप में बिखराव का दौर शुरू हो चुका है। केजरीवाल का जो आकर्षण 12 साल पहले था, वह अब नहीं रहा। खासतौर पर केजरीवाल अब उन लोगों से ही मिल गए, जिन्हें वह अपनी राजनीति के शुरुआती दौर में कोसते थे। जिस खास मकसद के लिए आप का गठन हुआ, अब वह कहीं नहीं दिखता। आप अपने नाम के मुताबिक आम सी पार्टी बनकर रह गई है। यदि वास्तव में राज्यसभा के कई सांसद एक साथ पार्टी छोड़ने का निर्णय लेते हैं, तो यह संगठनात्मक असंतोष की गहराई को दर्शाता है। यह भी समझना जरूरी है कि आम आदमी पार्टी की सफलता मुख्यतः दिल्ली और पंजाब तक सीमित रही है। राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार की जो महत्वाकांक्षा थी, वह जमीन पर साकार नहीं हो सकी। गुजरात, गोवा, उत्तराखंड जैसे राज्यों में पार्टी ने प्रयास जरूर किए, लेकिन वह स्थायी जनाधार बनाने में विफल रही। इसका कारण केवल संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि स्थानीय नेतृत्व के अभाव और रणनीतिक अस्थिरता भी है। इस पूरे घटनाक्रम का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि अरविंद केजरीवाल की व्यक्तिगत छवि, जो कभी सादगी और संघर्ष का प्रतीक थी, अब वैसी नहीं रही। सत्ता में आने के बाद जिस तरह के समझौते और राजनीतिक व्यवहार देखने को मिले, उन्होंने उस नैतिक बढ़त को कमजोर किया है, जो पार्टी की सबसे बड़ी पूंजी थी। अब जरूरी है कि आप का नेतृत्व आत्ममंथन करे, संगठन को विकेंद्रीकृत बनाए और उन मूल सिद्धांतों की ओर लौटे, जिनके आधार पर यह आंदोलन खड़ा हुआ था। अरविंद केजरीवाल को यह समझना होगा कि करिश्मा और केंद्रीकरण के दम पर राजनीति लंबे समय तक नहीं चलती। यदि पार्टी को बचाना है तो उसे अपने मूल सिद्धांतों पारदर्शिता, आंतरिक लोकतंत्र और जवाबदेही की ओर लौटना ही होगा। अन्यथा, यह संकट एक चेतावनी नहीं बल्कि अंत की शुरुआत साबित हो सकता है।

# पेसा आदिवासियों के लिए मृगतृष्णा है



जिरहनामा
कनक तिवारी

आजादी मिलने के बाद से संविधान रचने में एक कठिनाई आई कि करीब आठ से दस प्रतिशत देश की आदिवासी आबादी के लिए संविधान को जस का तस लागू नहीं किया जा सका। इन इलाकों की बनावट ऐसी है जहां पूरे संविधान की रचना के लिए अलग से सोचना पड़ा। यही कारण है संविधान में पांचवीं और छठी अनुसूची में देश के आदिवासी इलाकों के लिए अलग से प्रावधान किए गए। पूर्वोत्तर की छठी अनुसूची वहां के आदिवासियों को काफी अधिकार देती है लेकिन भारत के शेष भाग के जिन इलाकों में पांचवीं अनुसूची का बोलबाला है।

जम्हूरियत के सभी देश देख रहे हैं भारत में इन दिनों लोकतंत्र का कचूमर भी निकाला जा रहा है। हर मजबूत संस्था, व्यक्ति या समूह अपने से कमतर अधिकारों वाले व्यक्ति समूहों को दोयम दर्जे का नागरिक समझते हुए उन्हें एक तरह से अर्ध मनुष्य की तरह सलूक कर रहा है। किताबी ज्ञान स्कूली बच्चों के लिए पढ़ने में अच्छा है। गोदी मीडिया के पत्रकारों की तोतारंटत है कि भीनी भीनी सुगंध है कि भारत दुनिया में सबसे बहुसंख्यक लोकतंत्र है। भारत में जो संविधान लागू है। वह अविचल है, अडिग है। उसमें संशोधन भी जरूरत के मुताबिक होता रहता है। इसके बरक्स जमीनी हकीकत यह है कि बाराएनाम लोकतंत्र केवल में ज्यादा है। व्याख्यान में है। सरकारी फाइलों में बचाव के लिए है। कुल मिलाकर जनता की समझ के धुंधले आसमान में कभी कभार दिखाई भी देता है। वरना वह गरीब आदमी के लिए आंख की किरकिरी है।

आजादी मिलने के बाद से संविधान रचने में एक कठिनाई आई कि करीब आठ से दस प्रतिशत देश की आदिवासी आबादी के लिए संविधान को जस का तस लागू नहीं किया जा सका। इन इलाकों की बनावट ऐसी है जहां पूरे संविधान की रचना के लिए अलग से सोचना पड़ा। यही कारण है संविधान में पांचवीं और छठी अनुसूची में देश के आदिवासी इलाकों के लिए अलग से प्रावधान किए गए। पूर्वोत्तर की छठी अनुसूची वहां के आदिवासियों को काफी अधिकार देती है लेकिन भारत के शेष भाग के जिन इलाकों में पांचवीं अनुसूची का बोलबाला है। वहां आज भी आदिवासी अविकसित होकर निवासियों की तरह जीने को आंशिक रूप से मजबूर हैं। संविधान निर्माताओं ने एक बात और नहीं सोची थी कि इन आदिवासी इलाकों में कभी जल, जंगल और जमीन की डकैती हो सकेगी। सरकारें अधिनियम बनाएंगी और हर वनोत्पाद पर सरकारी नियंत्रण हो जाएगा। फिर दलाली की भूमिका वाले अरबपति, खरबपति, कॉरपोरेट घरानों को उनकी मिल्कियत बनाकर सौंप दिया जाएगा। इसका एक कारण यह भी था कि संविधान सभा ने गांधी की सिफारिश के मुताबिक पंचायत राज लागू करने से इंकार कर दिया था। हालांकि राजीव गांधी के प्रधानमंत्री काल में इस पर पुनर्विचार हुआ और शहरी तथा पंचायती संस्थाओं को अहमियत दी गई।

आदिवासियों और जनता को भी भ्रम रहा है। फिर भी आदिवासियों के बार बार आग्रह के कारण संसद में 24 दिसम्बर 1996 को पंचायत राज उपबंध अधिनियम तथा अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार अधिनियम बना। वह पेसा के लोकप्रिय नाम से आदिवासियों से उसी तरह छल कर रहा है जैसा कभी अंगरेजों ने किया होगा। नेताओं को भ्रम है कि पेसा के तहत संसद में आदिवासियों की सुरक्षा के कई प्रबंध किए गए हैं। दरअसल इसे रचने के पहले सांसद दिलीप सिंह भूरिया की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई गई थी। उस कमेटी ने जानदार और महत्वपूर्ण सिफारिशें कीं। उनसे आदिवासियों का जीवन और उनकी गरिमा सुरक्षित रह सकती थी। दिलीप सिंह भूरिया समिति का सबसे




महत्वपूर्ण तर्क था कि उनके इलाकों में आदिवासियों का कुदरती संसाधनों पर नियंत्रण और कमांड नैसर्गिक अधिकार है। यह एक ऐतिहासिक तथ्य भी रहा है। सभी सिफारिशें संसद ने कबूल नहीं कीं। भूरिया समिति ने कहा था कि पंचायती संस्था का ढांचा भी इसी तरह बनाया जाए कि उनमें आदिवासियों के जीवन और संगठन, सांस्कृतिक अभिव्यक्तिों और सामुदायिक भावना को शामिल किया जाए। फिर भी केन्द्र सरकार ने इसे कारगर नहीं किया। अनुच्छेद 39 संविधान में कहता रहा कि संपत्ति के अधिकार का संकेन्द्रण नहीं होगा लेकिन उसका मजाक उड़ाया गया। हकीकत यह है कि पेसा के तहत ग्रामसभा कोई शक्तिशाली संस्था नहीं है। उसे बहुत सीमित अधिकार हैं और उनको भी आसानी से समयानुसार विलोपित भी कर लिया जाता है। कलेक्टर और कप्तान साहब तो बड़े अधिकारी हैं। आदिवासी इलाकों में जंगल, आबकारी, राजस्व, खनिज विभाग के छोटे छोटे अधिकारी भी माइ लॉर्ड होते हैं।

यह दिलचस्प रहा है कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेसी सरकार के उपमुख्यमंत्री और पंचायत मंत्री टी. एस. सिंहदेव बस्तर सहित कई इलाकों में धमक के साथ कहते रहे कि पेसा के तहत जो भी अधिकार हैं। वे आदिवासी इलाकों की ग्राम पंचायतों को सौंपे जाने की सरकार की मुहिम है। टांय टांय फिस्स तो फिर हुआ कि शक्तिशाली पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के इशारे पर कहा जाता है कि संबंधित जिले के कलेक्टर और जिलों के पुलिस अधीक्षक पंचायत मंत्री से मिले तक नहीं। फिर क्या खाक क्रांति होती। आदिवासी विधायक और सांसद केवल मिन्नतें करते हैं। हाथ जोड़ते हैं। चिल्लपों मचाते हैं लेकिन पांचवीं अनुसूची में गवर्नरों को इतने अधिकार हैं कि वह केवल उनसे बातचीत करे। सुने और पढ़े और फिर करे केवल अपने मन की। क्या इसे संसदीय अधिकार कहा जा सकता है? सारी ताकत इस बात पर अटकती है कि ग्राम सभा की मंजूरी के बिना कोई औद्योगिक निर्माण नहीं होगा। देश के लोगों को अब तो सुप्रीम कोर्ट पर भी भरोसा पूरा नहीं है। लेकिन कभी तो था। सुप्रीम कोर्ट का ऐसा कोई फैसला नहीं है जो पेसा कानून की इस तरह समीक्षा करे कि जल, जंगल, जमीन में जितनी प्राकृतिक संपदा है। वह सब उन आदिवासी इलाकों की है। जो वहां रहते हैं। उनकी मर्जी के बिना न तो उसे लिया जा सकता है और न ही वहां औद्योगीकरण हो सकता है। फुसलाने के नाम पर सही है कि जहां आदिवासियों की परंपरा के मुताबिक कोई मंदिर या पूजा स्थल है। वहां उनकी बात जरूर सुनी जाए।


इस देश के आदिवासी को तो अब अपना अस्तित्व खत्म होने की कगार पर लगने लगा है। पूरा बस्तर लुट जाने के खतरे में है। भारत में आदिवासियों की सबसे बड़ी आबादी बस्तर और छत्तीसगढ़ में है। क्या यह इलाका अब बिना पेड़ों, खनिज और अन्य फसलों के साथ रहेगा? ऐसा खतरा लगता रहा है। तब आदिवासी कहां रहेंगे। क्या वे बचेंगे। ऐसा खतरा अब दुनिया में सभी लोगों के सामने भी खड़ा हो गया है। जब तक आदिवासियों के प्रतिनिधियों की सलाहकार समिति को अधिकार नहीं मिलेंगे। जिनकी मुमानियत गवर्नर और राज्य सरकार नहीं कर सकें। बल्कि केन्द्र सरकार भी नहीं कर सके। तब ही देश में आदिवासी बचेगा। वरना पेसा कानून तो फकत मर्सिया गा रहा है। उसे जन्मदिन की बधाई या विवाह के मांगलिक कार्य के संगीत की तरह नहीं समझा जा सकता। आदिवासी भी भ्रम में हैं क्योंकि देश के बुद्धिजीवी और पत्रकार भी ठीक से संसूचित नहीं करते हैं। सरकार में तो शातिर नौकशाह हैं। उनकी पीठ पर वरद हस्त रखने वाले कॉरपोरेटियों की ताकत है। लोकतंत्र बेचारा क्या करेगा? बस किताबों की जिल्द में रहेगा। बच्चे उसे पढ़ते रहेंगे। परीक्षा में पास होंगे लेकिन उनके जीवन को समझने में इतिहास ही असफल होता रहेगा।

## सारा संसार



कनिपकम विनायक मंदिर आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में तिरुपति से लगभग 75 किलोमीटर दूरी पर स्थित भारत के प्राचीन गणेश मंदिर में से एक है, जो अपनी ऐतिहासिक संरचना और आंतरिक डिजाइन के लिए जाना जाता है। भगवान गणेश जी को समर्पित कनिपकम विनायक मंदिर का निर्माण चोल राजा कुलोथिंग्स चोल प्रथम ने 11वीं शताब्दी में लोगों के बीच विवाद को सुलझाने और बुराई को खत्म करने के लिए किया था।

## जानिए कैसे चेतना को विस्तृत करता है योग?



संकलित
दर्शन

योग के आठ अंग हैं और उनमें से मात्र एक अंग है शारीरिक मुद्राएं या आसन। योग मात्र व्यायाम नहीं है, इसमें मुख्य बात मन की समरसता को बनाए रखना है। जब आप कोई भी कार्य सजगता से करते हैं, तब आप इस बात के प्रति सजग होते हैं कि आप क्या कह रहे हैं। यही आपको योगी बनाता है। योग के प्रतिपादक पतंजलि ने बताया है कि योग का उद्देश्य दुख को आने से पहले ही दूर कर देना है। लालच, क्रोध, जलन, घृणा, निराशा आदि नकारात्मक भावनाओं को योग से मिटाया जा सकता है। जब आप खुश होते हैं, तब आप अपने भीतर एक विस्तार की भावना का अनुभव करते हैं। विफलता या अपमान की स्थिति में लगता है कि हमारे भीतर कुछ सिकुड़ गया है। इस पर ध्यान देना ही योग है, जिसका हमारे खुश हो जाने पर विस्तार होता है और जो हमारे दुखी हो जाने पर सिकुड़ जाता है। मन की इस स्थिति को परिवर्तित करने का रहस्य योग में है। यह आपको स्वतंत्र बनाता है। अपनी ही भावनाओं के द्वारा पीड़ित होने के बजाय आप जिस समय जैसा महसूस करना चाहते हैं, योग उसके लिए आपको शक्ति प्रदान करता है। योग निश्चित रूप से आपको अधिक जिम्मेदार बनाता है, क्योंकि योग से आपके भीतर ऊर्जा एवं उत्साह उत्पन्न होता है। आप तब जिम्मेदारी नहीं लेना चाहते हैं, जब आप थके हुए और तनावग्रस्त होते हैं। यदि आपने अपनी थकान और तनाव को संभाल लिया, तब आप निश्चित रूप से अधिक जिम्मेदारी उठाएंगे और आपके भीतर हल्कापन भी बना रहेगा।

## योजना बनाकर किए काम में सफलता जरूर मिलती है



संकलित
प्रेरणा

रामायण में देवी सीता का हरण हो गया था। श्रीराम और लक्ष्मण सीता को खोज रहे थे। राम-लक्ष्मण उस जंगल में पहुंच गए, जहां सुग्रीव बाली की डर से छिपे हुए थे। सुग्रीव के साथ ही हनुमान जी भी थे। सुग्रीव ने दो राजकुमारों को देखा तो वे डर गए। सुग्रीव ने सोचा कि बाली ने मुझे मारने के लिए इन्हें यहां भेजा है। सुग्रीव ने हनुमान जी से कहा कि आप देखिए वहां दो राजकुमार दिख रहे हैं, वहां जाकर मालूम करो कि कहीं ये हमारे शत्रु तो नहीं हैं। अगर वे शत्रु हैं तो वहीं से इशारा कर देना, हम यहां से कहीं और भाग जाएंगे। अगर वे मित्र हैं तो वहीं से इशारा करना, हम यहीं रुक जाएंगे। हनुमान जी सुग्रीव की आज्ञा पाते ही उन दोनों राजकुमारों के सामने पहुंच गए। हनुमान जी वेष बदलकर गए थे। हनुमान जी ने बुद्धिमानी का उपयोग करते हुए अपना सही परिचय बताए बिना राम-लक्ष्मण की परख की। जब हनुमान जी को मालूम हुआ कि ये राम-लक्ष्मण हैं तो वे अपने असली रूप में आ गए और सुग्रीव को इशारा कर दिया कि ये हमारे शत्रु नहीं हैं। हनुमान जी ने राम-लक्ष्मण से कहा कि आप मेरे राजा सुग्रीव के पास चलिए और उनसे मित्रता कर लीजिए। हनुमान जी राम-लक्ष्मण को लेकर सुग्रीव के पास पहुंचे और इनकी मित्रता कराई। हनुमान जी समझ गए थे कि इन दोनों की समस्याएं एक-दूसरे की मदद से हल हो सकती हैं। इस मित्रता के बाद श्रीराम ने बाली वध किया और सुग्रीव को राजा बना दिया। इसके बाद सुग्रीव ने अपनी पूरी वानर सेना सीता की खोज में लगा दी। वानर सेना ने रावण से युद्ध में भी श्रीराम का साथ दिया था।

## विश्व मलेरिया दिवस

बाल मुकुन्द ओझा



# मलेरिया के खिलाफ एकजुट प्रयास जरूरी

विश्व मलेरिया दिवस प्रत्येक वर्ष 25 अप्रैल को मनाया जाता है। दुनियाभर में हर साल मलेरिया के लाखों मामले सामने आते हैं। मलेरिया से मरने वालों की संख्या भी काफी ज्यादा होती है। विश्व मलेरिया दिवस हर साल एक थीम के साथ मनाया जाता है। इस साल 2026 की थीम मलेरिया के खिलाफ एकजुट रखी गई है। यह थीम कार्रवाई करने और जरूरतमंद लोगों तक पहुंचने के लिए उपलब्ध साधनों और रणनीतियों का उपयोग करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता को रेखांकित करती है। इस थीम के पीछे का मकसद लोगों को मलेरिया से निपटने के लिए तैयार रहने के लिए जागरूक करना है। भारत इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए पुरजोर प्रयासशील है। भारत ने हाल के वर्षों में मलेरिया उन्मूलन की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है और इसके लिए वैश्विक स्तर पर भारत की प्रशंसा की गई है। वैश्विक स्तर पर 2024 में अनुमानित 28.2 करोड़ (282 मिलियन) मलेरिया के मामले और 6,10,000 मौतें दर्ज की गईं, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 90 लाख अधिक मामले हैं। वर्ष 2000 से अब तक, वैश्विक स्तर पर 2.3 अरब मलेरिया के मामलों और 1.4 करोड़ मौतों को रोका गया है, जिसमें अकेले 2024 में 10 लाख जीवन बचाए गए।

अब तक 47 देशों और एक क्षेत्र को मलेरिया मुक्त दर्जा मिल चुका है, जिसमें 2025 में मिस्त्र और तिमोर-लेस्ते शामिल हैं। हालांकि अक्टूबर 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में मलेरिया के सकारात्मक मामलों में तीन साल के औसत की तुलना में 11.91 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जबकि 2024 की इसी अवधि की तुलना में 4.2 प्रतिशत की कमी आई थी। भारत सरकार 2030 तक मलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य पर अडिग है और 2027 तक शून्य स्वदेशी मामलों तक पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध है। मलेरिया तेज बुखार वाली बीमारी है। यह संक्रमित मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने से फैलती है। यह मच्छर साफ पानी में अंडे देती है। इस रोग को फैलाने वाले परजीवी को प्लाज्मोडियम कहते है। वहीं गर्मी में मौसमी बीमारियों के बढ़ने का भी खतरा होने लगता है। ऐसे में हम सभी को मलेरिया और अन्य मौसमी बीमारियों से सतर्कता और जागरूकता रखनी चाहिए। मच्छरों से बचाव के लिए आप अपने घर के आसपास पानी न भरने दें। बारिश के मौसम में किसी भी कंटेनर आदि में पानी जमा न होने दें और समय-समय पर कूलर को साफ करें। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार हमारे देश में मुख्यतः दो प्रकार का मलेरिया पाया जाता है। प्लाज्मोडियम फाल्सीपेरम एवं प्लाज्मोडियम वाइवैक्स। ये मच्छर जब मलेरिया से ग्रसित व्यक्ति को काटता है, तब उसके खून में मौजूद प्लाज्मोडियम को अपने शरीर में खींच लेता है। लगभग आठ से दस दिन तक ये मच्छर मलेरिया फैलाने में सक्षम हो जाता है। यह परजीवी लार के साथ उसके शरीर में प्रवेश कर जाता है, जिससे स्वस्थ व्यक्ति भी मलेरिया से ग्रसित हो जाता है, इसलिए हमें पूरी सावधानी रखनी होगी।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### चुनावी भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा


एक खबर के अनुसार पश्चिम बंगाल और तमिलनाडू में चुनाव आयोग ने चुनाव पूर्व छापे मारकर लगभग 1072.13 करोड़ रुपए, जिसमें नगदी, शराब और ड्रग्स शामिल हैं, जब्त किए। प्रत्यक्ष रूप से जब करोड़ों के चुनावी भ्रष्टाचार का पर्दाफाश हुआ है, तब अप्रत्यक्ष रूप से कितना और भ्रष्टाचार होगा, जिसकी कल्पना करना मुश्किल है। बढ़ती भ्रष्ट चुनावी प्रथा जहां चिंतनीय है, वहीं स्वच्छ व कुशल सुशासन जनता को मिले, इसमें भी संदेह उत्पन्न होना स्वाभाविक है। हद हो गई कि जहां चुनाव में ही अरबों रुपए मय शराब और ड्रग्स के खर्च होते हों, तब राजनीतिक पार्टियों द्वारा देश से भ्रष्टाचार ख़त्म करने और सुशासन लाने की घोषणाएं बेमानी ही लगती हैं।

- सांकेत कुलकर्णी, रायपुर

## करंट अफेयर

# हिंदू कुश हिमालय में चौथे साल बर्फ की मात्रा कम


एक रिपोर्ट के अनुसार गंगा बेसिन 2026 में सामान्य से अधिक बर्फ वाले 12 क्षेत्रों में शामिल रहा जबकि हिंदू कुश हिमालय में बर्फ की मात्रा लगातार चौथे वर्ष सामान्य से कम रही और पिछले वर्ष के रिकॉर्ड–निम्न स्तर से भी नीचे चली गयी। शुक्रवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी है। 'इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट' (आईसीआईएमओडी) द्वारा जारी हिंदू कुश हिमालय (एचकेएच) संबंधी एक वार्षिक रिपोर्ट है। आईसीआईएमओडी एचकेएच क्षेत्र में मौसमी हिमपात पर नजर रखता है और नवंबर से मार्च तक शीतकालीन महीनों में बर्फ की स्थिति का आकलन करता है। वर्ष 2003 से 2026 के बीच, एचकेएच क्षेत्र में 14 ऐसी सर्दियां रहीं जब सामान्य से कम बर्फ जमी। यह एक आवर्ती पैटर्न के रूप में उभर रहा है, विशेष रूप से हाल के वर्षों में ऐसी प्रवृति में वृद्धि नजर आयी है। एचकेएच संबंधी अद्यतन रिपोर्ट में कहा गया है, ''2026, लगातार चौथा वर्ष है जब बर्फ की मात्रा सामान्य से कम है। बर्फ की मात्रा औसत से 27 .8 प्रतिशत कम होकर पिछले वर्ष के 23 .6 प्रतिशत के रिकॉर्ड निम्न स्तर से भी कम हो गई।'' इस रिपोर्ट में कहा गया है, ''लगातार हो रही यह गिरावट दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत श्रृंखला में मौसमी बर्फ भंडार के कम होने का संकेत देती है।



## ऑफ बीट

# अनिद्रा अपने आप में एक बीमारी, इलाज की जरूरत

अनिद्रा यानी नींद न आने की समस्या संभवतः प्राचीनकाल से ही इनसानों को परेशान करती आ रही है, लेकिन वैज्ञानिकों ने पिछले 20 वर्षों में इसकी समझ हासिल करने की कोशिशों में काफी प्रगति की है।



अनिद्रा को लेकर वैज्ञानिकों की समझ में जो सबसे बड़ा बदलाव आया है, वह यह है कि ज्यादातर मामलों में इसकी शिकायत शारीरिक या मानसिक स्वास्थ्य संबंधी किसी अन्य समस्या के कारण उभरती है। अनिद्रा के शिकार अधिकांश लोगों को डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, थॉयरॉयड, पेट से जुड़ी समस्याओं, लंबे समय से बरकरार दर्द, बेचैनी या अवसाद की शिकायत होती है। अनिद्रा जब किसी दूसरी बीमारी या समस्या का नजीता होती है, तो उसे सेकेंडरी इंसोमेनिया कहा जाता है। यही कारण है कि पहले डॉक्टर अक्सर सिर्फ मुख्य बीमारी का इलाज करते थे और सेकेंडरी इंसोमेनिया का अलग से उपचार करने पर ध्यान नहीं देते थे। हालांकि, 2000 के दशक की शुरुआत में शोध और नैदानिक अनुभव, दोनों से पता चला कि यह तरीका सही नहीं है। वैज्ञानिकों ने कहा कि कुछ मामलों में अनिद्रा की शिकायत किसी मुख्य बीमारी के उभरने से पहले से ही हो सकती है, जबकि कुछ मामलों में यह उसके ठीक होने के बाद भी लंबे समय तक बनी रह सकती है।

## ट्रेंड

### बंगाल की समृद्धि



हर बंगाली के लिए गंगा नदी का विशेष महत्व है। कह सकते हैं कि गंगा बंगाल की आत्मा में बहती है। हुगली नदी पर, हमने पश्चिम बंगाल के विकास और महान बंगाली जनता की समृद्धि के लिए काम करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### स्वच्छ ऊर्जा आत्मनिर्भरता



आज अनाकापल्ली जिले में रीन्यू के शिलान्यास ने स्वच्छ ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। 5,400 करोड़ के निवेश से कंपनी स्वच्छ ऊर्जा से संचालित 6.5 गीगावाट का सौर इनगॉट-वेफर संयंत्र स्थापित कर रही है।
- एन. चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्र प्रदेश

### गुजराती झुकेंगे नहीं



आम आदमी पार्टी द्वारा निडर होकर जनता की आवाज़ उठाना और सत्ता में बैठे लोगों को चुनौती देना... शायद कुछ लोगों को यह बर्दाश्त न हो। लेकिन अब गुजरात की जनता ने ठान लिया है कि वे गुंडागर्दी के आगे नहीं झुकेंगे।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### राष्ट्रीय पंचायती राज



राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। पंचायती राज संस्थाएं हमारे लोकतंत्र की मजबूत नींव हैं। भारत की वास्तविक शक्ति उसके गांवों में निहित है, और इसलिए, गांवों का सशक्त विकास ही राष्ट्र की प्रगति का मार्ग है।
- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# एफ आई आर




दिसंबर की ठंडी शाम, कोरबा के ग्राम कुदरी का सुनसान फार्म हाउस, बाहर सन्नाटा और भीतर लालच, अंधविश्वास और मौत का खेल। कुछ लोग आंखों में करोड़ों की चमक लिए बैठे थे, तो सामने बैठा एक तांत्रिक उन्हें आसमान से पैसे बरसाने का सपना दिखा रहा था। रस्सी कसती गई, सांसें थमती गईं, और देखते ही देखते 'धन वर्षा' का सपना तीन जिंदगियों पर भारी पड़ गया। जब तक सच का अहसास हुआ, तब तक देर हो चुकी थी,कमरे में सिर्फ खामोशी थी और जमीन पर बिछी थीं तीन लाशें।

## तंत्र-मंत्र के जाल में फंसकर तीन जिंदगियां गईं, छह गिरफ्तार

# नोट की बारिश का झांसा बना मौत का फंदा

**कोरबा से नागेन्द्र श्रीवास**



आधुनिकता के इस दौर में जहां आज हर कोई डिजिटल दुनिया में नए-नए कीर्तिमान रचा रहा है, तो दूसरी ओर छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में अभी भी लोकतंत्र मंत्र के शिकार हो रहे हैं। एक तांत्रिक ने तंत्र साधना के माध्यम से लाखों रुपए लेकर आसमान से करोड़ों रुपए की बारिश करने के फेरे में स्क्रैप कारोबारी सहित तीन लोगों की गला घोटकर हत्या कर दी। इस सनसनीखेज मामला के सामने आने से जिले में हड़कंप मच गया था। यह अपने आप में ऐसा मामला था, जहां झारन विधि से करोड़ों की बारिश कराने के चक्कर में 3 लोगों की जान चली गई थी। अब इस मामले में 6 लोग सलाखों के पीछे हैं। मामला औद्योगिक नगरी कोरबा जिले के अंतर्गत आने वाले उरगा थाना के ग्राम कुदरी स्थित एक फार्म हॉउस में 11 दिसंबर 2025 का है।कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी बस्ती निवासी स्क्रैप व्यवसायी मोहम्मद अशरफ पिता हाजी स्माइल मोहम्मद (48), तुलसी नगर डीएम रोड निवासी सुरेश साहू पिता बलदेव साहू (44), बिलासपुर तिफरा निवासी नीतीश रात्रे पिता राजेंद्र रात्रे (30) सहित कुल 8 लोग 11 दिसंबर 2025 को कोरबा पुराना बस स्टैंड पहुंचे थे, जहां तांत्रिक से बिलासपुर घुरू अमेरी निवासी तांत्रिक आशीष दास पिता मुकेश दास के साथ सभी लोग उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुदरी स्थित एक फार्म हाउस में शाम लगभग 5 बजे पहुंचे। यहां बिलासपुर, घुरू, अमेरी से आया तांत्रिक आशीष दास सहित अन्य लोगों द्वारा फार्म हॉउस के एक कमरे में पैसा झरन विधि से (पैसे की बारिश) करने के लिए तंत्र-मंत्र शुरू किया गया।

### फार्म हाउस के बाहर करते रहे रेकी

घटना दिनांक 11 दिसंबर 2025 को लगभग शाम 5 बजे के आसपास ग्राम कुदरी स्थित फार्म हाउस में सभी लोग पहुंच चुके थे। अंदर में 8 से 10 लोग मौजूद थे, जबकि कुछ लोग बाहर में थे। बताया जाता है कि फार्म हाउस के चौकीदार को शाम 5 बजे ही घर भेज दिया गया था और कुछ घंटे बाद उसे आने के लिए कहा गया था। जब कुछ घंटे बाद चौकीदार पुनः फार्म हाउस पहुंचा तो बाहर रेंकी कर रहे लोगों ने उसे फिर से वापस घर भेज दिया और फोन करने पर ही यहां आने की बात कही। जब पूरी रात फोन नहीं आया तो चौकीदार अपने घर पर ही सो गया था।











### इन पर लगे आरोप

आशीष दास पिता मुकेश दास (24) अमेरी बिलासपुर, राजेन्द्र जोगी पिता सुंदर जोगी (56) जरहाभाठा बिलासपुर, केशव सूर्यवंशी पिता रामखिलावन सूर्यवंशी (56) अमेरी बिलासपुर, अश्वनी कुर्रे पिता स्व.पुनीराम कुर्रे (43) अमेरी बिलासपुर, भागवत दास महंत पिता दिलहरण दास (48) मुड़ापार, कोरबा, जय साहू उर्फ लव साहू पिता रामरतन साहू (46) राजकिशोर नगर बिलासपुर।



### जितना रस्सी की तान सहेगा, उसके ऊपर उतने ही पैसे की बारिश होगी

इस दौरान तांत्रिक द्वारा अशरफ मेमन, सुरेश साहू, नीतीश रात्रे के मुंह में नींबू एवं गले में नारियल बांधकर उसमें उनके गले में नायलॉन की रस्सी फंसा कर रस्सी खींची जा रही थी। तांत्रिक आशीष दास द्वारा बार बार यह दोहराया जा रहा था कि जो जितना रस्सी की तान सहेगा, उसके ऊपर उतने ही पैसे की बारिश होगी। यह सुनकर तीनों रस्सी की तान सहते चले गए और कुछ देर बाद ही तीनों बेहोश होकर कमरे में गिर पड़े। तांत्रिक ने वहां मौजूद अन्य लोगों को तीनों के बेहोश होने की जानकारी दी। जब बहुत देर तक तीनों युवक होश में नहीं आए तो तांत्रिक द्वारा पुनः फूंक कर तीनों को होश में लाने की कोशिश की गई। काफी देर बीत जाने के बाद जब उन्हें होश में नहीं आया तो बाहर खड़े लोग वहां पहुंचे और अशरफ मेमन, सुरेश साहू, नीतीश रात्रे को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक तीनों की मौत हो चुकी थी। एक साथ तीन लोगों की मौत की खबर मिलते ही पुलिस महकमे में भी हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंचे थे। बिलासपुर रेंज के तत्कालीन आईजी डॉ.संजीव शुक्ला, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी सहित पुलिस के अधिकारियों कर्मचारी मौके पर पहुंचे और मामले की पड़ताल की शुरू की गई तो पुलिस को भी कई चौकाने वाली जानकारी सामने आई। जिसमें तांत्रिक द्वारा लाखों रुपए लेकर करोड़ों रुपए की झारन विधि से बारिश कराने के चक्कर में उनकी हत्या हुई थी। पुलिस ने इस मामले में 6 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

---

# 12 साल से अपनों की राह देख रहा नर कंकाल



## कंकाल केस हुआ दफ्न, शिनाख्त तक नहीं हो पाई

## टिन ड्रम के भीतर मिला था कंकाल

फैक्ट्री के टिन के ड्रम में करीब 12 साल पहले निकला एक नर कंकाल आज भी अपने रिश्तेदारों की राह ताक रहा है। हत्यारों ने लकड़ी और अन्य भारी सामान से ड्रम को ऐसा बंद कर दिया था कि किसी को पता ही नहीं चले कि इसमें किसी की लाश छिपाई गई है। सालों बीत जाने के बाद भी पुलिस अभी यह स्पष्ट नहीं करा सकी है कि यह कंकाल किसी पुरुष का है या महिला का। तत्कालीन अधिकारी भी अब यह नहीं बता पा रहे हैं कि आखिर कंकाल में पूरी तरह तब्दील हो चुकी यह लाश किसकी है।

**भिलाई से जेएम तांडी**

उस दिन सभी कर्मचारी कंपनी के साफ सफाई में ही लगे हुए थे, किसी को कोई खबर नहीं थी कि कंपनी के भीतर कुछ ऐसा भी होगा। सफाई करते हुए अचानक कंपनी के बाहर रखे टिन के ड्रम तक कर्मी पहुंच गए। जैसे ड्रम को किनारे किया, वैसे ही देखा कि ड्रम के पीछे हिस्से में एक नर कंकाल पड़ा हुआ है। खबर लगते ही खुर्सीपार स्थित महालक्ष्मी ट्रेडिंग कंपनी में खासी खलबली मच गई। आसपास के लोगों का आना-जाना में कंपनी चालू हो गया। लोग यही सोचते रहे कि नर कंकाल में कोई अपना तो नहीं है, मगर कंकाल की शिनाख्त अभी तक नहीं हो पाई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद खुर्सीपार के तत्कालीन थाना प्रभारी अल्बर्ट कुजूर मौके पर पहुंचकर कंकाल के बारे में पतासाजी में जुट गए। कंकाल को कब्जे में लेकर इसकी शिनाख्त करने में पुलिस जुटी रही।

पुलिस के मुताबिक, कंपनी के अहाते में मिले नर कंकाल की जांच में एक बात स्पष्ट हो गई है कि हत्या कर शव को कंपनी के अंदर छिपाया गया है। कंकाल मिलने की स्थिति और उसे छिपाने के लिए की गई कोशिश पूरी कहानी खुद ही बयां कर रही है। नंदिनी रोड स्थित तेलहा नाला के पास महालक्ष्मी ट्रेडिंग कंपनी में 31 जनवरी 2014 को सफाई के दौरान कंपनी के अहाते में रखे टिन के ड्रम को जब हटाया गया, तो एक पुराने ड्रम में नर कंकाल निकला। जब कर्मचारी ड्रम को एक स्थान से हटा रहे थे, तब ड्रम की निचली सतह टूट गई और उसके अंदर से मानव खोपड़ी बाहर निकली। जब पूरे ड्रम को पलटा गया तो एक इंसान के पूरे शरीर की हड्डियां ड्रम से बाहर निकली। पुलिस ने कंकाल को पीएम के लिए रायपुर स्थित मेडिकल कॉलेज भेजा गया। जांच रिपोर्ट में भी पुलिस ने कोई खुलासा नहीं कर पाई। मौका ए वारदात से लगा कि पूरा मामला संदिग्ध था। कंपनी का इलाका और घटना स्थल से अनुमान लगाया जा रहा है कि लाश को छिपाने के लिए ड्रम में रखा गया था। ड्रम में सबसे नीचे कंकाल था और उसे ढकने के लिए उसके ऊपर से टायर, लड़की के गट्ठे और मिट्टी डाली गई थी। कंकाल कितना पुराना है और महिला का है या पुरुष का? इस बात का खुलासा सालों बाद भी नहीं पता चल पाया है। पुलिस की माने तो यह कंकाल करीब आठ से दस साल पुराना है।



### बिना मैचिंग के डीएनए नहीं

कंकाल मामले में पुलिस कोई भी मामले का उस समय डीएनए कराया जाता है, जब उसकी शिनाख्त किसी भी प्रकार से नहीं हो रही हो, लेकिन डीएनए के लिए खर्चें भी काफी लगते हैं। डीएनए में परिजनों का होना अनिवार्य होता अगर उसका कोई नहीं है तो आखिर डीएनए किससे मैच किया जाएगा। ड्रम में मिले कंकाल से यह साबित होता है कि पहले उसकी हत्या कर उसे छिपाने की नीयत से ड्रम में रखा गया है। कई बार इस तरह के केस को पुलिस फाइल बंद कर देती है। कंकाल को मेड़िकल कालेज भेजा गया था। उसके बाद की जानकारी नहीं है।

**अनुपमा मेश्राम**
तत्कालीन फॉरेंसिक एक्सपर्ट

### लाश को ड्रम में छिपाया गया था

पुलिस का मानना है कि या तो लाश को बाहर से लाकर कंपनी में रखे ड्रम में छिपाया गया होगा या फिर कंपनी में ही हत्या कर उसके लाश को ड्रम में भर दिया गया होगा। कंपनी की दीवारें काफी ऊंची होने के साथ ही उस पर कांच के टुकड़े लगे हुए हैं और जीई रोड के ठीक सामने होने के कारण वहां पर बाहर से लाश लाने की बात भी आसान नहीं लग रही है और वहां पर 24 घंटे गार्ड का भी पहरा रहता है। आखिर कंकाल कंपनी में कैसे पहुंचा इसकी जानकारी भी पुलिस अभी तक जुटा नहीं पाई है। कंकाल मिलने से पूरा मामला संदिग्ध हो गया है और पुलिस कंकाल के बारे में कुछ भी कहने से इंकार कर रही है। इसके अलावा शिनाख्त करने में भी पुलिस ने काफी समय लगा दिया है।

### महिला या पुरुष, नहीं हो पाई शिनाख्त

पुलिस कंकाल को लेकर कुछ खास नहीं कर पाई है। कार्रवाई में मात्र कंकाल को मेडिकल कालेज भेजा है। जिसकी रिपोर्ट पुलिस के पास पहुंच भी गई, लेकिन उसे अब तक नहीं बताया गया है। कंकाल मिलने के बाद से कई तरह की अटकलें शहर में चल रही थी। कंकाल महिला या पुरुष का है, इसकी भी शिनाख्त पुलिस नहीं कर पाई। इसके कारण लोगों की जबान पर कंकाल की कहनी अब भी चर्चा का विषय बना हुआ है। वैसे भी खुर्सीपार क्षेत्र अपराधों का गढ़ रहा है उक्त क्षेत्र में वर्षों पुराना कंकाल मिलना पुलिस के लिए पहेली बनकर रह गई है। कंकाल मामला अब भी पेडिंग पड़ा हुआ है।

---

# उठाईगिरों के नाम से बदनाम गांव

**बिलासपुर से कृष्णा तंबोली**

महाराष्ट्र का एक ऐसा गांव, जो उठाईगिरों के गिरोह के नाम से बदनाम है। बिलासपुर में बीते साल एक सर्राफा कारोबारी के साथ हुई उठाईगिरी के मामले में जांच के सिलसिल में जब फोर्स महाराष्ट्र के गांव पहुची, तो पता चला कि इस गांव के लगभग सारे मर्द अपराध को अंजाम देने के लिए देश-भर के अलग-अलग राज्यों में सर्राफा और सोना कारोबारियों की रेकी कर रहे हैं। वहीं, पुलिस को गांव में केवल महिलाएं और छोटे-छोटे बच्चे ही दिखे।



पीड़ित व्यापारी

पेशेवर अपराधियों ने बस सवार सराफा व्यापारी का एक करोड़ का गोल्ड और नकद पार कर दिया। छह माह हो गए, सीसीटीवी फुटेज में चेहरे कैद हैं, स्कार्पियो की मूवमेंट दर्ज है और संदिग्धों की पहचान तक हो चुकी है। फिर भी इस सनसनीखेज उठाईगिरी का राज, जस का तस है।

मामला रतनपुर थाना क्षेत्र का है। पुलिस के मुताबिक किशोर कुमार सराफा कारोबार से जुड़े हुए हैं। व्यापार के सिलसिले में अंबिकापुर गए थे। वापसी के दौरान वह रॉयल ट्रैवल्स की बस से अंबिकापुर से रायपुर लौट रहे थे। रायपुर पहुंचने पर उन्हें पता चला कि कीमती ज्वेलरी से भरा उनका बैग किसी ने गायब कर दिया है। इसके बाद मामले का खुलासा हुआ। पुलिस की जांच में यह भी साफ हुआ कि बिना नंबर की स्कार्पियो से आरोपियों ने व्यापारी का पीछा किया था और बीच में बस में सवार हो गए थे। व्यापारी को बस में नींद आ गई और इसी का फायदा उठाकार 1 करोड़ के सोने व जेवर व 7.50 लाख रुपए नकद से भरा थैला चोरी करने के बाद अपराधी स्कार्पियो से भाग गए। पिछले साल 14 अक्टूबर 2025 दीपावली के पहले रायपुर के सराफा व्यापारी किशोर कुमार रावल सोने के जेवर बेचने अम्बिकापुर गए थे। मार्केट में घूमकर जेवर बेचने के बाद रात में अम्बिकापुर से बस में सवार होकर रायपुर जा रहे थे। देर रात नींद आने पर वह बस में ही सो गए। दूसरे दिन उनकी नींद बिलासपुर नेहरू चौक में खुली तो उनका जेवर से भरा थैला चोरी हो गया था। थैले में 1 करोड़ के सोने के जेवर व 7.50 लाख रुपए बिक्री की नकद रकम थी। वह बस से सीधे रायपुर चले गए और अन्य व्यापारियों से घटना के संबंध में चर्चा की। व्यापारियों के कहने पर श्री रावल उक्त बस ट्रैवर्ल्स के कार्यालय गए।

**सीसीटीवी में कैद आरोपी**



### अम्बिकापुर में हुई संदेहियों की पहचान

पुलिस की एक टीम फुटेज लेकर अम्बिकापुर गई और सराफा दुकान के आसपास घूमने वाले संदेहियों को हिरासत में लेकर फुटेज दिखाकर पहचान कारवाई। संदेहियों ने फुटेज देखकर महाराष्ट्र सोलापुर के पेशेवर उठाईगीर के रूप में पहचान की। संदेहियों की पहचान होने के बाद पुलिस टीम महाराष्ट्र सोलापुर गई। वहां की पुलिस को उठाईगिरी की जानकारी देकर सहयोग मांगा गया। पेशेवर उठाईगीर जहां रहते हैं, वह विवादित इलाका था। सोलापुर पुलिस ने बस व कई गाड़ियों में बलवाड्रिल से लैस होकर उठाईगिरों के ठिकानो में दबिश दी, लेकिन पता चला कि वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी घर नहीं लौटे थे। उसके बाद से करोड़ों की उठाईगिरी की फाइल थाने में धूल खाते कोने में पड़ी हुई है।

### सराफा उठाईगिरी के लिए देश भर में बदनाम

पुलिस ने सोलापुर में उठाईगिरों के गांव में दबिश दी तो हैरत में पड़ गई। पूरे गांव में एक भी पुरुष नहीं थे। घरों में केवल महिलाएं व बच्चे थे। जानकारी लेने पर पता चला कि गांव के सभी पुरुष देश भर में सराफा मार्केट में रेकी कर बड़े-बड़े सराफा व्यापारियों को शिकार बनाकर उठाईगिरी की वारदात को अंजाम देते हैं। उक्त गांव में देश भर के पुलिस का लगभग हमेशा से ही डेरा रहता है।

### ऐसे दिया वारदात को अंजाम

पुलिस की जांच में बात सामने आई कि पेशेवर उठाईगीर पहले से अम्बिकापुर में डेरा जमाकर व्यापार के लिए आने-जाने वाले सराफा व्यापारियों की रेकी कर रहे थे। इसी बीच उठाईगिरों ने व्यापारी श्री रावल को कई दुकानों में आते जाते व सोने के जेवर बेचते देख लिया। रात में श्री रावल बस में सवार हुए तो दो उठाईगीर बस में सवार हो गए और दो लोग स्कार्पियो से बस का पीछा करने लगे। इस दौरान उठाईगिरों के बीच मोबाइल में बातचीत होती रही। रतनपुर के पास व्यापारी की नींद लग गई और उठाईगीर उनका जेवर नकद से भरा बेग पार कर रतनपुर बस स्टॉप में उतर गए और अपने साथियों के साथ स्कार्पियो में सवार होकर भाग गए।

# अब सोने पर लोन के नियम बदले, बैंक पर होगी कड़ी निगरानी, बड़ा बदलाव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कहा जाता है कि मुश्किल समय में साथ देने वाला या तो अपना होता है या सोना। ऐसे समय में सोना ही वह सबसे भरोसेमंद संपत्ति है जिसे तुरंत नकदी में बदला जा सकता है।

■ अब छोटे लोन पर ज्यादा लोन वैल्यू मिलेगा

इसी को ध्यान में रखते हुए आरबीआई ने वर्ष 2026 में गोल्ड लोन नियमों में बड़े और क्रांतिकारी बदलाव किए हैं, जो आम लोगों के लिए काफी फायदेमंद साबित होंगे। नए नियमों के अनुसार अब छोटे लोन पर ज्यादा लोन वैल्यू मिलेगा। 2.5 लाख रुपए तक के लोन पर 85 प्रतिशत तक, 5 लाख रुपए तक 80 प्रतिशत और उससे ज्यादा राशि पर 75 प्रतिशत तक ही लोन मिलेगा। इससे छोटे कर्ज लेने वालों को फायदा होगा, लेकिन बड़े कर्ज लेने वालों को पहले की तुलना में कम अमाउंट मिल सकती है।

## 2.5 लाख रुपए तक के लोन पर 85 प्रतिशत तक लोन

### गोल्ड लोन का इस्तेमाल सोना खरीदने में नहीं होगा

सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब गोल्ड लोन का इस्तेमाल सोना खरीदने के लिए नहीं किया जा सकेगा। इसका इस्तेमाल केवल मेडिकल इमरजेंसी या व्यापारिक जरूरतों के लिए ही किया जा सकेगा। आरबीआई का मकसद फाइनेंशियल रिस्क को कम करना और सिस्टम को ज्यादा सुरक्षित बनाना है।



### अब केवल सोने का वजन माना जाएगा

सोने की वैल्यू तय करने में भी पारदर्शिता बढ़ाई गई है। अब केवल सोने का वजन ही माना जाएगा, उसमें लगे पत्थरों की कीमत शामिल नहीं होगी। साथ ही पिछले 30 दिनों की औसत कीमत या मौजूदा कीमत में जो कम होगी, उसी के आधार पर लोन मिलेगा। लोन चुकाने के बाद बैंक को 7 वर्किंग डेज के अंदर सोना वापस करना जरूरी होगा। अगर देरी होती है तो बैंक को रोजाना 5,000 रुपए का जुर्माना देना पड़ेगा।

### ज्यादा लोन लेने वालों की होगी क्रेडिट जांच

अब 2.5 लाख रुपए से ज्यादा लोन लेने वालों की क्रेडिट जांच जरूरी होगी। बैंक यह भी देखेंगे कि ग्राहक लोन चुकाने में सक्षम है या नहीं। वहीं छोटे लोन पर यह प्रक्रिया आसान रहेगी। गोल्ड लोन की 'बुलेट रीपेमेंट' सिस्टम में अब मैक्सिमम 12 महीने की सीमा तय कर दी गई है यानी ब्याज और मूलधन एक साथ चुकाने की सुविधा सीमित समय तक ही रहेगी। पुराने लोन को बार-बार बिना ब्याज चुकाए रिन्यू नहीं किया जा सकेगा।

## खबर संक्षेप

### हिंदुस्तान जिंक का मुनाफा रिकॉर्ड 5,033 करोड़ रुपए

HINDUSTAN ZINC

**नई दिल्ली।** वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की मार्च तिमाही में मुनाफा 5,033 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 3,003 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। जस्ता और चांदी की ऊंची कीमतों तथा उत्पादन बढ़ने से कंपनी का मुनाफा बढ़ा।

### भूमि अधिग्रहण में देरी से राजमार्ग निर्माण पिछड़ा



**नई दिल्ली।** देश में वित्त वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण 9,380 किलोमीटर रहा, जो 10,000 किलोमीटर के लक्ष्य से कम है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। लक्ष्य से पीछे रहने का मुख्य कारण भूमि अधिग्रहण में देरी और अन्य मंजूरियां मिलने में समय लगना रहा। पिछले वित्त वर्ष में राजमार्ग निर्माण की लंबाई 2017-18 के बाद से सबसे कम रही। मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2024-25 में 10,660 किलोमीटर, 2023-24 में 12,349 किलोमीटर और 2022-23 में 10,331 किलोमीटर राजमार्ग बनाए थे। निर्माण की रफ्तार में यह कमी मुख्य रूप से नई परियोजनाओं के आवंटन में गिरावट के कारण आई है।

### केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने एसबीआई के कार्यक्रम में कहा

# घरेलू खपत से वृद्धि को मिल रही मजबूती जीडीपी के लिए पूर्वानुमानित समर्थन जरूरी

एजेंसी ▶▶| पुणे

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि घरेलू खपत देश की आर्थिक वृद्धि को गति दे रही है और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के विस्तार की रफ्तार बनाए रखने के लिए स्थिर और पूर्वानुमानित नीतिगत समर्थन आवश्यक है।

सीतारमण ने यहां एसबीआई द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि बैंकरों की एक समिति इस मुद्दे पर विचार कर रही है कि क्या बैंकों द्वारा तीसरे पक्ष के उत्पादों को बेचने के लिए विशेष वितरण गठजोड़ की अनुमति दी जाए या 'खुली संरचना' का दृष्टिकोण अपनाया जाए। उन्होंने बैंकों से आग्रह किया कि जैसे-जैसे वे वैश्विक और डिजिटल हो रहे हैं, वे ग्राहकों के साथ प्रत्यक्ष संपर्क पर भी ध्यान दें। उन्होंने कहा कि आईडीबीआई बैंक की विनिवेश प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी।

### अमेरिकी झटके के बावजूद निर्यातकों के काम की सराहना

*सीतारमण ने कहा, ''अगर हमारे घरेलू विनिर्माण, कृषि विकास, पर्यटन, आईटी और संबंधित सेवा क्षेत्र को निरंतर और पूर्वानुमानित समर्थन नहीं दिया जाता, भारत की वृद्धि गाथा को बनाए रखना मुश्किल होगा। निर्यात के महत्व पर चर्चा करते हुए सीतारमण ने पिछले कुछ महीनों में अमेरिकी शुल्क जैसे झटकों के बावजूद निर्यातकों के काम की सराहना की।*



■ बैंकरों की एक समिति इस मुद्दे पर विचार कर रही है

■ तीसरे पक्ष के उत्पादों को बेचने विशेष गठजोड़ की अनुमति मिले




***एसबीआई लाइफ के शेयरों में तेज गिरावट :*** *तीसरे पक्ष के उत्पादों की बिक्री के लिए 'खुली संरचना' के सवाल पर उन्होंने बताया कि आईबीए के तहत एक समिति इसकी समीक्षा कर रही है। वित्त मंत्री की इस टिप्पणी के बाद एसबीआई लाइफ के शेयरों में तेज गिरावट देखी गई, जो प्रीमियम के लिए अपने मूल बैंक पर निर्भर है।*

### निर्यातकों ने मुश्किल समय में नए बाजार खोजे

वित्त मंत्री ने कहा कि निर्यातकों ने मुश्किल समय में नए बाजार खोजे हैं। पश्चिम एशिया संकट से प्रभावित क्षेत्रों को नीतिगत समर्थन के सवाल पर उन्होंने कहा कि सरकार स्थिति पर नजर रखे हुए है और अमेरिका-ईरान वार्ता के बीच चीजें बहुत गतिशील हैं। बैंकों की परिसंपत्ति गुणवत्ता पर इस संकट के प्रभाव से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि चिंता करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि एनपीए कई दशकों के निचले स्तर पर है।

***बैंक ग्राहकों के साथ बेहतर जुड़ाव रखें :*** *सीतारमण ने इस बात पर भी जोर दिया कि डिजिटल प्रगति के बीच बैंकों को ग्राहकों के साथ बेहतर जुड़ाव रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बैंकिंग में मानवीय तत्व ही समावेशन की भावना है।*

# ऊर्जा संकट के कारण रिलायंस का लाभ घटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का 2025-26 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 12.5 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,971 करोड़ रुपये रहा। वैश्विक ऊर्जा संकट का असर उसके मुख्य तेल एवं रसायन कारोबार पर पड़ा जिससे दूरसंचार तथा खुदरा कारोबार में हुए लाभ की भरपाई नहीं हो सकी।कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में उसका मुनाफा 19,407 करोड़ रुपये था। साथ ही अक्टूबर-दिसंबर 2025 तिमाही के 18,645 करोड़ रुपये के मुकाबले भी यह लाभ कम रहा।

■ चौथी तिमाही का शुद्ध लाभ 12 .5 प्रतिशत गिरा

■ दूरसंचार व खुदरा कारोबार से नहीं हो पाई भरपाई

### जियो का मुनाफा 13 फीसदी बढ़ा

*जियो प्लेटफॉर्म्स का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 13 प्रतिशत बढ़कर 7,935 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान (जनवरी-मार्च) तिमाही में 7,022 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की परिचालन आय 12.5 प्रतिशत बढ़कर 38,259 करोड़ रुपये हो गई जो वित्त वर्ष 2024-15 की समान तिमाही में 39,853 करोड़ रुपये थी।*

समीक्षाधीन तिमाही में कुल आय बढ़कर 3.03 लाख करोड़ रुपये हो गई जो एक साल पहले 2.69 लाख करोड़ रुपये थी। समूचे वित्त वर्ष में कंपनी का शुद्ध लाभ 80,775 करोड़ रुपये रहा जो 2024-25 के 69,648 करोड़ रुपये की तुलना में 16 प्रतिशत अधिक है।

### टाटा कैपिटल के लाभ में 43 प्रतिशत का उछाल

**मुंबई।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी टाटा कैपिटल का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 43 प्रतिशत बढ़कर 1,502 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने यह भी कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संकट से जुड़े जोखिमों को देखते हुए वह सूक्ष्म, छोटे एवं मझोले उद्यमों को ऋण वितरण में अतिरिक्त सावधानी बरत रही है। 2024-25 की समान तिमाही में 1,052 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था, जबकि 2024-25 की जुलाई-सितंब तिमाही में टाटा कैपिटल का शुद्ध लाभ 1,257 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कंपनी की शुद्ध ब्याज आय 3,477 करोड़ रुपये रही।

### डॉलर के मजबूत होने से सोना, चांदी में गिरावट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में लगातार तीसरे सत्र में गिरावट जारी रही। डॉलर के मज़बूत होने और वैश्विक अनिश्चितता बढ़ने के बीच सोने की कीमत में 200 रुपये और चांदी की कीमत में 3,000 रुपये की भारी गिरावट दर्ज की गई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 200 रुपये गिरकर 1,55,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई, जो बृहस्पतिवार को 1,56,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी की कीमत भी 3,000 रुपये की गिरावट के साथ 2,47,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 2,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में विश्लेषक सोने पर दबाव बना रहा और यह दो सप्ताह के निचले स्तर के करीब कारोबार कर रहा था।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

**Appointment आवश्यकता**

**टेलीकॉलर**

Requirment- Creditsea Finance Hiring Telecaller - Collection Associates (Hindi, English, Tamil, Telugu, Kannada, Malayalam). Salary 15,000–25,000; Male/Female; Complete Desk Job.3rd floor, Radhey Chambers, Pandri. Contact HR : 9109165137, 7999611198, 9131205196; Freshers, Experienced apply Immediately now. (RO-7243)

**कुक/स्टाफ**

आवश्यकता है- वीआईपी चौक, तेलीबांधा में, घर में शाकाहारी भोजन बनाने व साफ़-सफाई हेतु कुक/स्टाफ (महिला/पुरुष) की आवश्यकता है। बीड़ी-सिगरेट/शराब-गुटखा आदि निषेध। संपर्क: 9300593000.(आरो-103)

**दवा दुकान**

आवश्यकता है- थोक दवा दुकान में कार्य हेतु लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन- योग्यतानुसार- आशीष शुभम मेडिकोज, 41 छत्तीसगढ़ दवा बाजार रजबंधा मैदान रायपुर 8103981038. (आरो-44)

**गार्ड**

URGENTLY REQUIRED- गार्ड, Vacancy- 1, आयु – 30 – 40 वर्ष रहने की सुविधा उपलब्ध ड्यूटी – सुबह 8:00 से शाम 8:00 तक स्थान : शंकर नगर, रायपुर Call us : +91 6232019795. (आरो-06)

**ड्राइवर**

आवश्यकता है- अनुभवी घरेलू ऑटोमेटिक कार ड्राइवर की, गायत्री नगर, अवंती नगर / शंकर नगर रायपुर के पास रहने वाले को प्राथमिकता । आवेदन करें, लायसेंस व आधारकार्ड के साथ । सम्पर्क- मोबाइल 9977703216.(आरो-39)

आवश्यकता है- ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। 35 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है । ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30 बजे तक , रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से दोपहर 3:00 बजे तक (सूचना :- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें ) सैलरी 25,000/- प्रतिमाह । पता - सिविल लाईन्स, रायपुर, संपर्क :- 9644720222.(आरो-05)

**घरेलु नौकर**

आवश्यकता है- रायपुर स्थित प्रतिष्ठित अग्रवाल फैमिली हेतु 12घंटे एवं 24घंटे* कार्य हेतु अनुभवी, विश्वसनीय एवं जिम्मेदार घरेलू नौकर की आवश्यकता है। अनुभव 5वर्ष शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 10वीं पास वेतन 25,000 प्रतिमाह सुविधाएं रहने खाने की व्यवस्था नि.शुल्क स्थान: सिविल लाइन्स रायपुर संपर्क:- 9109222000, 9109125252.(आरो-004)

**टेक्नीशियन**

आवश्यकता है- यूरेका फोर्ब्स (Aquaguard) : सर्विस टेक्नीशियन – 3 , टेलीकॉलर – 3 , फील्ड वर्कर – 3 , सेल्स रिप्रेजेंटेटिव – 6, दीपिका सर्विसेज - कर्मचारी कॉलोनी, कुशालपुर मोबाइल: 9826652461. (आरो-6649)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**ऑफिस/फील्ड वर्क**

आवश्यकता है- एलआईसी में 12वीं पास लड़कों की आवश्यकता ऑफिस वर्क और फील्ड वर्क के लिए लड़कों की जरूरत है। आकर्षक सैलरी + इंसेंटिव। फ्री ट्रेनिंग दी जाएगी। करियर बनाने का सुनहरा मौका। इच्छुक उम्मीदवार तुरंत संपर्क करें:- 7470392352.(आरो-6650)

**ड्रायवर/दुकान कार्य**

आवश्यकता है- जनरल दुकान में कार्य करने हेतु लड़को की एवं कार चलाने हेतु ड्रायवर की आवश्यकता हैं। वेतन योग्यता अनुसार, अपने परिचय पत्र के साथ मिले- श्री कृष्णा मार्केटिंग, पेटी लाईन, गोल बाजार, रायपुर, फोन: 7224926767.(आरो-075)

आवश्यकता है- सैनिटरी गोदाम में काम करने के लिए ड्राइवर की जरूरत है जो ऑटो और कार दोनों चलाए पचपेड़ी नाका रायपुर संपर्क 99777-77703.(आरो-236)

**ऑपरेटर/इंजीनियर**

आवश्यकता है- (1) महिला- कम्प्यूटर ऑपरेटर (XL, Word, email, हिन्दी से इंग्लिश लेटर टाइपिंग), ऑफिस कार्य (2) पुरुष- मेडिकल मशीन की मार्केटिंग, सर्विस इंजीनियर, ऑर्थोपेडिक एवं TKR THR Joints की सर्जरी कराने, सामान लाने लेजाने+ आफिस जनरल काम हेतु, ईको+ Nexon कार ड्राइवर (13000- 30000) पता- भारत मेडिकल सिस्टम, Sec-11A , कमल विहार, रायपुर 9326609234, 9300335829.(आरो-40652)




**आवश्यकता**

आवश्यकता है- "डिग्री की आवश्यकता नहीं है अगर आप विवेकशील और संवेदनशील हैं? अहिवारा (दुर्ग) के पास Organic Farm में आवश्यकता है 1. जिम्मेदार व्यक्ति की जो समस्या की जगह समाधान प्रस्तुत कर सके और सहयोगियों के साथ स्नेह पूर्वक व्यवस्था चलने में सहयोग कर सके। 2. गोशाला में सहयोगी की संपर्क: 6264697338. (आरो-04)

**इलेक्ट्रीशियन**

आवश्यकता है- मध्य भारत के सबसे बड़े लॉजिस्टिक्स पार्क प्रोजेक्ट श्री वासु लॉजिस्टिक्स लिमिटेड मे मध्य भारत के सबसे बड़े लॉजिस्टिक्स पार्क प्रोजेक्ट में वायरिंग, सर्किट, पैनल एवं उपकरण इंस्टालेशन हेतु इलेक्ट्रिशियन की आवश्यकता । मोबाइल- 9201835614, यूनिट- 6, नया कार्यालय भवन, रिंग रोड 4 के पास, तेंदुआ IID, रायपुर।(आरो-521)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- थोक रेडीमेड कपड़ा दुकान में काम हेतु लड़के / लड़की की अनुभवी/बगैर अनुभवी वेतन योग्यतानुसार, बायोडाटा सहित मिले , रायपुर निवासी को प्राथमिकता। महेश फैब्रिक्स , शॉप नम्बर 8,जैन ज्योति काम्प्लेक्स चिकनी मंदिर के पास , अलका रेस्टोंरंट के सामने,गोल बाजार रायपुर 9752022866 , 7415842111.(आरो-237)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

**सुरक्षागार्ड/सुपरवाइजर**

आवश्यकता है- उद्योगिक क्षेत्र रायपुर दुर्ग, बिलासपुर एवं रायगढ़ के लिए सुरक्षा कर्मचारी की आवश्यकता है। 1. सुरक्षा गार्ड 2. सुरक्षा सुपरवाइजर 3. एरिया मार्केटिंग ऑफिसर 4. एरिया रिक्रूटमेंट ऑफिसर वेतन योग्यतानुसार एवं अधिक जानकारी के लिए संपर्क: BISS सिक्यूरिटी 02 बिज़नस सेन्टर, भनपुरी, रायपुर मोबाइल:- 9111400666.(आरो-07)

आवश्यकता है- मॉडर्न इंडिया सिक्योरिटी सर्विस में 200 सिक्योरिटी गार्ड की आवश्यकता, मुफ़्त जॉइनिंग। PF + ESI + रहने की सुविधा उपलब्ध। वेतनः-15,000 , आयु: 20-45 वर्ष। 10वीं पास। संपर्कः-भिलाई, छत्तीसगढ़। मो.-9399600124, 8435720357.(आरो न.-4148)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस में फ़ाइल मैनेज, अन्य ऑफिस कार्य हेतु युवती चाहिये, सम्पर्क केवल वाट्सअप पर बायोडाटा पासपोर्ट साईज फोटो भेजे व इंटरव्यू में दोनों साथ लाये 9229977000, शाप नं.- 120, कृष्णा काम्प्लेक्स, कचहरी चौक, रायपुर। (आरो-522)

आवश्यकता है- राष्ट्रीय स्तर की कंपनी को अपने ऑफिस विस्तार हेतु अविवाहित युवकों की आवश्यकता हैं जो शहर से बाहर छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश मे रहकर काम कर सके वेतन 12000 रहना खाना नियुक्ति फ्री ट्रेनिंग के बाद कमाये 20 से 25 हजार महीना सम्पर्क करे 9755577072, 7999114133.(आरो-401)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**क्लीनिक कार्य**

आवश्यकता है- आयुर्वेदिक क्लीनिक में कार्य करने हेतु लड़के/ लड़किया/ पुरूष/ महिला जरूरत संपर्क :-डॉ.अग्रवाल गुरूद्वारा स्टेशन रोड दुर्ग मोहन नगर थाना के सामने मो.- 98271-99213.(आरो न.-4149)

**मिस्त्री/हेल्पर**

आवश्यकता है- फैक्ट्री मेस में कार्य करने हेतु खाना मिस्त्री, रोटी मिस्त्री, किचन हेल्पर, काउन्टर में खाना देने, बर्तन धोने के वाले चाहिए। रहने, खाने की सुविधा। सम्पर्क करें- बिलासपुर 8871824812, 9993334937.(आरो-40651)

**इंजीनियर/असिस्टेंट**

WE ARE HIRING- (1) Purchase Executive(M)-1,12k-15k, 2-3Year OR Store Keeper Exp Bhilai ,B.Com. (2)Sales & Mktg- 4, 9k-10k, 1-2Year/Fresher, Anjora / Bhilai Factory, Any Graduate (3)Personal Assistant(M)-1 ,12k-15k, Fresher/1-2 Year, Bhilai Any Graduate (4)Engineer(M)-2, 10k Fresher, Rasmada, BE (Mech) ,(5)Office Asst-1,10k-12k Fresher/1-2Year, Anjora B. Com (6) Office Asst-1,10k Fresher/1-2Year ,Bhilai B. Com.(7) CA-1 35k-45k Fresher/1-2Year, Bhilai CA ,Send Your Resume:- hr.poly-bond1995@gmail.com Last Date of Resume Submission Within 5 Days, Contact Us:- 9179050680 Polybond Insulation Pvt Ltd, Nehru Nagar, Bhilai (आरो न.-4147)

**प्रशिक्षण अधिकारी**

प्रशिक्षण - बालाजी प्रा आई टी आई भाटापारा हेतु प्रशिक्षण अधिकारी (Electrician)- 2 पद योग्यता - B.E./Diploma/ITI पास। CTIS पास को प्राथमिकता। आवेदन मेल करे - balajiitibhatapara @ gmail .com (आरो नं.-255)

**Education शिक्षण**

प्रवेश प्रारंभ- फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करे:- B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECHNIC, B.Tech,(अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा संपर्क Bharti Education Academy Sector-6 Bhilai 9826196515, 9826896515.(आरो न.-4146)

**Property प्रापर्टी**

**फ्लैट**

फ्लैट बेचना है- न्यू राजेंद्र नगर में स्थित ,ऋषभ रिजेन्सी थर्ड फ्लोर में 3 बी.एच.के. फ्लैट बेचना है। संपर्क करें- 9425207829.(आरो-151)

**For Rent किराया**

किराए से देना है- कोटा स्टेडियम रोड़ (ब्राहमण पारा) सर्वसुविधायुक्त 1 बीएचके ब्लॉक परिवार वाले को किराए से देना है संपर्क करे 9425511457, 8889470065.(आरो-522)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस महालक्ष्मी फाइनेंस द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस , पर्सनल, कृषि महिला समूह , मकान , दुकान, लघु उद्योग, पर्सनल लोन, आधारकार्ड , पैन कार्ड प्रति उपलब्ध (2% ब्याज), (30% छूट) संपर्क:- 9039310732 , 8280401638.(आरो-037)




**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेंवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Healthcare

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

अमेरिका की 'नरक' वाली टिप्पणी पर ईरान ने फिर कसा ट्रंप पर तंज

# 'कल्चरल डिटॉक्स' जैसा हो सकता है, कभी इंडिया जा करके देखो'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा सोशल मीडिया पर भारत और चीन को नरक जैसी जगह (हेलहोल) बताने वाली एक पोस्ट को रीपोस्ट करने से मानो ईरान के हाथ तुरूप का इक्का लग गया है। अब वो लगातार इसका इस्तेमाल अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय छीछालेदर करने में कर रहा है। ताजा मामला ईरान के मुंबई स्थित महावाणिज्य दूतावास की एक 'एक्स' पोस्ट से जुड़ा हुआ है। जिसमें उसने राष्ट्रपति ट्रंप को भारत की विविधता और संस्कृति को जानने-पहचानने यानी उसका अनुभव करने के लिए महाराष्ट्र की यात्रा करने का सुझाव दिया है। साथ ही यह भी कहा है कि यह एक प्रकार से उनके लिए 'कल्चरल डिटॉक्स', 'सांस्कृतिक उपचार' जैसा हो सकता है। यहां बता दें कि पूर्व में भारत और चीन को नरक बताने पर अमेरिका को ईरान ने बुरी तरह से लताड़ लगाते हुए कहा था कि असली नरक तो अमेरिका है। जिसके युद्ध अपराधी राष्ट्रपति ने ईरान की सभ्यता को नष्ट करने की धमकी दी है। भारत, चीन सभ्यता को पालने वाले दो देश हैं।

## विदेश मंत्रालय ने भी खूब सुनाया



गौरतलब है कि भारत के विदेश मंत्रालय ने ट्रंप की उक्त टिप्पणी को सख्त अंदाज में खारिज करते हुए अमेरिका को जमकर खरी-खोटी सुनाई है। एक बयान में मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि नरक वाली टिप्पणी और उसके बाद भारत में अमेरिकी दूतावास की प्रतिक्रिया किसी भी तरह से भारत-अमेरिका के संबंधों और व्यापक साझेदारी को प्रदर्शित नहीं करते हैं। टिप्पणियां पूरी तरह से मूखर्तापूर्ण, अनुचित और दूषित सोच को दर्शाती हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने देश के एक रूढ़िवादी लेखक और रेडियो होस्ट माइकल सैवेज के पॉडकास्ट के टेक्स्ट को एक पत्र के रूप में सोशल मीडिया मंच ट्रूथ सोशल पर रीपोस्ट किया था।

## ट्रंप की राष्ट्रवादी सोच को मिलता खाद-पानी

दरअसल यह पूरा मामला अमेरिका में इन दिनों जन्मजात नागरिकता पर चल रही उस बहस का हिस्सा है। जो ट्रंप और उनकी राष्ट्रवादी सोच से बखूबी मेल खाती है। अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय में भी इस मसले पर विचार-विमर्श जारी है। सैवेज ने पॉडकास्ट में यह भी कहा था कि भारत, चीन जैसे दोनों एशियाई देशों के लोग नौवें महीने में अमेरिका में बच्चा पैदा करने के लिए आते हैं। बच्चा पैदा होते ही वो तुरंत ही हमारे देश का नागरिक बन जाता है और उसके बाद पहले ये लोग खुद और धीरे-धीरे अपने परिवार के बाकी लोगों को भी अमेरिका लाकर हमारे देश का नागरिक बना देते हैं। जिसमें जन्मजात नागरिकता का हमारा कानून इन्हें मदद प्रदान करता है।

## हैशटैग संग साझा किया अनोखा वीडियो

ईरान के महावाणिज्य दूतावास ने अपनी पोस्ट में महाराष्ट्र की सुंदरता और विरासत को प्रदर्शित करने वाला एक वीडियो भी साझा किया है। जिसमें अनोखे हैशटैग के साथ लिखा है, 'कभी इंडिया आके देखो'। हैशटैग का मुख्य उद्देश्य आर्थिक राजधानी के नाम से मशहूर महाराष्ट्र और भारत की सकारात्मक छवि के साथ-साथ पर्यटन को बढ़ावा देना है। वहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईरान के एक बाद एक सोशल मीडिया पर अमेरिका पर किए जा रहे हमलों को उसके कूटनीतिक तंज व भारत के समर्थन में दी जा रही सकारात्मक प्रतिक्रिया के रूप में देखा जा रहा है।

### संयुक्त राष्ट्र में भारत ने दोहराया

# सुरक्षा परिषद के ढांचे में तत्काल सुधार जरूरी, यह समय की मांग



एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

भारत ने फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर दुनिया के विकासशील देशों का नेतृत्व करते हुए संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के ढांचे में व्यापक सुधार की पुरजोर वकालत की है। न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित उच्चस्तरीय बैठकों के दौरान भारत ने कहा कि वर्तमान वैश्विक व्यवस्था में विकासशील देशों को उचित प्रतिनिधित्व मिलना अनिवार्य है। सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने कहा कि सुरक्षा परिषद का वर्तमान स्वरूप आज की वास्तविकताओं से कोसों दूर है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार पर विशेष जोर दिया। उन्होंने मांग की कि स्थायी सदस्यता की श्रेणी में विकासशील देशों और विशेषकर अफ्रीकी देशों को स्थान दिया जाए।

## यूएन अध्यक्ष अगले हफ्ते आएंगी भारत



संयुक्त राष्ट्र महासभा की अध्यक्ष एनालेना बेयरबॉक अगले हफ्ते भारत की आधिकारिक यात्रा पर आएंगी। यह जानकारी उनकी प्रवक्ता ला नीस कॉलिन्स ने दी। प्रवक्ताने बताया कि भारत सरकार के निमंत्रण पर अपनी इस यात्रा के दौरान, बेयरबॉक भारतीय अधिकारियों के साथ कई द्विपक्षीय बैठकें करेंगी। वह भारत में संयुक्त राष्ट्र की टीम से भी मिलेंगी, जिसका नेतृत्व रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर स्टीफन प्रीसनर कर रहे हैं। यह भारत में संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष अधिकारियों की दूसरी उच्च-स्तरीय यात्रा है। बेयरबॉक पहले भी भारत की यात्रा कर चुकी हैं। जर्मनी की विदेश मंत्री के तौर पर अपनी एक यात्रा के दौरान उन्होंने भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने की वकालत की थी। उस दौरान उन्होंने दिल्ली मेट्रो में भी सफर किया था।

### सबरीमाला केसः महिलाओं की एंट्री

# मस्जिद में गर्भगृह नहीं, घर में नमाज पढ़ेंगी तो होगा बेहतर

## मुस्लिम बोर्ड ने सुप्रीम कोर्ट में कहा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड' ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि इस्लाम महिलाओं को नमाज के लिए मस्जिद आने से प्रतिबंधित नहीं करता है, लेकिन उनका घर पर ही रहना उचित है। एआईएमपीएलबी से सीनियर एडवोकेट एमआर शमशाद ने मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली 9 जजों की संविधान बेंच को बताया कि कुछ अनुशासन के अधीन महिलाओं को मस्जिद में नमाज अदा करने की अनुमति है? उ महिलाओं को मस्जिद में नमाज अदा करने की अनुमति देने का अनुरोध किया गया था। उन्होंने यह दलील दी कि मस्जिद में कोई गर्भ गृह नहीं होता।



## धार्मिक प्रथाओं की प्रकृति का निर्धारण करने का प्रयास न करें

कोर्ट को धार्मिक प्रथाओं की प्रकृति का न्यायिक निर्धारण करने का प्रयास नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संविधानके अनुसार धार्मिक प्रथा या धार्मिक प्रथाओं के मूल तत्व की व्याख्या करने का कार्य धर्म या धार्मिक संप्रदायों के विद्वानों और/या उस विशेष धर्म के विद्वानों पर छोड़ दिया जाना चाहिए। इस्लाम के शुरुआती 400 वर्षों में इस्लाम में आवश्यक धार्मिक प्रथाओं को भी इज्मा (उलेमाओं की आम सहमति) के माध्यम से घोषित किया गया था। इसका प्रयोग उन मामलों में किया जाता था जहां कुरान में कुछ अस्पष्ट संकेत दिए गए होंऔर विभिन्न वर्गों के बीच गंभीर मतभेदों को सुलझाने के लिए किया जाता था।

## यूएनजीए के 80वें सत्र की अध्यक्ष बेयरबॉक करेंगी भारत की यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80 वें सत्र की अध्यक्ष सुश्री एन्नालेना बेयरबॉक 28 अप्रैल को भारत की यात्रा करेंगी। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर के निमंत्रण पर हो रही इस यात्रा के दौरान उनके और बेयरबॉक के बीच साझा हितों से जुड़े हुए प्रमुख बहुपक्षीय मामलों पर चर्चा की जाएगी। बेयरबॉक के कार्यक्रम के मुताबिक, वह भारत पहुंचने पर राजघाट भी जाएंगी। वहां पर उनके द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इसके अलावा विदेश मंत्री और केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्रालय के साथ बेयरबॉक की कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के मामले को लेकर शासन और नियम-कायदों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। यहां बता दें कि यूएनजीए के 80 वें सत्र की अध्यक्ष की यह पहली भारत यात्रा है। जो भारत और संयुक्त राष्ट्र के बीच सहयोग को और अधिक प्रगाढ़ बनाने के संदर्भ में काफी महत्वपूर्ण समझी जा रही है।


**Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking)
(ISO 9001:2015 Certified)
1st Floor, Udyog Bhawan, Ring Road No. 1. Telibandha, Raipur(C.G.)-492006
CIN: U45203CT1981SG001853, PAN: AABCM6288N, GST Regn No22AABCM6288N5ZY
Phone: 0771-6621000 Fax: 0771-2583794
Website: www.csidc.in, Email address:csidc.cg@nic.in.cside_raipur@yahoo.com

**NOTICE INVITING TENDER (1st Call)**
**(Through e-Procurement Portal Only)**

No.: 12/CSIDC/E.E.-1/Division-1/2026-27/ 189613 Raipur, dated 23/04/2026

Online (Percentage Basis) tenders in Form-A are invited from contractors registered in Class-B & Above in New Unified Registration System (E-Registration) website https://eproc.cgstate.gov.in at appropriate class, for the following works -

| S. No. | Name of Work | Registered Contractor in CGPWD or in appropriate class in other dept. | Time allowed including rainy season | Estimated Cost (INR Lacs) | EMD (INR Rs.) | Cost of Tender Doc. (INR) including GST 18% |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of R.C.C. Drain & R.C.C. Hume pipe Culvert 1000 mm dia for 18.0m &24.0m wide road at Industrial area Silpahari Distt. Bilaspur (C.G.) | B & Above | 06 Months i/e rainyseason | 442. 73 Lacs | 2.21,500/- | 3540/- |

The tender document and other details can be downloaded from the web portal (website) https://eproc.cgstate.gov.in from 23/04/2026 and shall be submitted online only Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

**NOTE:** (2) The interested tenderers for online submission of tender may contact CG eProc Helpdesk. Operated by Mjunction Services Limited, they may reach Helpdesk using 18002582502 (from 9 AM to 11 PM) (therein press 2 for CG e-Proc) or you can email them at Helpdesk.eproc@cgswan gov in (2) Tenderer may contact to E.E., Div-l, CSIDC, Udyog Bhawan in working hours to clear their doubt if any before online submission of the tender

S-47620/1 Executive Engineer, Division-I



**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL) AU&PC, CSPGCL**
Shed No. 02, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2576320 & 0771-2576324, website www.cspc.co.in E-mail:- cecivil.aupc@gmail.com

No. 03-15/W/116 Raipur, date:22.04.2026

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from eligible bidders fulfilling the eligibility criteria as mentioned below and having experience in Govt./Public Sector Undertaking/Local bodies/Power Generating Companies in India only for the following work :-

| Sl. No. | Tender Specification No. | Description | NIT value i/c GST (Rs.) | EMD (Rs.) | Completion period (incl. Rainy season) | Rfx No. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | CEC/AU&PC /ABVTPS-MRW/W/ **2026/02** | Annual contract for utilization of fly ash in brick/tile manufacturing units upto a lead of 100 Km from ash silo of 2x500 MW ABVTPS, Marwa. | 720.18 Lacs | 5,00,000/- | 12 Months | 81000 50945 |

Cost of tender form is Rs. 1180/- (Rs.1000/- + 18% GST). The due date & time for submission of bids, Tender Cost & EMD is 20.05.2026 (up to 15:00 Hrs) and bid opening date (Techno commercial bids) is 22.05.2026 (up to 16:00) Hrs respectively. The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in: 50724/ irj /portal.

Note:- (i) The L-1 bidder shall be decided on overall cost to company basis including GST.(ii) In case, the rate quoted by the bidder is on abnormally lower side, a performance guarantee @5% of contract value i/c GST in addition to Security Deposit shall have to be deposited by the bidder.(iii) Maintenance period for the work shall be Nil.(iv) Subletting of contract will not be allowed.

SAVE ELECTRICITY

Chief Engineer (Civil) AU&PC, CSPGCL, Raipur



**Government of Jharkhand**
**Rural Works Department**
**JHARKHAND STATE RURAL ROADS DEVELOPMENT AUTHORITY (JSRRDA)**
**3rd Floor, F.F.P. Building, Dhurwa, Ranchi 834004**

**NOTICE INVITING TENDERS**
(National Competitive Bidding Through e-Procurement)

Re- eTender No.- 07/ 2026-27- PR No- 364457 Ranchi, Dated: 24.04.2026 dated 18.10.2025

The undersigned on behalf of Government of Jharkhand invites item rate bids through e-Procurement from the eligible bidders registered* in appropriate class with any State/Central Government/State /Central Government Organization for construction and maintenance for five years of the works (List of schemes shall be displayed in the website pmgsytendersjhr.gov.in) of Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna PM-JANMAN (Batch-1, 2025-26).

| Sr. No | District Name | Block Name | Tendering Package | Road Name / Bridge Name | Road Length (Kms) | Sanction Construction Cost (in lakhs) | Sanction Maintenace Cost | Total Sanction Cost with Maint. (in lakhs) | Total Package Cost (in lakhs) | Earnest Money (In Lakh) | Time of Completion (in month) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | Garhwa | Dhurki | JH-07-PMJANMAN-GAR-02 (2025-26) (2nd Call) | L021-Barka Ghat To Dhurki Main Road(Marchai) | 6.200 | 538.43 | 52.01 | 590.44 | 1,219.00 | 24.38 | 18 |
| | Garhwa | Dandai | | L022-Danrai To Korwa Piahiya Tola( Behrwa) | 3.500 | 332.49 | 29.70 | 362.19 | | | |
| | Garhwa | Chinia | | L026-Pmgsy Khuri More To Khuri Road | 2.800 | 242.26 | 24.11 | 266.37 | | | |
| 2 | Latehar | Manika | JH-14-PMJANMAN-LAT-03 (2025-26) (2nd Call) | L021-PMGSY Road Bichlidag To Bichlidag Village | 1.100 | 92.64 | 11.19 | 103.83 | 1,002.99 | 20.06 | 18 |
| | Latehar | Manika | | L023-Pmgsy road Lanka Kedlirani to Hehegarda via Uchwabal | 6.250 | 473.62 | 48.04 | 521.66 | | | |
| | Latehar | Manika | | L024-Salaia More To Salaia Village | 2.100 | 165.07 | 18.76 | 183.83 | | | |
| | Latehar | Manika | | L025-Rewed Khurd To Rewatkhurd Village | 2.200 | 175.57 | 18.10 | 193.67 | | | |
| | | Total | | | 24.15 | 2020.08 | 201.91 | 2221.99 | 2221.99 | | |

The bid should be submitted online in the website **pmgsytendersjhr.gov.in**. The bidders should have valid Digital Signature Certificate for online submission of bid.

**Details of bid submission is as under:**

| Procurement Officer | Place of Opening | Availability of tender (on-line) for bidding From | Availability of tender (on-line) for bidding To | Last date & time of seeking clarification | Last date and time of bid submission | Date & time of opening (on-line) of tender Technical bid | Date & time of opening (on-line) of tender Financial bid |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 8 | 9 |
| Engineer in Chief, JSRRDA, Ranchi | Engineer in Chief JSRRDA, Ranchi | **27.04.2026 at 10.00 AM** | **11.05.2026 upto 5.00 PM** | **05.05.2026 upto 2.00 PM** | **11.05.2026 upto 5.00 PM** | **11.05.2026 at 05.30 PM** | To be informed later |

** Non-registered bidders may also submit bid, however the successful bidders must get registered in appropriate class with appropriate authority before signing the contract.*
***** Cost may change.***

**Note :-** 1. Amount of Bid Security should be taken as mentioned in the Bid Data Sheet of the Bidding Document.
2. Cost of Bid Document (Rs. 10000) and Bid Security (as mentioned in the Bid Data Sheet) shall be deposited **online** in form as mentioned in Bid Data Sheet failing which the bid will be treated non responsive and action shall be taken as per Sec. 2 of ITB clause 12.2 (d).
3. In case, it is found, even after the award of work that the bidder has submitted/ uploaded any false/erroneous/fraudulent statement/document, he/she is liable for blacklisting and forfeiture of Bid Security.
4. Bidders must submit GST registration certificate without which bid is liable to be rejected.
5. Bidders whose names appear in the Debar/blacklist of RWD or any department of GoJ/GoI (including JSRRDA) shall not be allowed to participate in the above bids.
6. Bids submitted by bidders, who have long pending ATR(s) made inordinate delay in execution of earlier allotted construction/ maintenance works of PMGSY, may be rejected summarily.
7. In case of any discrepancy/dispute about units in BOQ, units as mentioned in Current SOR on which BOQ has been prepared shall prevail.
8. Participating bidders are free to submit grievances, if any, against the decision of technical evaluation within five days from the date of uploading of decision of technical evaluation only through email at **jh-ce@pmgsy.nic.in** Grievance submitted after stipulated period shall not be considered.
9. Bidders must have valid registration with Employee Provident Fund organization under EPF and Miscellaneous Provisions Act 1952 failing which the bid shall be rejected.
10. Bidders must not quote rate for routine maintenance. The amount for routine maintenance as indicated in the Bill of Quantities must be acceptable to bidders.
11. For unbalanced bids, extra security will be required to be deposited by the bidder at the time of Agreement.
12. The undersigned reserves the right to cancel the tender at any stage without giving prior notice/reason.

All other details can be seen in the bidding document which is available in website **pmgsytendersjhr.gov.in** as per schedule mentioned above.

Engineer-in- Chief
Rural Works Department- Cum- JSRRDA, Ranchi

PR.NO.378344 Rural Work Department (26-27):D



**श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय**
**(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)**
**बी- 4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016**

विश्वविद्यालय विभिन्न श्रेणियों में गैर-शैक्षणिक पदों की नियमित भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता हैं। विस्तृत विवरण के लिए विश्वविद्यालय के वेबसाइट को देखा जा सकता है https://www.slbsrsv.ac.in ।

ऑनलाइन आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 21.05.2026 है।

CBC-21371/11/0001/2627 कुलसचिव



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)**

क्रमांक 387/न.पा.नि. / 2026 रायगढ़ दिनाँक 24-4-26

**।। ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ।।**

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | सि.नि.क्र. | कार्य का विवरण | अनु. लागत राशि रू. (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 189619 | CONSTRUCTION OF STEEL BRIDGE AND SHIFTING LAYING OF DI PIPE LINE AT CHANDNI CHOWK AREA. | 94.39 | 15-05-2026 |
| 2 | 189625 | CONSTRUCTION OF STEEL BRIDGE AND SHIFTING LAYING OF DI PIPE LINE NEAR KEWDABADI BUS STAND. | 110.15 | 15-05-2026 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता न.पा.नि., रायगढ़



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)**
**दूरभाष- 0788-2210876**

दुर्ग, दिनांक 20.04.2026

**-:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना ::-**
**(प्रथम आमंत्रण)**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र "अ" में प्रतिशत दर पर दिनांक 11.05.2026 तक आमंत्रित की जाती हैः-

| निविदा आमंत्रण सू.क्र. / सि.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 13/189400 | जिला दुर्ग के इंदिरा नगर जुनवानी मार्ग चैनेज 1/8 से न्यू दीनदयाल कालोनी तक चैनेज 1/10 से दीनदयाल कालोनी तक चैनेज 3/2 से जुनवानी कोहका तक कुल लं. 1.385 कि.मी. निर्माण कार्य | 85.92 |
| 14/189401 | जिला बालोद के शिवनी पहुंच मार्ग लं. 0.90 कि.मी. पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य | 147.46 |
| 15/189402 | उपसंभाग क्रं. 02 बालोद के अंतर्गत अमोरा से अर्जुनी मार्ग कि.मी. 0.80 में विशेष मरम्मत कार्य | 39.35 |

टीप 1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट **http://eproc.cgstate.gov.in** से डाऊनलोड की जा सकती है।
2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें।

अधीक्षण अभियंता
G-262700369/3 लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग



**कार्यालय कलेक्टर (आबकारी),**
**जिला-बेमेतरा, (छ.ग.)**

**//निविदा सूचना//**

बेमेतरा दिनांक 23/04/2026

छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा बेमेतरा जिले के नगर पालिका बेमेतरा परिक्षेत्र के भीतर निम्नानुसार कम्पोजिट मदिरा दुकान पिकरीपारा हेतु वाणिज्यिक एवं राजस्व प्राप्ति की दृष्टि से उपयुक्त भाड़े पर दुकान / परिसर लेने बाबत कानूनी भवन मालिकों द्वारा निविदाए बोली प्रणाली के रूप में अर्थात निर्धारित प्रारूप में तकनीकी बोली (टेकनिकल बिड) अनुबंध-1 एवं वित्तीय बोली (फाईनेन्सियल बिड) अनुबंध-2 आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | मदिरा दुकान का नाम | विवरण |
|---|---|---|
| 3 | कम्पोजिट मदिरा दुकान सी.एस. -2 (घघ-कम्पोजिट) पिकरीपारा | बेमेतरा नगर पालिका सीमा परिक्षेत्र के भीतर में कम्पोजिट मदिरा दुकान पिकरीपारा हेतु पूरे साज-सज्जा से युक्त एवं अहाता सहित, भूमि व भवन जिसका क्षेत्रफल सी.एस.एम.सी.एल. की वाणिज्यिक आवश्यकताओं के अनुरूप हो। |

इच्छूक निविदादाता निविदा की शर्तें एवं निविदा संबंधी समस्त जानकारी तथा निविदा प्रपत्र दिनांक 18.05.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक कार्यालयीन समय में कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, जिला बेमेतरा (छ.ग.) के कक्ष क्रमांक 42 से प्राप्त कर सकते है।

मुहरबंद निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 18.05.2026 को दोपहर 01:00 बजे तक निर्धारित किया जाता है तथा दिनांक 18.05.2026 को सायं 04:00 बजे उप समिति के समक्ष निविदा खोले जाने की कार्यवाही की जावेगी।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित) जिला आबकारी अधिकारी
हेतु कलेक्टर
G-262700373/4 जिला बेमेतरा (छ.ग.)



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**MINOR IRRIGATION DESIGN DIVISION,**
**DUMKA, CAMP-DEOGHAR**

**e-Procurement Tender Notice**
**Two Envelope System**

Tender Reference No. :- WRD/M.I.D.D.D.C/DEOGHAR/B.D./ S.L.I-01/2026-27 Dt:-24.04.2026

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Chief Minister Solar Based Lift Irrigation Scheme at **Pahariya** under Block-Sarwan, District-Deoghar. |
| 2. | Estimated Cost (in Rs.) | Rs. **1,42,74,363.81** |
| 3. | Cost of Tender Document (in Rs.) | Rs. 10,000.00 only (non-refundable) |
| 4. | Earnest Money Deposit (in Rs.) | Rs. 1,43,000.00 only |
| 5. | Time of Completion | 11 Months |
| 6. | Mode of Submission of Tender | Online through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7. | Date of Publication of Tender on website (http://jharkhandtenders.gov.in) | Date: 29.04.2026, 11:00 A.M. |
| 8. | Last Date/ Time for downloading of bidding documents and submission of Tender on Website | Date: 14.05.2026, 05:00 P.M. |
| 9. | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date: 29.04.2026, 11:00 A.M. Last Date: 14.05.2026, 05:00 P.M. |
| 10. | Technical Bid Opening Date | Date: 15.05.2026, 05:00 P.M. |
| 11. | Officer Inviting Bids | Executive Engineer, Minor Irrigation Design Division, Dumka, Camp-Deoghar. |
| 12. | Contact No. of Procurement Officer email of Procurement Officer | Mob. No.-7257990512 Email Id-eemdddum-cemd-jhr@nic.in |
| 13. | Help line No. of Procurement Cell | Mob. No.-7004677611 |

- **Note :- Estimated cost may increase or decrease.**
- Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/MNRE approved manufacturers/ MNRE approved PV system integrators/ A registered manufacturers/ Company/ Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/ International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. Empanelled Indigenous Manufacturers of 10 HP pumps (AC Surface water Pumps) in the department with all accessories for off-grid stand alone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.
- **Only e-Tender will be accepted.**
- Further details can be seen on website **http://jharkhandtenders.gov.in.**

PR 378394 Water Resource(26-27)#D

Executive Engineer
Minor Irrigation Design Division,
Dumka, Camp-Deoghar



**DISTRICT PROJECT LIVELIHOOD COLLEGE SOCIETY**
**DANTEWADA DISTT. DANTEWADA (C.G.)**
Dantewada-Geedam Road, Karli, Dantewada, 494441
Contact No:- 9589573465
Email: dplcdantewada@gmail.com

**-:: Request for proposal-Third ::-**

Res No.- 1386/DPLCS/RFP/2026-27 Dantewada Date: 24/04/2026

**Subject: Request for Proposal (RFP) for Development, Installation, Operation, and Management of a Tourism-Based Adventure Park at Barsur, District Dantewada, Chhattisgarh.**

The District Administration, Dantewada, invites **Request for Proposals (RFP)** from eligible and experienced organizations, including **Tourism Start-ups, and Private Companies**, for the **development, installation, operation, and management** of a Tourism-Based Adventure Park at Barsur, District Dantewada, Chhattisgarh.

- **Issue Date:** 24/04/2026
- **Last Date for Submission:** 04/05/2026 till 5PM
- **Opening Date:** 05/05/2026

**Submission Details**

The detailed RFP document can be downloaded from the official website: **https://dantewada.nic.in/en** (Any updates or changes will be published on the official website; applicants are advised to check it regularly.)

Eligible applicants are required to submit their proposals in two separate sealed envelopes (Technical Proposal and Financial Proposal) at the following address:

**District Project Livelihood College Society, Dantewada**
**Karli, Block Geedam**
**District Dantewada, Chhattisgarh**
**PIN Code – 494441**

**Important Instructions**

- Late submissions will not be accepted under any circumstances.
- Proposals will be opened in the presence of the designated committee at the District Administration Office, Dantewada.

**(Approved by the District Collector, Dantewada)**

Principal
District Project Livelihood College Society Dantewada, Chhattisgarh
PIN Code - 494441

S-47617/2

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 6 | 5 | 1 | 11 |
| बेंगलुरु | 7 | 5 | 2 | 10 |
| राजस्थान | 7 | 5 | 2 | 10 |
| हैदराबाद | 7 | 4 | 3 | 8 |
| चेन्नई | 7 | 3 | 4 | 6 |
| दिल्ली | 6 | 3 | 3 | 6 |
| गुजरात | 7 | 3 | 4 | 6 |
| मुंबई | 7 | 2 | 5 | 4 |
| लखनऊ | 7 | 2 | 5 | 4 |
| कोलकाता | 7 | 1 | 5 | 3 |

**ऑरेंज कैप**



विराट कोहली
328 रन
बेंगलुरु

**पर्पल कैप**



अंशुल कंबोज
14 विकेट
चेन्नई

## खबर संक्षेप



### शुभंकर और युवराज की धीमी शुरुआत

**शंघाई।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा और युवराज संधू ने शंघाई में चल रहे वोल्वो चाइना ओपन के पहले दौर में धीमी शुरुआत की। पिछले सप्ताह भारत में खिताब जीतने वाले शुभंकर एक अंडर 70 के स्कोर के साथ संयुक्त 48वें स्थान पर रहे, जबकि युवराज संधू नौ ओवर 80 का कार्ड खेलकर 153वें स्थान पर खिसक गए। संधू को कट में जगह बनाने के लिए दूसरे दौर में चमत्कारी प्रदर्शन करना होगा। स्पेन के अलेखांद्रो डेल रे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 अंडर 61 का स्कोर बनाकर शुरुआती बढ़त हासिल की। चीन के 18 वर्षीय यानहान झोउ नौ अंडर 62 के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

### पांच बर्डी लगाकर दीक्षा संयुक्त 11वें स्थान पर



**केपटाउन।** भारत की दीक्षा डागर ने आखिरी 9 होल में 5 बर्डी लगाते हुए दक्षिण अफ्रीका महिला ओपन में पांच-अंडर 68 का कार्ड खेलकर संयुक्त रूप से 11वें स्थान पर जगह बनाई है। दक्षिण अफ्रीका महिला ओपन की वर्ष 2019 की चैंपियन दीक्षा पार 73 वाले रॉयल केप गोल्फ क्लब में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में भाग ले रही छह भारतीय गोल्फरों में सर्वश्रेष्ठ रहीं। प्रणवी उर्स (70) संयुक्त 20वें, जबकि हिताशी बक्शी और अवनी प्रशांत (73) संयुक्त 64वें स्थान पर रहीं। त्वेसा मलिक (74) और वाणी कपूर (75) क्रमशः संयुक्त 82वें और 92वें स्थान पर हैं, और कट में जगह बनाने के लिए उन्हें बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

### स्क्वैश: पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचे अभय

**नई दिल्ली।** भारत के अभय सिंह ने ज्यूरिख में खेले जा रहे 'ग्रासहॉपर कप' स्क्वैश टूर्नामेंट में मिस्र के विश्व नंबर 13 अली अबू एलेइनिन को हराकर पहली बार पीएसए 'गोल्ड लेवल' की प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व रैंकिंग में 24वें स्थान पर काबिज अभय दूसरे दौर के पहले गेम में 5-8 से पीछे चल रहे थे। उन्होंने हालांकि शानदार वापसी करते हुए सातवीं वरीयता प्राप्त एलेइनिन को 12-10, 11-9 से मात दी।

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुजरात टाइटन्स को 5 विकेट से दी शिकस्त

# साई के शतक पर कोहली-पडिक्कल ने फेरा पानी
# 206 रन के चेज में आरसीबी ने जीटी को खदेड़ा

*बेंगलुरु। देवदत्त पडिक्कल ने 55 रन और विराट कोहली ने 81 रन की बेहतरीन पारियां खेलीं, जो साई सुदर्शन के शतक पर भारी पड़ गईं, जिससे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने शुक्रवार को आईपीएल मैच में गुजरात टाइटन्स को पांच विकेट से हरा दिया। पडिक्कल और कोहली के बीच दूसरे विकेट के लिए 115 रन की साझेदारी से आरसीबी लक्ष्य हासिल करने के करीब पहुंच गई। टीम ने अंत में 18.5 ओवर में 206 रन का लक्ष्य पूरा कर लिया और 10 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। जैकब बेथेल के जल्दी आउट होने के बाद कोहली और पडीक्कल ने आक्रामक बल्लेबाजी का शानदार प्रदर्शन करते हुए गुजरात टाइटन्स के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा दीं।*

### सुदर्शन ने खेली शानदार पारी

इससे पहले सुदर्शन ने 100 रन की शानदार पारी खेली, जिसकी बदौलत गुजरात टाइटन्स ने तीन विकेट पर 205 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। गुजरात टाइटन्स की पारी के 12.4 ओवर टी20 बल्लेबाजी के बिल्कुल उलट थे, जिसमें पूर्व चैंपियन टीम ने यह साबित कर दिया कि इस प्रारुप में बिना आक्रामकता के भी रन बनाए जा सकते हैं। सुदर्शन ने आईपीएल में अपने तीसरे शतक के लिए 58 गेंद की पारी में 11 चौके और 5 छक्के लगाए। उनकी पारी टीम के लिए मजबूत नींव साबित हुई। साई ने कप्तान शुभमन गिल (32 रन, 24 गेंद) के साथ 128 रन की साझेदारी की।

### 800 चौके लगाने वाले पहले खिलाड़ी बने विराट

*दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली जब भी मैदान पर उतरते हैं तो उनके निशाने पर कोई न कोई रिकॉर्ड जरूर होता है। विराट ने आईपीएल के 34वें मैच में एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम की। वह आईपीएल के इतिहास में 800 चौके लगाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। विराट के नाम ही आईपीएल में सबसे ज्यादा चौके लगाने का रिकॉर्ड है। इसके साथ ही उन्होंने इस पारी में एक छक्का लगाते ही अपने आईपीएल करियर का 300वां छक्का पूरा कर लिया।*



विराट कोहली
प्लेयर ऑफ द मैच
81 रन
44 गेंद
08 चौके
04 छक्के

### साई ने गेल को छोड़ा पीछे

साई सुदर्शन ने अपना शतक इस मैच में 57 गेंदों पर पूरा किया और इस शतकीय पारी के दौरान आईपीएल में अपने 2000 रन भी पूरे किए। साई अब आईपीएल में सबसे कम पारियों में 2000 रन बनाने वाले बैटर बन गए हैं।

**आईपीएल में सबसे कम पारियों में 2000 रन बनाने वाले बैटर्स**

47 पारी – साई सुदर्शन
48 पारी – क्रिस गेल
52 पारी – शॉन मार्श
57 पारी – ऋतुराज गायकवाड़
60 पारी – केएल राहुल
62 पारी – यशस्वी जायसवाल
63 पारी – सचिन तेंदुलकर

## स्कोर बोर्ड

| गुजरात टाइटन्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सुदर्शन का एवं बो हेजलवुड | 100 | 58 | 11 | 5 |
| गिल का पडिक्कल बो सूयश | 32 | 24 | 2 | 1 |
| बटलर का हेजलवुड बो भुवनेश्वर | 25 | 16 | 2 | 1 |
| वाशिंगटन सुंदर नाबाद | 19 | 12 | 1 | 1 |
| जेसन होल्डर नाबाद | 23 | 10 | 1 | 2 |

अतिरिक्त : 06, कुल : 20 ओवर में 3 विकेट पर 205 रन
गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-31-1, हेजलवुड 4-0-40-1, रसिख सलाम 3-0-28-0, कृणाल पांड्या 4-0-50-0, शेफर्ड 1-0-17-0, सुयश शर्मा 4-0-36-1

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| बेथेल का शाहरुख बो सिराज | 14 | 10 | 3 | 0 |
| विराट कोहली बो होल्डर | 81 | 44 | 8 | 4 |
| पडीक्कल का राशिद खान | 55 | 27 | 2 | 6 |
| पाटीदार का सुंदर बो सुथार | 08 | 5 | 0 | 1 |
| जितेश शर्मा का सुथार बो राशिद | 10 | 6 | 1 | 1 |
| टिम डेविड नाबाद | 10 | 9 | 0 | 1 |
| कृणाल पांड्या नाबाद | 23 | 12 | 3 | 1 |

अतिरिक्त : 05, कुल : 18.5 ओवर में 5 विकेट पर 206 रन
गेंदबाजी : सिराज 3-0-25-1, रबाडा 4-0-45-0, जेसन होल्डर 3.5-0-35-1, प्रसिद्ध कृष्णा 2-0-31-0, राशिद खान 4-0-49-2, मानव सुथार 2-0-19-1

# धुरंधर ऑलराउंडर सूजी बेट्स ने किया सन्यास का ऐलान



बेट्स के नाम महिला टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा 4717 रन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली


न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर सूजी बेट्स 2026 टी20 वर्ल्ड कप के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायर हो जाएंगी। सूजी बेट्स ने हाल ही में इंग्लैंड से वापसी की है और वह इंग्लैंड की मेजबानी में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में खेलने को तैयार है। अभी न्यूजीलैंड महिला टीम का ऐलान इस टूर्नामेंट के लिए नहीं हुआ है। न्यूजीलैंड अभी टी20 वर्ल्ड कप की डिफेंडिंग चैंपियन टीम है।

### मेरा अंतिम लक्ष्य, एक और विश्व कप जीतना : सूजी

बेट्स ने संन्यास का फैसला लेते हुए कहा, जब मैं बीते 20 सालों को देखती हूं तो मुझे विश्वास ही नहीं होता कि समय कितना जल्दी बीत गया। मुझे बहुत गर्व है कि मैंने इतनी बार न्यूजीलैंड की जर्सी पहनी है और इस टीम के लिए एक बेहतर इंसान, साथी खिलाड़ी, क्रिकेटर और एथलीट बनने के लिए हर दिन प्रयास करने में मुझे अपार उद्देश्य और आनंद मिला है। मेरा एक अंतिम लक्ष्य है, ब्रिटेन जाना, एक ऐसी जगह जहां मेरी कई खास यादें बसी हैं और एक और विश्व कप जीतना। मैं इस अंतिम लक्ष्य के लिए अपनी पूरी ऊर्जा लगा दूंगी, हर मिनट इस टीम को उस तरह की क्रिकेट खेलने में मदद करने के लिए समर्पित करूंगी, जिस पर हम और हमारा देश गर्व कर सके।

# सचिन ने सैकड़ों फैंस के बीच काटा केक

एजेंसी ▸▸ मुंबई



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर अपना 53वां जन्मदिन मनाया। सचिन को उनके जन्मदिन पर न सिर्फ क्रिकेट बल्कि समाज के अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े लोग भी बधाई दी। फैंस के दिल में राज करने वाले सचिन ने अपने जन्मदिन का केक फैंस के बीच काटा। सचिन ने अपनी पत्नी अंजली तेंदुलकर के साथ सैकड़ों फैंस के सामने केक काटा और फैंस की बधाइयों के लिए उनका शुक्रिया किया। इस अवसर पर उनके फैन के रूप में पहचान बनाने वाले सुधीर भी मौजूद थे। वह झंडा लहरा रहे थे और केक कटने के समय शंख बजा रहे थे। सचिन तेंदुलकर को उनके जन्मदिन पर उनके साथी खिलाड़ियों ने बधाई दी है। युवराज सिंह ने एक्स पर लिखा, जन्मदिन मुबारक पाजी। आपके साथ मैदान साझा करना मेरे लिए सम्मान की बात थी, लेकिन आपसे सीखना उससे भी बड़ी बात थी। आपका अनुशासन, विनम्रता और प्यार हम सभी के लिए एक मिसाल है। उन यादों और उस प्रेरणा के लिए धन्यवाद, जो आप आज भी हमारे लिए बने हुए हैं। ढेर सारा प्यार।



### अंडर-18 आइस हॉकी टीम एशिया कप में लेगी हिस्सा

**नई दिल्ली।** गुरतेज सिंह भट्टी की कप्तानी में भारतीय अंडर-18 आइस हॉकी टीम किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में 27 अप्रैल से 3 मई तक होने वाले अंडर-18 एशिया कप में हिस्सा लेगी। इसकी घोषणा शुक्रवार को राष्ट्रीय महासंघ की ओर से की गई। इस टूर्नामेंट में भारत के अलावा मेजबान किर्गिस्तान, मंगोलिया, उज्बेकिस्तान, इंडोनेशिया और मकाऊ (चीन) की टीमें भी प्रतिस्पर्धा करेंगी। भारतीय टीम में देवांश शर्मा और इफ्तिखार हुसैन को उप-कप्तान की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भारतीय महिला टीम ने 2025 में यूएई के अल ऐन में आयोजित आईआईएचएफ महिला एशिया कप में कांस्य पदक जीतकर इस खेल में देश का पहला अंतरराष्ट्रीय पदक हासिल किया था। वहीं पुरुष टीम ने 2017 में आईआईएचएफ चैलेंज कप ऑफ एशिया डिवीजन एक में रजत पदक जीता था और हाल ही में 2025 एशियाई शीतकालीन खेलों में चीन के हार्बिन में भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

# पंजाब और दिल्ली में आज कड़ी टक्कर

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल के अपने अभियान को फिर से पटरी पर लाने के लिए शनिवार को होने वाले मुकाबले में तालिका में शीर्ष पर चल रही पंजाब किंग्स के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दिल्ली के लिए वापसी की राह काफी चुनौतीपूर्ण होगी। इसके लिए उसके ज्यादातर खिलाड़ियों को एक साथ अच्छा प्रदर्शन करना होगा। छह मैचों में तीन जीत और तीन हार के साथ दिल्ली फिलहाल अंकतालिका के छठे स्थान पर है, जबकि पंजाब किंग्स छह मुकाबलों में 11 अंकों के साथ शीर्ष पर काबिज है। मैच दोपहर 3.30 बजे से।

केनरा बैंक Canara Bank
Syndicate

**शुद्धि पत्र - मांग सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 11/04/2026 को "हरिभूमि रायपुर" में प्रकाशित मांग सूचना में ऋणी- **श्री यश अग्रवाल, कानूनी वारिस (पुत्र स्व. श्री सतीश कुमार अग्रवाल)** के लिमिट राशि भूलवश 20,00,00,000.00 **रूपये** हो गया था। जिसे 2,00,00,000.00 के सही रूप में पढ़ा जाये। बाकी सभी नियम व शर्तें यथावत रहेगी।

प्राधिकृत अधिकारी/केनरा बैंक

**ई-नीलामी सूचना**

**ऋणवसूली अधिकरण**

भारत सरकार, वित्त मंत्रालय वित्तीय सेवायें विभाग (बैंकिंग प्रभाग)
द्वितीय एवं तृतीय तल, संचार विकास भवन (BSNL बिल्डिंग), रेजीडेंसी रोड, हेड पोस्ट ऑफिस के पास, साउथ सिविल लाइन, जबलपुर- (मप्र) 482001

**Case No.: RC 67/2025/ओ.ए.नं. 1588/2019**

**ई-नीलामी क्रमांक 77/2026**

• UCO BANK वि. SHRI SIDDHART GHOSH एवं अन्य में पारित वसूली प्रमाणपत्र क्रमांक RC No.RC 67/2025/ O.A.No. 1588/2019 में जारी राशि की वसूली हेतु प्रमाण पत्र Rs.33,78,784.00 (Rupees Thirty Three Lakh Seventy Eight Thousand Seven Hundred Eighty Four only) तथा उस पर 8.85 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से दिनांक 25.09.2019 से ब्याज एवं वसूली हेतु निम्नलिखित संपत्ति ऑनलाईन ई-नीलामी प्रक्रिया के तहत वेबसाईट https://www.bankeauctions.com के माध्यम से की जायेगी।

ई-नीलामी की तिथि एवं समय :- 20.05.2026 दोपहर : 12.00 से 01.00

संपत्ति की अनुसूची

Flat No. 201, Second Floor, Plot area 1034 sq.ft., Block- B, Matri Chhaya, Infront of Chhattisgarh College, Gram/Mouza- Ghanora, Tehsil & District-Durg (C.G.); property in the name of Smt. Shyamili Ghosh W/o Shri Amit Ghosh.

प्रारक्षित मूल्य :-16,20,000.00 (Rupees Sixteen Lakh Twenty Thousand only);

विक्रय की शर्तें :

1. इच्छुक निविदाकर्ता वैध डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र धारक होना चाहिए। अधिक विवरण हेतु M/s. C-1 India Pvt. Ltd., website : https://www.bankeauctions.com; Helpline No. 0124-4302020/21/22/23/24, for help a bidder in e-auction contact to Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. 7080804466; E-mail id: -mpcg@c1india.com or E-mail ID: support@bankeauctions.com
2. इच्छुक निविदाकर्ता को सूचित किया जाता है कि निविदा जमा करने के पूर्व वेबसाईट https://www.bankeauctions.com में उपलब्ध नीलामी बीड प्रपत्र तथा विस्तृत नियमों व शर्तों का अवलोकन कर लें।
3. बिड केवल ऑनलाईन माध्यम से निर्धारित प्रपत्र पर पहचान पत्र की प्रति साथ संलग्न कर जमा करनी होगी (विस्तृत नियम व शर्तों का संदर्भ लें)
4. अग्रिम जमा धरोहर राशि (ईएमडी) हेतु प्रारक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत राशि जो रूपये Rs.Rs.1,62,000.00 (Rupees One Lakh Sixty Two Thousand only) है, RTGS/NEFT/MONEY TRANSFER द्वारा वसूली अधिकारी, ई-नीलामी खाता,, ऋण वसूली अधिकरण जबलपुर के नाम से धारित Account No. 5692799461 in the name of Recovery Officer, E-auction account, DRT Jabalpur with CENTRAL BANK OF INDIA, DHOBIGHAT BRANCH, JABALPUR.(IFSC Code:CBIN0281618) में आवश्यक रूप से जमा करनी होगी तथा उक्त राशि का प्रेषण बिड प्रपत्र में सुस्पष्ट रूप से उल्लेखित करना होगा।
5. निविदा ऑनलाईन माध्यम से दिनांक 18.05.2026 अथवा इसके पूर्व 17.00 बजे तक जमा करनी होगी।
6. ऑनलाईन माध्यम से जमा बिड प्रपत्र तथा अनुलग्नकों की प्रति वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, तृतीय तल, संचार विकास भवन (BSNL बिल्डिंग), रेजीडेंसी रोड, हेड पोस्ट ऑफिस के पास, साउथ सिविल लाईन, जबलपुर को प्रेषित करनी होगी तथा शीघ्र अति शीघ्र भेजने के लिए सर्विस प्रोवाइडर को सूचित किया जाता है और वह, सभी नीलामी के खरीददारों की सूची एवं अन्य दस्तावेज उपलब्ध करावें।
7. ऑनलाईन नीलामी बोली प्राप्त बिड में से अधिकतम बोली से प्रारंभ होगी तथा प्रत्येक बिड वृद्धि राशि न्यूनतम रू. Rs.20,000.00 (Rupees Twenty Thousand only) होगी। ऑनलाईन बिड में समय समाप्त के पूर्व बिड डालने पर सिस्टम द्वारा अपने आप 5 मिनिट का समय बढ़ता रहेगा।
8. असफल बोली कर्ताओं की अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर द्वारा उसी खाते में वापिस की जायेगी, जिससे कि उस का भुगतान हुआ है तथा इस संबंध में कोई भी पूछताछ स्वीकार्य नहीं होगी। इच्छुक निविदाकर्ता द्वारा अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) जमा किये जाने के पश्चात वे जब तक असफलत बोली कर्ता घोषित नहीं किये जाते तब तक ईएमडी राशि वापस नहीं ले सकते अन्यथा राशि जप्त कर ली जायेगी।
9. सफल बोलीकर्ता को विक्रय उसके पक्ष में घोषित किये जाने की स्थिति में, 25 प्रतिशत बोली राशि (ईएमडी राशि को समायोजित करते हुए) अगले दिन RTGS/NEFT/MONEY TRANSFER के द्वारा कंडिका-4 में उल्लेखित खाते में जमा करनी होगी।
10. सफल बोली कर्ता को विक्रय मूल्य की शेष 75 प्रतिशत राशि एवं विक्रय मूल्य का 1 प्रतिशत पोन्डेज शुल्क तथा रू. 10 (प्रति संपत्ति अलग-अलग) सहित नीलामी के 15 दिनों के अंदर या यदि 15 वां दिन रविवार अथवा अन्य अवकाश हो तो, 15 वें दिन पश्चात प्रथम कार्यालयीन दिवस को उपरोक्त उल्लेखित क्रमांक 4 में दर्शित खाते में समयावधि में भुगतान करना होगा। भुगतान में चूक करने पर संपत्ति की नई विक्रय उद्घोषणा जारी करने के पश्चात पुनः विक्रय की जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उक्त राशि शासन के पक्ष में जप्त कर ली जायेगी तथा तत्पश्चात विक्रय होने वाली संपत्ति अथवा राशि के किसी अंश पर चूककर्ता बोलीकर्ता के समस्त दावे समपहृत होंगे।
11. संपत्ति ''जहां है जैसी है तथा बिना किसी शिकायत'' के आधार पर विक्रय की जायेगी।
12. संपत्ति का निरीक्षण दिनांक 04.05.2026 प्रातः 12 बजे से 16 बजे तक किया जा सकेगा।
13. संपत्ति प्रारक्षित मूल्य से कम मूल्य पर विक्रय नहीं की जायेगी।
14. वसूली अधिकारी को किसी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने या बिना कोई कारण बताये नीलामी को आगे बढ़ाने या स्थगित करने का निर्बाध अधिकार होगा।
15. इच्छुक निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे Mr.Amit Kumar Sahu, Chief Manager, Mob. No. 9348907154 में उपलब्ध संपत्ति के स्वत्वाधिकार विलेख का निरीक्षण करले तथा संपत्ति की पहचान एवं विवरणी सही होने तथा प्रभारों आदि की पड़ताल कर ले। इस संबंध में वसूली अधिकारी किसी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा। संपत्ति का विवरण बैंक द्वारा प्रदत्त दस्तावेज पर आधारित है।
16. ई-नीलामी के संबंध में विवरण M/s. C-1 India Pvt. Ltd., website: https://www.bankeauctions.com; Helpline No. 0124- 4302020/21/22/23/24, for help a bidder in e-auction contact to Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. 7080804466; E-mail id:-mpcg@c1india.com or E-mail ID: support@bankeauctions.com.
17. संपत्ति से संबंधित अधिक जानकारी Mr.Amit Kumar Sahu, Chief Manager, Mob. No. 9348907154 से प्राप्त की जा सकती है।
18. इच्छुक निविदाकर्ता ई-नीलामी प्रकिया में अपने स्वयं के कार्यालय/स्वेच्छा के स्थान से बोली लगाने हेतु सम्मिलित हो सकते हैं। प्रत्येक निविदाकर्ता द्वारा इंटरनेट कनेक्टीविटी स्वतः सुनिश्चित करनी होगी। डीआरटी/बैंक/सेवा प्रदाता किसी भी प्रकार से इंटरनेट कनेक्टीविटी, नेटवर्क समस्या, तंत्र विक्षेप, विद्युत व्यवधान आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

स्थान : जबलपुर
दिनांक- 24.03.2026
मुहर
(प्रीति देसाई)
वसूली अधिकारी 1

# प्रफुल्ल और वैभव फिर आमने-सामने, जरूरी अंक हासिल करने भिड़ेंगे राजस्थान और हैदराबाद

एजेंसी ▸▸ जयपुर

राजस्थान रॉयल्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में शनिवार को जब सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैदान पर उतरेगी, तो उसकी कोशिश अपने घरेलू मैदान पर दबदबा कायम रखने के साथ-साथ दोनों टीमों के बीच हुए पिछले मुकाबले का हिसाब बराबर करने की भी होगी। यह मुकाबला आईपीएल के इस चरण में बेहद अहम माना जा रहा है, जहां दोनों टीमें जरूरी अंक हासिल करने की कोशिश में होंगी। सनराइजर्स ने प्रफुल्ल हिंगे और साकिब हुसैन की शानदार गेंदबाजी के बूते दोनों टीमों के बीच 13 अप्रैल को खेले गए पहले चरण के मुकाबले को 57 रन से जीता था। रॉयल्स ने हालांकि उस हार से उबरते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 40 रन की जीत से अच्छी वापसी की है। मैच शाम 7.30 बजे से।



### लक्ष्य को कड़े मुकाबले में करना पड़ा हार का सामना

# थॉमस कप : भारत ने कनाडा पर की शानदार जीत हासिल

एजेंसी ▸▸ होर्सेंस

लक्ष्य सेन को कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा लेकिन आयुष शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी ने जीत दर्ज की, जिससे 2022 के चैंपियन भारत ने थॉमस कप फाइनल के अपने पहले ग्रुप ए मुकाबले में कनाडा पर 4-1 से शानदार जीत हासिल की।

लक्ष्य सेन को शानदार प्रयास के बावजूद दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी विक्टर लाई से 18-21, 21-19, 21-10 से हार का सामना करना पड़ा। इसके विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग की जोड़ी ने जोनाथन बिंग त्सान लाई और केविन ली को 21-10, 21-11 से हराकर मुकाबले को 1-1 से बराबर कर दिया।



### आयुष ने यांग को हराकर दिलाई बढ़त

एशिया चैंपियनशिप के उपविजेता 20 वर्षीय आयुष ने फिर दुनिया के 33वें नंबर के खिलाड़ी ब्रायन यांग को 39 मिनट में 21-13, 21-17 से हराकर भारत को 2-1 की बढ़त दिला दी। दूसरी युगल जोड़ी हरिहरन अमसकरुणन और एमआर अर्जुन ने टाइ अलेक्जेंडर लिंडेमैन और नाइल याकुरा पर 21-7, 21-15 की शानदार जीत के साथ भारत की जीत सुनिश्चित कर दी।

### लक्ष्य और लाई के बीच थकाने वाला मुकाबला

लक्ष्य और लाई के बीच थकाने वाला मुकाबला रहा, जिसने ऑल इंग्लैंड सेमीफाइनल की याद दिलाई। लक्ष्य शुरुआत में नियंत्रण में दिखे, ने सटीक नेट प्ले और स्मैश से शुरुआती दौर में दबदबा बनाए रखा। हालांकि लाई को अंत में लय मिलनी शुरू हो गई। उन्होंने 14-18 के स्कोर से पिछड़ने के बाद अंतर कम किया लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने पहला गेम जीतने के लिए अच्छा प्रदर्शन किया। लक्ष्य ने अपने प्रतिद्वंद्वी पर लगातार दबाव बनाया। पर लाई ने शटल की गति कम करके लक्ष्य की लय बिगाड़ दी। लाई फिर बढ़त बनाने में कामयाब रहे, लक्ष्य ने स्कोर एक समय 19-19 से बराबरी हासिल की। पर लाई ने तुरंत एक तेज नेट विनर लगाया और दूसरा गेम जीत लिया।

### निर्णायक गेम में लाई का नियंत्रण

निर्णायक गेम में लाई ने शुरुआत में ही नियंत्रण बनाते हुए 4-1 की बढ़त बनाई और इसे बढ़ाकर 10-3 कर दिया। फिर उन्होंने स्कोर 16-8 तक पहुंचा दिया।
आखिरकार उन्हें मैच जीतने के कई मौके मिले और जब लक्ष्य का शॉट कोर्ट से बाहर चला गया तो उन्होंने मैच जीत लिया। इस तरह उन्होंने बर्मिंघम में मिली हार का बदला ले लिया।





# चीन के हाथ लगा अंतरिक्ष का एलियन मटेरियल! रात के अंधेरे में चमकता है

**बीजिंग।** चांद की धरती से पृथ्वी पर एक ऐसा 'मेहमान' आया है, जिसने वैज्ञानिकों को हैरान कर दिया है। चांद से टूटकर चीन में गिरे एक दुर्लभ पत्थर के सीने में वैज्ञानिकों ने एक ऐसे खनिज की खोज की है, जो अंधेरे में किसी एलियन मटेरियल जैसे चमकता है। यह सिर्फ एक पत्थर का टुकड़ा नहीं, बल्कि चंद्रमा के अरबों साल पुराने इतिहास की चाबी हो सकता है।

जब भी समान से टूटता हुआ तारा देखाई देता है तो अक्सर लोग तुरंत दुआएं मांगते हैं, लेकिन इस बार एक टूटता हुआ तारा वैज्ञानिकों को हैरान कर दिया है। आसमान से गिरे एक चमकीले पत्थर ने सबको चौंकाया है। यह पत्थर चांद से निकलकर चीन में गिरा है। जिसको लेकर रिसर्चर्स ने वो राज बताया है, जो अरबों साल से चांद की गहराई में दफन था। चीनी वैज्ञानिकों ने धरती पर गिरे एक चंद्र उल्कापिंड के अन्दर एक बिल्कुल नए खनिज की खोज की है। जो न सिर्फ चंद्रमा के इतिहास को समझने में मदद करेगी, बल्कि भविष्य के लिए भी मददगार साबित हो सकती है।

### चीन ने ये रखा नाम

चीन के भूवैज्ञानिक सर्वे के मुताबिक, चांद से आए इस नए खनिज का नाम सेरियम-मैग्नीशियम चेंगासाइट रखा गया है। यह चांद की धरती पर पाए जाने वाला अब तक का 11वां खनिज है, जिसे धरती वाले लोगो जानते हैं। खास बात यह है कि यह खनिज चीन में गिरे पहले चंद्र उल्कापिंड के नमूनों में पाया गया है, जिससे वैज्ञानिकों को प्रयोगशाला में चांद की प्राकृतिक सामग्री का अध्ययन करने का दुर्लभ मौका मिला।



### चांद के छिपे राज खोलेगा यह पत्थर

इस खनिज में दुर्लभ पृथ्वी तत्व यानी रेयर अर्थ एलिमेंट्स, मैग्नीशियम और लोहे का मिश्रण है। रिसर्चर्स का कहना है कि यह मिक्सर यह समझने में मदद करेगा कि अरबों साल पहले चंद्रमा की सतह और उसका भीतरी हिस्सा किन प्रक्रियाओं से गुजर कर बना था। चांद से आया यह पत्थर सिर्फ विज्ञान तक सीमित नहीं है। इस खनिज की संरचना को समझकर वैज्ञानिक धरती पर नए सिंथेटिक मटेरियल बना सकते हैं। इससे इलेक्ट्रॉनिक्स और एनर्जी सेक्टर में नई क्रांति ला सकती है।

### अंधेरे में चमकना है इसकी खूबी

इस खनिज की सबसे हैरान कर देने वाली बात इसका फ्लोरोसेंट है। खास स्थिति में यह खनिज रोशनी पैदा करता है, माने इस पत्थर में एलियन मटेरियल है। वैज्ञानिकों का मानना है कि इस गुण का इस्तेमाल अगली पीढ़ी की एलईडी लाइटों और दूसरे एडवांस इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसों को बनाने में किया जा सकता है।

## रोचक खबरें



### यहां पर नारियल फोड़ता देख रोने लगते हैं लोग, वजह जानकर हो जाएंगे हैरान

**जकार्ता।** दुनिया में कई तरह की जनजातियां पाई जाती हैं। इनमें इंडोनेशिया में रहने वाली लामाहोलोट जनजाति भी शामिल है। इसमें एक रहस्यमयी अनुष्ठान किया जाता है, जो इनकी परंपरा है। इस रहस्यमयी अनुष्ठान से लोग किसी की अप्राकृतिक मौत की वजह की जानकारी हासिल करते हैं। इस परंपरा को लेवाक तापो कहते हैं। इस अनुष्ठान में नारियल को फोड़ा जाता है और जब ऐसा करते हैं, तो लोग रोने लगते हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इंडोनेशिया में पूर्वी नुसा तेंगारा के पूर्वी फ्लोरेस और लेम्बाटा जिलों के कुछ द्वीपों लामाहोलोट जनजाति के लोग निवास करते हैं। इनकी मान्यता के मुताबिक, लेवाक तापो अनुष्ठान लामहोलोट लोगों के लिए अपने देवता और पूर्वजों की आत्माओं दोनों के साथ बातचीत करने का एक माध्यम है। लामाहोलोट समुदाय मानता है कि जिनकी कम उम्र में या अप्राकृतिक तरीकों से मौत होती है, जैसे हत्या, दुर्घटना से, वे अपने पिछले जन्म के पापों या पूर्वजों के अनसुलझे पापों का दंड भुगतते हैं। आने वाली पीढ़ियों में इस तरह की मौतों पर रोक लगाने के लिए और वजह जानने के लिए लेवाक तापो अनुष्ठान किया जाता है।

### 4 साल के छोटे बच्चे को पढ़ाने के लिए 1.8 करोड़ रुपए का पैकेज

**बीजिंग।** चीन के बीजिंग के एक अमीर फैमिली ने अपने 4 साल के बेटे के लिए ट्यूटर की तलाश में नौकरी का ऐसा ऑफर दिया है, जिसने लोगों को चौंका दिया है। इस जॉब के लिए ट्यूटर को सालाना 1 लाख 68 हजार यूरो यानी लगभग 1.8 करोड़ रुपए मिलेंगे। हालांकि, इसके साथ ही परिवार वालों की कई खास शर्तें भी हैं, आइए उनके बारे में विस्तार से जानते हैं। डेली स्टार में छपी एक रिपोर्ट के अनुसार,



परिवार को एक 'विशिष्ट रूप से अंग्रेजी' की जानकार, शारीरिक तौर पर फिट और युवा महिला ट्यूटर की तलाश है, जो बच्चों के साथ काम करने में इंटरेस्ट रखती हो। साथ ही, उसका ऊर्जावान होना भी जरूरी है। इस फैमिली की एक मांग ये भी है कि ट्यूटर पारंपरिक और कंजरवेटिव सोच वाली होनी चाहिए, क्योंकि वे बच्चे की परवरिश भी उसी दिशा में करना चाहते हैं। ट्यूटर को 4 साल के 'अत्यधिक सक्रिय' बच्चे और उसकी 1 साल की छोटी बहन की शिक्षा से जुड़ी जिम्मेदारी उठानी होगी। विज्ञापन में ये भी बताया गया कि दोनों बच्चों के बीच 'सिबलिंग कॉनफ्लिक्ट' भी है, जिसे संभालना भी ट्यूटर की भूमिका का पार्ट होगा। पढ़ाने के साथ-साथ ट्यूटर को कई नैनी के साथ मिलकर काम करना पड़ेगा।

### किसान ने करवाया आलू-टमाटर का मिलन, पैदा हो गया पोमाटो

**नई दिल्ली।** किसी एक पौधे पर आलू की जड़ें और टमाटर की शाखाएं हो सकती हैं। सुनने में अजीब लगता है ना? लेकिन ये अब हकीकत बन चुका है। सोशल मीडिया पर इन दिनों पोमाटो नाम का एक अनोखा पौधा खूब चर्चा में है। भारतीय किसान ने आलू और टमाटर को ग्राफ्टिंग (कलम लगाने) की पुरानी तकनीक से जोड़कर यह चमत्कार पैदा किया है। इन पौधों की जड़ों में आलू उग रहे हैं और ऊपर की डालों पर लाल-लाल टमाटर लदे हुए हैं। ये तरीका हैरान करने वाला है। 'पोमाटो' पोटाटो और टोमाटो के मेल से बना नाम है। ये हाइब्रिड बीज से नहीं, बल्कि



ग्राफ्टिंग से तैयार किया जाता है। इसमें आलू के पौधे को रूटस्टॉक (जड़ वाला हिस्सा) बनाया जाता है और टमाटर की शाखा को उस पर कलम लगाई जाती है। दोनों सोलानेसी परिवार के पौधे हैं, इसलिए वे एक-दूसरे से अच्छी तरह जुड़ जाते हैं। दोनों पौधे सोलानेसी परिवार के हैं, इसलिए उनके ऊतक एक-दूसरे से जुड़ सकते हैं। आलू की जड़ें भोजन संग्रह करती हैं, जबकि टमाटर की शाखाएं फल देती हैं। ग्राफ्टिंग के बाद पौधा दोनों कार्य करता है– नीचे आलू और ऊपर टमाटर। लेकिन, इसे उगाने में चुनौतियां भी कम नहीं है। ग्राफ्टिंग में सफलता दर 70-80% तक रहती है। पौधे को शुरू में विशेष देखभाल चाहिए। नमी, तापमान और सपोर्ट की जरूरत होती है। साथ ही इसकी पैदावार हमेशा ज्यादा नहीं होती। इसलिए व्यावसायिक स्तर पर अभी इसका अभी सीमित इस्तेमाल हो रहा है।

# जिंदगीभर के कपड़े और आलीशान बंगला खरीद लेंगे फिर भी बचेंगे पैसे

**नासा के एक स्पेससूट की कीमत होती है 100 करोड़ रुपए**

वॉशिंगटन। फैशन की दुनिया में आपने तो लाखों के कपड़ों के बारे में सुना होगा, लेकिन क्या आपको पता है कि अंतरिक्ष की दुनिया का आउटफिट की क्या कीमत होती होगी। एस्ट्रोनॉट्स जिस सूट को पहनकर अंतरिक्ष में जाता है, वह लाखों में नहीं बल्कि करोड़ों में आता है। नासा के एक स्पेससूट की कीमत इतनी भारी-भरकम है कि हम अपने पूरी जिंदगी के कपड़े खरीद सकते हैं और फिर भी पैसे बच जाएंगे। नासा के एस्ट्रोनॉट्स जब अंतरिक्ष में जाते हैं तो वो जो सूट पहने होते हैं, वो बिलकुल भी साधारण नहीं होता है। वह एक स्पेसशिप जैसा होता है। उसी सूट की सहायता से उन्हें वैक्यूम, गर्मी, बहुत ज्यादा ठंड, रेडिएशन और छोटे-छोटे मेटियॉरॉइड्स से चीजों से बचाता है। अगर बात करें नासा के स्पेससूट की कीमत लगभग 12 मिलियन डॉलर यानी लगभग 100 करोड़ रुपए होती है।



### आखिर क्या होता है स्पेससूट में

नासा के स्पेससूट को 16 लेयर्स से बनाया जाता है। सभी लेयर एक खास तरह के मटेरियल से बनी होती है, जो प्रेशर को कम ज्यादा नहीं होने देती, टेंपरेटर को कंट्रोल रखती है और एस्ट्रोनॉट को खतरों से बचाती है। सूट के साथ हेलमेट भी एस्ट्रोनॉट को पहनना होता है, हेलमेट की कीमत लगभग 3 लाख डॉलर यानी 2.5 करोड़ रुपए, जूते और लेग्स 11 लाख डॉलर से ज्यादा, दस्ताने 7 लाख डॉलर वहीं चेस्ट सिस्टम भी 11 लाख डॉलर का होता है। सबसे महंगा हिस्सा बैकपैक लाइफ-सपोर्ट सिस्टम है, जिसकी कीमत करीब 70 लाख डॉलर होती है। यह बैकपैक ऑक्सीजन सप्लाई का काम करता है, कार्बन डाइऑक्साइड बाहर निकालता है, साथ ही बॉडी टेम्परेचर को भी कंट्रोल करता है और कम्युनिकेशन सिस्टम को चलाता भी है। स्पेस में एक छोटी सी गलती भी बहुत खतरनाक हो सकती है। इसलिए हर पार्ट को बहुत लंबे रिसर्च, टेस्टिंग और सर्टिफिकेशन के बाद ही फाइनल किया जाता है। पुराने समय में 1970 के दशक में बने स्पेससूट की कीमत 15-22 मिलियन डॉलर के ऑस पास थी, जो आज के मुद्रास्फीति के हिसाब से 83-150 मिलियन डॉलर होती है, यह भारतीय रुपये में कहें तो लगभग 700-1250 करोड़ रुपए के बराबर।



### इतने महंगे होने का कारण?

अब आप यह जरूर सोच रहे होंगे कि स्पेससूट के महंगे होने के पीछे क्या कारण है? तो इसका जवाब है सेफ्टी. नासा सूट की कीमत का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा सेफ्टी और कंट्रोल सिस्मट के लिए खर्च करता है। हर कंपोनेंट की टेस्टिंग हजारों बार की जाती है। मटेरियल्स जैसे केव्लर, गोर-टेक्स और स्पेशल पॉलिमर बहुत ही महंगे होते हैं। इसके साथ ही रिसर्च और डेवलपमेंट पर भी जो खर्च आता है वह अरबों में होता है। सूट रीयूजेबल होते हैं, लेकिन हर मिशन के बाद मेंटेनेंस और अपग्रेडेशन की आवश्यकता होती है। एस्ट्रोनॉट्स बिना स्पेसशूट के दो मिनट भी जिंदा नहीं रह सकते हैं। यह सूट प्रेशर मेंटेन करता है जिससे खून उबल ना जाए, ऑक्सीजन देता है और शरीर को कंट्रोल में रखे।

### और भी एडवांस सूट हो रहे तैयार

नासा लगातार अंतरिक्ष मिशन की तैयारी कर रहा है, जिसको लेकर नए और एडवांस सूट भी तैयार किए जा रहे हैं। नासा अपने नए आर्टेमिस मिशन के लिए एक्सप्लोरेशन एक्स्ट्रावेहिकुलर मोबिलिटी यूनिट सूट तैयार कर रहा है। जिसकी बनाने की कीमत पहले से ही 1 बिलियन डॉलर यानी लगभग 8350 करोड़ रुपए से ज्यादा आ चुकी है। एक्सिओम स्पेस और कॉलिन्स एयरोस्पेस जैसी बड़ी-बड़ी कंपनियों की भी नासा ने 3.5 बिलियन डॉलर तक का कॉन्ट्रैक्ट दिया है, जिससे लूनर मिशन के लिए सूट तैयार हो सके।

# तोड़े विज्ञान के नियम, 30 हजार फीट गहराई में मिला रहस्यमयी जीव

**टोक्यो।** जापान के पास रयुक्यू ट्रेंच की गहराई में वैज्ञानिकों ने एक रहस्यमयी, पारदर्शी समुद्री जीव खोजा है, जिसने विशेषज्ञों को हैरान कर दिया है। लगभग 30 हजार फीट नीचे मिले इस जीव की पहचान अभी तक तय नहीं हो पाई है। यह बेहद कठिन परिस्थितियों में भी जीवित पाया गया, जहां दबाव बहुत ज्यादा होता है। इसकी बनावट किसी ज्ञात प्रजाति से मेल नहीं खाती। इस खोज ने गहरे समुद्र में जीवन की नई संभावनाओं को उजागर किया है। यह जीव सफेद और लगभग पारदर्शी दिखाई देता है, और इतनी गहराई में इसका मिलना अपने आप में बेहद असामान्य है। इस अनोखी खोज को यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के शोधकर्ताओं ने फिलीपीन सागर के पास एक विशेष अभियान के दौरान अंजाम दिया। वैज्ञानिकों ने हाई-डेफिनिशन कैमरों की मदद से इसे करीब 29,977 फीट की गहराई पर रिकॉर्ड किया। गौर करने वाली बात यह है कि इतनी गहराई पर पानी का दबाव नॉर्मस से लगभग 1,000 गुना ज्यादा होता है। ऐसे हालात में किसी भी जीव का जीवित रहना लगभग असंभव माना जाता है, लेकिन यह जीव वहां सामान्य रूप से तैरता हुआ दिखाई दिया।



### इस जीव को लेकर जारी है रिसर्च

इस रहस्यमयी प्राणी को फिलहाल 'एनिमेलिया इन्सर्टा सेडिस' नाम दिया गया है। इसका अर्थ है कि वैज्ञानिक अभी इसकी सही कैटेगरी तय नहीं कर पाए हैं। देखने में यह किसी समुद्री स्लग या नूडीब्रांच जैसा लगता है, लेकिन इसके शरीर पर बने अजीब तरह के उभार इसे बाकी जीवों से बिल्कुल अलग बनाते हैं। इसकी शारीरिक बनावट ऐसी है, जो अब तक ज्ञात किसी भी समुद्री जीव से मेल नहीं खाती।

### स्टॉक क्रिनोइड्स और मांसाहारी स्पंज भी मिले

इस अभियान का लीड करने वाले चीफ साइंटिस्ट प्रोफेसर जेमिसन के अनुसार, जापान के आसपास की समुद्री खाइयों में जीवन की विविधता उम्मीद से कहीं ज्यादा है। इस शोध के दौरान वैज्ञानिकों को 1,500 से अधिक स्टॉक क्रिनोइड्स और मांसाहारी स्पंज भी मिले। टीम ने केवल रयुक्यू ट्रेंच ही नहीं, बल्कि जापान ट्रेंच और इजु-ओगासावारा ट्रेंच की भी गहराई से जांच की। इन क्षेत्रों में कुल मिलाकर 108 अलग-अलग प्रकार के जीवों के समूह पाए गए।

### पहचान को लेकर शोध अभी जारी

वैज्ञानिकों के सामने सबसे बड़ी चुनौती इस नए जीव को किसी ज्ञात फाइलम या प्रजाति समूह में शामिल करना है। इसकी अनोखी संरचना और व्यवहार इसे पूरी तरह अलग श्रेणी में खड़ा करते हैं। यही कारण है कि इसकी पहचान को लेकर शोध अभी जारी है। गहरे समुद्र की इन खाइयों में जीवन की स्थिति बेहद कठिन होती है। वहां न तो पर्याप्त रोशनी होती है और न ही भोजन की भरपूर उपलब्धता. इसके बावजूद वहां जीवों की विविधता आश्चर्यजनक है। प्रोफेसर जेमिसन के मुताबिक, रयुक्यू ट्रेंच में भोजन की कमी के कारण ब्रिटल स्टार्स की संख्या अधिक है, जबकि जापान ट्रेंच में सी कुकुम्बर ज्यादा पाए जाते हैं। यह दर्शाता है कि हर क्षेत्र में पर्यावरण के अनुसार जीवों का वितरण अलग-अलग होता है।

**अनछुए हिस्सों में छिपे हैं कई रहस्य** : इस खोज ने यह साबित कर दिया है कि पृथ्वी के सबसे गहरे और अनछुए हिस्सों में अब भी कई ऐसे रहस्य छिपे हैं, जिनके बारे में इंसान को बहुत कम जानकारी है। समुद्र की गहराइयों का अध्ययन भविष्य में जीवन के नए रूपों और पारिस्थितिकी तंत्र को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

**भूल जाएंगे एसी, बिजली बिल भी आएगा जीरो!**

# 3 हजार साल पुराने देसी तरीके से घर रहेगा 50 फीसदी ठंडा

**नई दिल्ली।** गर्मी से बचने के लिए आज हम एयर कंडीशनर और कूलर का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन, ये न केवल महंगे होते हैं, बल्कि पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचाते हैं। जिस प्रकार से बिजली के बिल आसमान छू रहे हैं, आने वाले समय में एसी हर किसी के बस की बात नहीं रहने वाली है। ऐसे समय में गर्मी से बचने का एक पुराना भारतीय तरीका फिर से चर्चा में आ गया है। हजारों साल पहले इस्तेमाल होने वाली यह तकनीक आज के दौर में भी उतनी ही कारगर साबित हो रही है। एक नई



स्टडी बताती है कि इस देसी उपाय से घर के अंदर की गर्मी को आधा तक कम किया जा सकता है, वह भी बिना बिजली खर्च किए।

### 3000 साल पुराना देसी ज्ञान फिर चर्चा में

भारत में पुराने समय से ही लोग बिना एसी के गर्मी से राहत पाने के तरीके जानते थे। उस दौर में न मशीनें थीं, न बिजली, लेकिन घर फिर भी ठंडे रहा करते थे। एक नई रिपोर्ट में बताया गया है कि टेराकोटा यानी मिट्टी से बनी चीजों का इस्तेमाल घरों को ठंडा रखने में किया जाता था। इन टेराकोटा की नलियों को एक ढांचे में फिट किया जाता है। जब इन नलियों पर पानी डाला जाता है और गर्म हवा इनके अंदर से गुजरती है, तो वाष्पीकरण के कारण हवा का तापमान गिर जाता है। यह बिल्कुल वैसे ही काम करता है, जैसे मिट्टी का मटका पानी को ठंडा रखता है। यह तकनीक करीब 3000 साल पुरानी मानी जाती है और आज भी उतनी ही असरदार है। इसकी बनावट मधुमक्खी के छत्ते जैसी दिखती है।

# सनकी प्रेमी ने गर्लफ्रेंड के चेहरे और बदन पर गोद दिए अपने नाम के 250 टैटू

**न्यूयार्क।** इश्क में जुनून तो सुना था, पर नीदरलैंड की जोक (Joke) के साथ जो हुआ वह किसी डरावनी फिल्म से कम नहीं है। जोक के एक्स बॉयफ्रेंड ने अपनी दीवानगी और अधिकार जताने के चक्कर में जोक के शरीर को एक 'नोटबुक' बना दिया। उसने एक सस्ती ऑनलाइन मशीन मंगवाई और जोक की मर्जी के खिलाफ उसके चेहरे, गर्दन और पूरे बदन पर 250 बार अपना नाम 'हंस' और उसके शुरुआती अक्षर गोद दिए। जोक का आरोप है कि उसका पूर्व प्रेमी उसे सालों तक पिंजरे में कैद परिंदे की तरह रखता था। उसे शारीरिक और मानसिक तौर पर इतना प्रताड़ति किया गया कि वह खुद को नशे के दलदल में झोंकने पर मजबूर हो गईं। आलम यह था कि महिला के शरीर का करीब 90 फीसदी हिस्सा स्याही से काला हो चुका था, जैसे वह कोई इंसान नहीं, बल्कि किसी की पर्सनल प्रॉपर्टी हो।

### चेहरे पर नफरत की स्याही और बेबस कानून

एक रिपोर्ट के अनुसार, जोक ने जब पुलिस का दरवाजा खटखटाया, तो



वहां भी उसे निराशा ही हाथ लगी। उस शातिर शख्स ने बड़ी चालाकी से कह दिया कि, ये सब तो जोक की रजामंदी से हुआ है। अब भला कोई अपनी आंखों, नाक और संवेदनशील अंगों पर इतने भद्दे टैटू क्यों बनवाएगा? इसी कानूनी पेच की वजह से उसे सजा दिलवाना पहाड़ चढ़ने जैसा हो गया। टैटू रिग्रेट संस्था के एंडी हान कहते हैं कि यह सिर्फ टैटू नहीं, बल्कि किसी के वजूद को मिटाने की कोशिश थी। वह शख्स जोक को पूरी तरह अपने कंट्रोल में रखना चाहता था, ताकि कोई और उसे देख भी न सके।

### मिट रहे हैं जख्मों के निशान

अंधेरी रात के बाद जोक की जिंदगी में अब उम्मीद का सूरज निकला है। टैटू रिग्रेट नाम की एक संस्था देवदूत बनकर सामने आई और जोक के इलाज के लिए 35,000 डॉलर (करीब 29 लाख रुपए) से ज्यादा का चंदा इकट्ठा किया। अब लेजर सर्जरी के जरिए जोक के चेहरे से वे काली यादें मिटाई जा रही हैं। जोक का कहना है कि अगर वह इस नर्क से बाहर निकल सकती है, तो दुनिया की कोई भी पीड़ति महिला हार नहीं माननी चाहिए।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com